धनबाद
बुधवार 18.02.2026
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-354 पृष्ठ- 12
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-1
संवत 2082

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑब्जर्वर



# भारत-फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं, हमारे रिश्ते समंदर से गहरे, पहाड़ से ऊंचे : पीएम मोदी

### पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैंक्रों के बीच हुई द्विपक्षीय बातचीत



**मुंबई (ईएमएस):** देश की कारोबारी राजधानी मुंबई से आई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसिसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तस्वीरों ने दोनों देशों के बीच की गहरी दोस्ती को साफ बयां कर दिया है। तस्वीरों में दोनों नेता बेहद गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाते और एक-दूसरे का अभिवादन करते दिख रहे हैं, जो केवल कूटनीति नहीं बल्कि एक मजबूत व्यक्तिगत तालमेल को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात के दौरान दोनों के चेहरों पर बड़ी मुस्कान और एक-दूसरे के प्रति सम्मान साफ दिखाई दिया, जो द्विपक्षीय वार्ता के सकारात्मक माहौल को दिखाता है। इसके कुछ देर बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं है। हमारे रिश्ते समंदर से गहरे और पहाड़ से ऊंचे है। हमारे बीच हो रहा फ्री ट्रेड समझौता ऐतिहासिक है।

मैक्रों के साथ मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा, वर्ष २०२६ भारत और यूरोप के संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट है। कुछ ही दिन पहले हमने यूरोपियन यूनियन के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया। यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भारत और फ्रांस संबंधों में भी अभूतपूर्व गति लाएगा। आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए आज हम एग्रीमेंट कर रहे हैं, जिससे हमारे लोगों और हमारी कंपनी को डबल टैक्स न देना पड़े। इन सभी पहलुओं से आपसी ट्रेड, निवेश और मोबिलिटी को नई ऊर्जा मिलेगी। और यही शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी का रोडमैप है। इंडिया फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के लांच से अब हम अपनी स्ट्रेटेजिक साझेदारी को पार्टनरशिप ऑफ द पीपल बनाने जा रहे हैं। क्योंकि इनोवेशन आइसोलेशन में नहीं, कोलबोरेशन से होता है। इसलिए इंडिया फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन में हमारा लक्ष्य लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करने का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज हम महत्वपूर्ण खनिजों, जैव प्रौद्योगिकी और एडवांस मैटेररिल्स में अपना सहयोग मजबूत कर रहे हैं। हम स्वास्थ्य के लिए 'इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर एआई', ▶▶ 8

# सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बजट सत्र की तैयारी को लेकर हाई लेवल मीटिंग

### सत्ता के पक्ष के मंत्री और विधायक रहे मौजूद



**रांची (एजेंसी):** झारखंड विधानसभा के षष्ठम सत्र के पंचम (बजट) सत्र (१८ फरवरी से १९ मार्च २०२६) के सुचारु संचालन और बजट की रूपरेखा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कक्ष, झारखंड विधानसभा में हुई इस बैठक में राज्य की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में अपनी भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ हुई बातचीत से राज्य में निवेश के नए अवसर खुल सकते हैं। उन्होंने ट्राईबल वेलफेयर, छात्रवृत्ति और जनहित से जुड़े मुद्दों को भी बजट में प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बजट सत्र समय पर और पूरी तैयारी के साथ आयोजित हो। उन्होंने वित्त विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विभागीय तैयारी में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिए भी पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

इधर १८ फरवरी से १९ मार्च २०२६ तक आहूत बजट सत्र की तैयारियों को ▶▶ 8

## एस जयशंकर ने कहा, भारत की जन केंद्रित नीतियां उसे भरोसेमंद बनाती



**मुंबई (ईएमएस):** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुश्किल दौर में भारत के ताकतवर बनने के संकल्प को ग्लोबल इकोनॉमिक कोऑपरेशन समिट में रेखांकित किया। ये शिखर सम्मेलन १७-१९ फरवरी तक देश की कारोबारी राजधानी मुंबई में आयोजित हो रहा है। इसमें विकसित और विकासशील देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। फ्यूचर इकोनॉमिक कोऑपरेशन काउंसिल (एफईसीसी) का ये आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से ▶▶ 8

## तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बने

### संसद भवन में शपथ ली, 25 कैबिनेट और 24 राज्य मंत्री सरकार में शामिल होंगे



**ढाका (ईएमएस):** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। रहमान के अलावा २५ कैबिनेट मंत्रियों और २४ राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री भी शामिल है। २५ कैबिनेट मंत्रियों में से १७ नए चेहरे हैं। राज्य मंत्रियों में से २४ नए हैं। प्रधानमंत्री तारिक रहमान भी पहली बार मंत्रिमंडल के सदस्य बन रहे हैं।

इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, १२ फरवरी संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें ६२ प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के ▶▶ 8

## असम में सिंगल फेज में हो सकता है विधानसभा चुनाव

मार्च की शुरुआत में ऐलान, अप्रैल के पहले हफ्ते में वोटिंग की संभावना

**गुवाहाटी (ईएमएस):** असम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक असम की सभी १२६ सीटों पर सिंगल फेज में वोटिंग की संभावना है। मार्च के पहले हफ्ते यानी ४-८ मार्च के बीच तारीखों का ऐलान हो सकता है। अप्रैल के पहले हफ्ते में वोटिंग हो सकती है। असम में १० साल से भाजपा की सरकार है। पार्टी तीसरे चुनाव की तैयारियों में जुटी है। पीएम मोदी ६ महीने में ४ बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। यहां पार्टी ने १२६ सीटों में से १००+ सीटें जीतने का टारगेट रखा है। असम में बांग्लादेश, घुसपैठियों/सीमा सुरक्षा, असमिया पहचान जैसे मुद्दे हैं। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस ने १० पार्टियों के साथ गठबंधन किया है। इसमें वामपंथी और क्षेत्रीय दल शामिल हैं। असम में मौजूदा सरकार का कार्यकाल मई २०२६ में खत्म होगा।

## समुद्र में 3 संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

**मुंबई (ईएमएस):** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए है। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंमनी ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफजिआ है। इन्हें मुंबई तट से लगभग १०० नॉटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका ▶▶ 8



# संपादकीय | क्या है न्यायपालिका का 'इन-हाउस' जांच तंत्र

न्यायपालिका लोकतंत्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्तंभ होता है, जो कानून के शासन को बनाए रखने और संविधान की मौलिकता के संरक्षण में अहम भूमिका निभाता है। भारत में न्यायपालिका को न्याय का मंदिर कहा जाता है, जहां विवादों का निस्तारण कर नागरिक अधिकारों की रक्षा की जाती है। किसी भी तरह की परेशानी या जटिल परिस्थिति में नागरिकों के लिए न्यायपालिका अंतिम आस होती है। ऐसे में अगर न्यायिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठने लगे, तो उस भरोसे का क्या होगा, जो न्याय की उम्मीद पर टिका होता है।

यह चिंता सरकार के उन आंकड़ों से उपजी है, जिनमें कहा गया है कि देश के प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय को वर्ष 2016 से अब तक मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ 8,600 से अधिक शिकायतें मिली हैं। सरकार की ओर से शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी गई, जिसके मुताबिक वर्ष 2024 में सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। यानी समय के साथ शिकायतों का यह सिलसिला बढ़ रहा है।दरअसल, लोकतंत्र में न्यायपालिका से उम्मीद की जाती है कि वह निष्पक्षता, पारदर्शिता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करेगी। नागरिक अधिकारों की रक्षा करना न्यायपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, इसलिए वह जनता के लिए साहस और आत्मविश्वास का स्रोत भी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी इसकी भूमिका अहम है। आम आदमी की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक प्रणाली की शुचिता को बनाए रखना बेहद जरूरी है और यह तभी संभव हो पाता है, जब



न्यायिक अधिकारियों का आचरण पूरी तरह पाक-साफ हो। इसमें दोराय नहीं कि विधायिका और कार्यपालिका की तुलना में आम नागरिक न्यायपालिका पर अधिक निर्भर रहते हैं, क्योंकि उन्हें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा होता है। न्यायिक प्रक्रिया भी तभी निष्पक्ष और निर्भीक हो सकती है, जब वह किसी भी तरह के अनुचित हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त हो। नियमानुसार उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों का निपटारा न्यायपालिका द्वारा 'आंतरिक तंत्र' के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दो प्रस्ताव पारित किए गए थे, जिनके तहत शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के अनुपालन के लिए कुछ मानक और सिद्धांत निर्धारित किए गए थे। इनका पालन न होने पर आंतरिक प्रक्रिया के तहत संबंधित न्यायिक अधिकारियों पर कार्रवाई की जाती है। मगर, न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतें बढ़ने का क्रम यह दर्शाता है कि आंतरिक जांच प्रक्रिया या तो धीमी है या फिर उसमें कोई बाधा उत्पन्न हो रही है। न्यायपालिका में भी भ्रष्टाचार के मामले यदाकदा सामने आते रहते हैं, लेकिन उनकी जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय सीमा का अभाव नजर आता है। पिछले वर्ष मार्च में सामने आए एक न्यायाधीश के दिल्ली स्थित आवास पर जले हुए नोटों की गड्डी मिलने के मामले में अब तक कोई खास प्रगति न होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर यह मामला किसी प्रशासनिक अधिकारी या आम नागरिक से जुड़ा होता, तो जांच प्रक्रिया अब तक काफी आगे पहुंच गई होती। इस स्थिति के पीछे उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के मामलों में जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया का जटिल ढांचा भी एक बड़ा कारण है, जिसे सरल एवं स्पष्ट बनाए जाने की जरूरत है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में नागरिकों का भरोसा कायम रहे।

## किस राह चलेगी बांग्लादेश की नई सरकार



बांग्लादेश में हुए चुनावों के बाद जैसे नतीजे आए हैं, उससे साफ है कि अब वहां सत्ता और सियासत का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। खासतौर पर इसलिए भी कि वहां कुल 300 में से बीएनपी यानी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को अकेले 209 सीटें मिली हैं। इसके बरक्स जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगियों को सत्तहत्तर सीटें मिली हैं। जबकि वर्ष 2024 में बांग्लादेश में हुई व्यापक उथल-पुथल के दौरान छात्र आंदोलनों से निकली एनसीपी यानी नेशनल सिटिजंस पार्टी को सिर्फ छह सीटें मिल सकीं। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग ने चुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। अब संभावना यही है कि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान के हाथों में देश की कमान होगी। गौरतलब है कि बीएनपी ने अपने चुनाव अभियान की शुरुआत 'बांग्लादेश सबसे पहले' के नारे के साथ की थी। अब जबकि बीएनपी को देश के मतदाताओं ने भारी बहुमत से जिताया है, तो उसके बाद यह देखने की बात होगी कि नई सरकार अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मोर्चे पर इस नारे को किस हद तक केंद्र में रख पाती है। खासतौर पर चीन ने जिस तरह बांग्लादेश में दीर्घकालिक हित के मद्देनजर लंबी अवधि के लिए भारी निवेश किया है, उसमें नई सरकार के लिए अपने देश के हित के सवालों पर 'सबसे पहले' की नीति सुनिश्चित करना संवेदनशील फैसला होगा। मगर बांग्लादेश की असली परीक्षा भारत के साथ अपने संबंधों की दिशा तय करने के संदर्भ में होगी। दरअसल, इस क्षेत्र की भौगोलिक हकीकत यह तय करती है कि बांग्लादेश के संबंध में भारत की भूमिका निर्णायक रहेगी। बांग्लादेश की करीब चौरानबे फीसद सीमा भारत के साथ लगी हुई है। यानी सुरक्षा और व्यापार के मामले में बांग्लादेश के लिए भारत की अनदेखी करना आसान नहीं होगा। बहुत कुछ इस पर निर्भर होगा कि मतभेद के कई बिंदुओं के बावजूद बांग्लादेश की नई सरकार भारत को लेकर क्या रुख अपनाती है। हाल के समय में बांग्लादेश में जिस तरह का तीव्र ध्रुवीकरण देखा गया, उसे संभालना और फिर से सहज माहौल बनाना वहां की नई सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

## आज का कार्टून




# आखिर सेवा तीर्थ से उपजते सियासी सवालों के जवाब कब तक मिलेंगे?

पीएम नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ के उद्घाटन के बाद महिलाओं, युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उनके प्रमुख फैसले में पीएम राहत योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा, ताकि तत्काल चिकित्सा सहायता से जान बचाई जा सके। और लखपति दीदी लक्ष्य के अंतर्गत महिलाओं के लिए लक्ष्य को दोगुना कर 6 करोड़ करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना शामिल है। वहीं अन्य निर्णय के तहत कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये करना, किसानों को मजबूत समर्थन देना शामिल है। जबकि स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को मंजूरी, युवाओं और उद्यमियों के लिए नई संभावनाएँ खोली जाएंगी। इस प्रकार ये फैसले सेवा तीर्थ के 'नागरिक देवो भव' मंत्र को साकार करते हैं, जो 12-13 फरवरी 2026 को लिए गए।

कमलेश पांडे

कहते हैं कि शब्द ब्रह्म है और हर शब्द अपने मंत्रमय भावमय अस्तित्व से आकार ग्रहण करते हुए देर-सबेर साकार होता है। इस दृष्टिकोण से दूरद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नाम परिवर्तन' द्वारा जनमानस की सोच में बदलाव की जो मुहिम चलाई है, वह सुसंस्कृत भारत के निमित्त 'नाम/विचार परिवर्तन यात्रा' अनवरत रूप से जारी है। इसी कड़ी में हमारा 'गवर्नमेंट ऑफ भारत' अपने 'लोककल्याण मार्ग' (सेवन रेस कोर्स) व 'कर्तव्य पथ' (राजपथ) होते हुए अब 'सेवा तीर्थ' (पीएमओ) तक के अपने वैचारिक सफर को पूरा कर चुका है।

पहले नया संसद भवन और अब कर्तव्य भवन 1 और 2 इसकी बानगी भर हैं जबकि अन्य बदलाव भी प्रक्रियाधीन हैं और नाम-भवन परिवर्तन द्वारा, भाव परिवर्तन यात्रा गतिमान है। वास्तव में, यह नया बदलाव नया भारत यानी गवर्नमेंट ऑफ भारत (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) के मार्फ़त लिए हुए फैसलों में सिर्फ 'मिल का पत्थर' भर है, और विगत लगभग एक दशक में हमलोग ऐसे ही कुछेक महत्वपूर्ण मिल के पत्थरों को पार करते हुए इस अहम मुकाम तक चुके हैं।

देखा जाए तो अमृत भारत और विकसित भारत के दृष्टिगत ये नाम, विचार व भवन बदलाव यात्रा गतिमान है, जिसके नीति आयोग (योजना आयोग) जैसे अहम सियासी व प्रशासनिक मायने हैं। लिहाजा, विपक्ष इस आधुनातन सोच-समझ की आलोचना अपने तरीके से कर रहा है, लेकिन यहां हम मीडिया यानी चौथे स्तम्भ के नाते इस अहम निर्णय से जुड़े जनपक्ष को लेकर कुछ सवाल उठाएंगे और जवाब भी मिले, इसकी प्रतीक्षा करेंगे। यह ठीक है कि प्रधानमंत्री कार्यालय का पता औपनिवेशिक दौर की साउथ ब्लॉक इमारत से बदलकर अब सेवा तीर्थ परिसर हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपने नए ऑफिस से महिलाओं, किसानों और युवाओं से जुड़े कई अहम फैसले भी लिए। इससे मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, 'सेवा परमो धर्म की भावना ही नए सेवा तीर्थ परिसर की आत्मा है। यह केवल भवन नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संकल्प का प्रतीक है। आज का संकल्प और परिश्रम ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा। चूंकि शासन का केंद्र अब नागरिक हैं। इस भवन में लिया गया हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से होना चाहिए।'

इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो टूक कहा कि 'आजादी के बाद नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतों से देश के लिए नीतियां बनीं, कई निर्णय हुए। यह भी सच है कि ये पुरानी इमारतें ब्रिटिश हुकूमत का, गुलामी का प्रतीक थी। गुलामी की इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी था। साल 2014 में देश ने यह तय किया कि गुलामी की मानसिकता और नहीं चलेगी। हमारे इन फैसलों के पीछे हमारी सेवा भावना है।'

यदि उनके नजरिए से देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ जैसे लोकतांत्रिक तीर्थ के उद्घाटन के मौके पर यह कहकर बौद्धिक हलचल मचा दी है कि 'पुरानी इमारतें ब्रिटिश हुकूमत का, गुलामी का प्रतीक थी। गुलामी की इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी था। साल 2014 में देश ने यह तय किया कि गुलामी की मानसिकता और नहीं चलेगी। हमारे इन फैसलों के पीछे




हमारी सेवा भावना है।'

ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुलामी के किन-किन प्रतीकों को बदलेंगे और कब तक बदलेंगे? और क्या इसकी कोई समय सारणी तय हुई है या फिर इनमें भी वह ईसाइयों द्वारा निर्मित भवन को पहले और मुस्लिम शासकों द्वारा निर्मित भवन को बाद में बदलेंगे? क्योंकि बहुमत प्राप्ति के दृष्टिगत सियासत भी जरूरी है और गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति भी! क्योंकि भारत तो इस्लामिक आक्रमणकारियों और ईसाई कारोबारियों दोनों का 800 वर्षों तक गुलाम रहा है।

वहीं खास बात तो यह कि देश को गुलाम बनाए रखने का बौद्धिक हथियार यानी फूट डालो और शासन करो (डिवाइड एंड रूल) जैसे गुलामी मंत्र ' जाति आधारित आरक्षण' और ' धर्म आधारित अल्पसंख्यक' वाले सोच को प्रधानमंत्री कब तक बदलेंगे? या फिर हिंदुओं व मुस्लिमों में कभी फूट डालने और कभी एक जुट करने के ये हथियार अकसर नया धार पाते रहेंगे?

साथ ही, मुगलिया दस्ता के प्रतीक और मुगल बादशाह शाहजहां द्वारा निर्मित उस 'लालकिला' परिसर को कब तक बदलेंगे, जहां पर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री हर वर्ष राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फ़हराते हैं और राष्ट्रीय हित व जनहित से जुड़े अपने महत्वपूर्ण सम्बोधन देते आये हैं। जी हां, देशवासी पूरी राम कथा जानना चाहते हैं! क्योंकि कुछ तो उनके शागिर्दों के सियासी हथियार तक बन चुके हैं।

यह ठीक है कि राम मंदिर निर्माण (कथित बाबरी मस्जिद के भग्नावशेष पर) करके और नया संसद भवन व कर्तव्य भवन 1 और 2 (ब्रिटिश शासकों द्वारा निर्मित भवनों के बगल में या उनकी जगह पर) का निर्माण करके, जिसमें सेवा तीर्थ भी शामिल है, प्रधानमंत्री ने यादगार शुरुआत कर दी है, लेकिन आगे कहां तक, कब तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी, लोगों में जानने की उत्सुकता है, क्योंकि गुलामी की दासता के ढेर से प्रतीक अब भी हमारे शासन प्रतिष्ठान और जनमानस को मुंह चिढ़ाते प्रतीत हो रहे हैं, जिन्हें अविलंब बदला जाना चाहिए।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पहले अपने नए पीएम ऑफिस 'सेवा तीर्थ' की शुरुआत की। फिर शाम को कर्तव्य भवन 1 और 2 का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल खट्टर और डॉ. जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति भी रही, जिनकी अहम मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने इन नवनिर्मित परिसरों का लोकार्पण किया।

अब यहां पर सरकार के कई बड़े दफ्तर और मंत्रालय एक ही जगह पर होंगे। चूंकि पहले ये दफ्तर अलग-अलग जगहों पर, पुराने भवनों में चलते थे। इसलिए काम में देरी होती थी, क्योंकि अफसरों को एक-दूसरे से मिलने में परेशानी होती थी और आम लोगों को भी अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब सेवा तीर्थ परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय एक साथ काम करेंगे। यानी देश के बड़े फैसलों से जुड़े दफ्तर एक ही जगह होंगे, जिससे फैसले जल्दी होंगे और कामकाज में तालमेल बेहतर रहेगा।

यही नहीं, चूंकि कर्तव्य भवन-1 और 2 में कई अहम मंत्रालयो को जगह दी गई है। इनमें वित्त, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, कानून, सूचना एवं प्रसारण, संस्कृति, रसायन एवं उर्वरक, जनजातीय कार्य और कॉरपोरेट कार्य जैसे मंत्रालय शामिल है। इसका फायदा यह होगा कि लोगों को अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग जगह भटकना नहीं पड़ेगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ के उद्घाटन के बाद महिलाओं, युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उनके प्रमुख फैसले में पीएम राहत योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा, ताकि तत्काल चिकित्सा सहायता से जान बचाई जा सके। और लखपति दीदी लक्ष्य के अंतर्गत महिलाओं के लिए लक्ष्य को दोगुना कर 6 करोड़ करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना शामिल है।

वहीं अन्य निर्णय के तहत कृषि अवसंरचना निधि को दोगुना बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये करना, किसानों को मजबूत समर्थन देना शामिल है। जबकि स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को मंजूरी, युवाओं और उद्यमियों के लिए नई संभावनाएँ खोली जाएंगी। इस प्रकार ये फैसले सेवा तीर्थ के 'नागरिक देवो भव' मंत्र को साकार करते हैं, जो 12-13 फरवरी 2026 को लिए गए।

हालांकि कुछ आलोचक लोग तो यहां तक कह रहे हैं कि सेवा तीर्थ द्वारा अब आरक्षण जैसे मेवा का प्रसाद मुंह देखकर बांटा जाएगा और कथित सामाजिक न्याय आधारित हिंदुत्व के जयकारे चटखारे पूर्वक लगते रहें, इसके मुकम्मल इंतजाम किए जाएंगे। इस प्रकार यह एक नया राजनीतिक-सामाजिक तीर्थ बना दिया जाएगा। शायद भारत इसी कोशिश से विश्व गुरु बन जाये।

# स्वर्ग से कम नहीं है अच्छे काम करना और सुखमय जीवन जीना

जो व्यक्ति जितना सुखी है या पूरी तरह से स्वस्थ है, तो वह जीवन में एक तरह से वास्तविक स्वर्ग का जीवन जी रहा है। अगर उसके जीवन में ईर्ष्या, द्वेष, षड्यंत्र आदि दुर्गुण भरे हुए हैं, तो उसका जीवन अपने आप में नरक है। वह कुंठित होकर अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि वह अपने नारकीय जीवन को पहचान नहीं पाता। वह अपनी धूर्त मानसिकता और हल्केपन को अपनी चालाकी समझता है और हर घड़ी दूसरे के अहित को अपनी उपलब्धि मानकर प्रसन्न रहता है।

गिरीश पंकज

ईश्वर को किसी ने नहीं देखा। पुनर्जन्म होता या नहीं, इसके बारे में भी कहा नहीं जा सकता, लेकिन एक डर लोगों के मन में बैठा रहता है। हमेशा बैठाया भी जाता है कि अच्छे काम करोगे, तो अगले जन्म में मनुष्य बनकर पैदा होगे और बुरे काम करोगे तो तरह-तरह के पशुओं में तुम्हारा जन्म होता रहेगा। चौरासी लाख योनियों में भटकने की बात धर्मग्रंथ करते हैं। व्यक्ति के मन में भय इसलिए पैदा किया जाता है कि वह नैतिक दृष्टि से ठीक-ठाक रहे। उसके अंदर मानवता, करुणा, सच्चाई, ईमानदारी जिंदा रहे। जिस समाज में ऐसे सज्जनों की बहुलता रहती है, वह समाज खुशहाल रहता है। इसलिए सदियों से हमारे धर्मग्रंथों और ऋषि-मुनियों ने मनुष्यों में सदाचरण पर जोर दिया और उस सदाचरण को बरकरार रखने के लिए उन्होंने स्वर्ग-नरक की कथाएं भी रचीं। सच्चाई यह है कि इस स्वर्ग-नरक को किसी ने देखा नहीं है, लेकिन धर्मभीरू समाज के मन में यह बात बिठा दी गई है कि ईश्वर हमें देख रहा है... हमारे हर गलत सही काम पर उसकी नजर है। इस भय से ही आम इंसान जीवन में गलत काम करने से बचता है। यह सिर्फ एक कल्पना है और एक तरह से मनुष्य को सन्मार्ग दिखाने, उस पर चलाने की एक उत्तम प्रविधि है। जैसे आजकल



बहुत सारे अपराध सिर्फ इसलिए नहीं होते कि जगह-जगह खुफिया कैमरे लगे होते हैं और किसी दीवार पर एक पंक्ति लिखी होती है कि 'आप कैमरे की निगाह में हैं।' पहले लोगों से कहा जाता था कि आप ईश्वर की निगाह में हैं। उस चेतावनी को बहुत कम लोग मानते थे, लेकिन इस भौतिक चेतावनी को लोग गंभीरता से मानते हैं और गलत काम करने से बचते भी हैं। ज्यादा दुस्साहसी अपराधी पहले खुफिया कैमरे को तोड़ भी देते हैं।

कुछ लोग कहते हैं कि स्वर्ग-नरक सब यहीं है। अच्छे काम करना और सुखमय जीवन जीना स्वर्ग से कम नहीं है। और बुरे काम करके उसका कुपरिणाम भोगना नरक है। यह सभी महसूस भी करते हैं। अपने सामने ऐसा घटित होते देखते भी हैं। न जाने कितने अरबपति व्यापारी, भ्रष्ट नेता या घोटालेबाज अफसर बेईमानी की कमाई करने के बाद एक दिन जब गिरफ्तार होकर जेल भेज दिए जाते हैं, तो लोग यही कहते हैं कि देखो, उन्हें अपने किए का फल मिल गया। कल तक वे स्वर्ग भोग रहा थे, आज नरक भोग रहे हैं।

दूसरी तरफ स्वर्ग वे भोग रहे होते हैं, जो संतोषी हैं और सुखी हैं। लोग जब दान-पुण्य करते हैं, तो उनके अंतर्मन में एक सुखानुभूति होती है। यह सुखद अनुभूति किसी स्वर्ग से कम नहीं है। उदार मन का धनी व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा दान करता है, तो उसकी ख्याति बढ़ती जाती है। तब उसके मन को जो परमानंद मिलता है, दरअसल वही स्वर्ग है।

जो व्यक्ति जितना सुखी है या पूरी तरह से स्वस्थ है, तो वह जीवन में एक तरह से वास्तविक स्वर्ग का जीवन जी रहा है। अगर उसके जीवन में ईर्ष्या, द्वेष, षड्यंत्र आदि दुर्गुण भरे हुए हैं, तो उसका जीवन अपने आप में नरक है। वह कुंठित होकर अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि वह अपने नारकीय जीवन को पहचान नहीं पाता। वह अपनी धूर्त मानसिकता और हल्केपन को अपनी चालाकी समझता है और हर घड़ी दूसरे के अहित को अपनी उपलब्धि मानकर प्रसन्न रहता है।

जिस दिन ऐसे लोग आत्म-मंथन करते हुए यह विचार करने लगेंगे कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई', तो वे अपना रास्ता बदल सकते हैं। वे अपने हृदय को निर्मल कर लें, उदार कर लें और यह सोचने लगें कि सभी सुखी रहें, सभी निरोगी रहें, सभी का कल्याण हो, तो फिर उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आ जाएगा। धर्म-कर्म के पथ पर चलने वाले सच्चे लोग इसीलिए भीड़ में भी अलग दिखाई देते हैं।

धर्म-कर्म पर चलने का अर्थ यह नहीं कि लोग कट्टर हो जाएं और अपने-अपने धर्म के लिए आपस में भिड़ जाएं। अनेक लोग जीवन की सार्थकता लोक कल्याण के कार्य को ही समझते हैं। यही सच्ची धार्मिकता है। सोशल मीडिया के दौर में हम सब अनेक ऐसे वीडियो देखते हैं, जिसमें कोई पुलिसवाला किसी गरीब की मदद कर रहा है, उसे खाना खिला रहा है, कोई अमीर व्यक्ति फटेहाल बच्चों को अच्छे कपड़े पहना रहा है, कोई किसी की झोंपड़ी को पक्का करवा रहा है। परमार्थ के आने के वीडियो हम सब देखते हैं।

कुछ लोग अपनी लघु फिल्मों के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना की दिशा में लगे हुए हैं। यह सारे कार्य हृदय को प्रसन्नता से भर देते हैं। जो इसे देखता है प्रसन्न होता है। कुछ संदेश ग्रहण करता है। फिल्म बनाने वाले को भी संतोष होता है कि उसने एक नेक काम किया। श्रेष्ठ साहित्य की रचना करके भी सुख की अनुभूति होती है। कहने का मतलब यह है कि स्वर्ग-नरक सब यहीं है। श्रेष्ठ कर्म स्वर्ग है और निकृष्ट कर्म नरक। जो विवेकवान हैं, वे इस मर्म को समझते हैं। जो जानबूझकर भी अनजान बने रहते हैं, उनके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

# मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, जनसभा में दिखा उत्साह





धनबाद/सिंदरी (कासं) : सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में दोपहर से शुरू हुआ कार्यक्रम जनसमर्थन की ऐतिहासिक मिसाल बन गया। मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह के समर्थन में विभिन्न क्षेत्रों में भारी भीड़ उमड़ी और पूरे दिन क्षेत्र संजीव सिंह जिंदाबाद के नारों से गूंजता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सिंदरी के राजा बस्ती में सतीश महतो के आवास से हुई, जहाँ रवि शंकर सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पुष्पमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद काफिला सेल गेट (चासनाला), सेफ्टी ऑफिस, वर्क शॉप, चासनाला ग्राउंड, महासक्ति ग्राउंड और शिव शक्ति ग्राउंड पहुँचा, जहाँ बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने समर्थन व्यक्त किया।

हेट कांड्रा बस्ती और कांड्रा दुर्गा मंदिर में भी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कोल बोर्ड कॉलोनी, बाबा लोकनाथ मंदिर (पुराना फाड़ी), चूड़ी पट्टी और गौशाला बाजार में जनसंपर्क के दौरान व्यापारियों एवं आमजन ने अपने मुद्दों को रखा, जिस पर संजीव सिंह ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

अटल चौक पर माल्यार्पण कर उन्होंने क्षेत्र के महापुरुषों को नमन किया। डोमगढ़ शिव मंदिर, डीवीसी कॉलोनी (छोटा डोमगढ़) और सिंदरी बस्ती में भी जनसैलाब उमड़ा और लोगों ने निर्दलीय प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन नेहरू मैदान (सिंदरी) में आयोजित विशाल जनसभा के साथ हुआ, जहाँ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जनसभा को संबोधित करते हुए संजीव सिंह ने कहा सिंदरी की यह ऐतिहासिक उपस्थिति बता रही है कि जनता बदलाव चाहती है। मैं राजनीति नहीं, सेवा की भावना से चुनाव मैदान में उतरा हूँ। सिंदरी और धनबाद के हर वार्ड में विकास, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी। आपका यह स्नेह और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याएँ- सड़क, पानी, सफाई, स्वास्थ्य और युवाओं के रोजगारउनकी प्राथमिकता रहेंगी। पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। जगहजगह पुष्पवर्षा, गाजेबाजे और नारों के बीच संजीव सिंह को जनता का अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद मिला। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र का यह दौरा चुनावी माहौल में नई ऊर्जा और जोश भरने वाला साबित हुआ।

# ट्रक से पिकअप वैन की टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

धनबाद (कासं) : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर कीया शोरूम के समीप सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक पिकअप वैन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

लोगों व राहगीरों ने तुरंत बरवाअड्डा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने आमिर नामक एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। जहां दो घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

पिकअप वैन चालक रोहन प्रसाद ने बताया कि वे लोग सासाराम से मछली उतार कर अपने घर कोलकाता लौट रहे थे। बरवाअड्डा के पास नेशनल हाईवे पर एक १२ चक्का ट्रक खड़ा था, लेकिन उसमें पार्किंग लाइट नहीं जल रही थी। जिस कारण ट्रक दिखाई नहीं दिया और पिकअप वैन ट्रक के पीछे जा टकराई। पिक अप वैन चालक रोहन प्रसाद ने यह भी बताया कि हादसे के समय पिकअप में चार लोग सवार थे, जिसमें से एक सुरक्षित है, तीन घायल हुए और उनमें से एक की मौत हो गई।

हादसे में पिकअप वैन का







जानकारी के अनुसार, सासाराम से मछली अनलोड कर वापस कोलकाता लौट रही बंगाल नंबर की पिकअप वैन (डब्ल्यू बी २३एम८७०२) ने सड़क किनारे खड़े १२ चक्का ट्रक (बीआर२८ जीए७१२७) के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप वैन में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। वाहन के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बरवाअड्डा थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक और घायल सभी कोलकाता के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

# महापौर प्रत्याशी रवि चौधरी का जनसंपर्क अभियान



धनबाद (कासं) : धनबाद महापौर प्रत्याशी रवि चौधरी का जनसंपर्क कार्यक्रम चासनाला स्थित कल्याणेश्वरी मन्दिर से आर्शिवाद लेने के बाद शुरू हुआ। चासनाला कल्याणेश्वरी मन्दिर से चुनावी रैली शुरू होकर नुतनडीह बस्ती, गौशाला, पंचमुखी हनुमान मन्दिर, डोमगढ़, सिन्द्री बस्ती, अम्बेदकरनगर, रोहढ़ाबाद, मनोहरटांड़, साई मन्दिर, एसीसी जामाडोबा बस्ती होकर शहरपुरा बाजार पर समाप्त हुई। रैली के क्रम में रवि चौधरी ने आमजनों से उन्हें वोट करने की अपील की तथा जनता जर्नादन का समस्या सुनते गए।

रैली के क्रम में सिन्द्री बस्ती, अम्बेदकरनगर एवं एसीसी जामाडोबा बस्ती में उनका भव्य स्वागत किया गया एवं तीनों स्थान पर सभा को संबंधित किए। उक्त रैली में उनके साथ मदन प्रसाद, रवि महतो, प्रदीप अग्रवाल, अनेस यादव, मनोज साव, सुकेश मालाकार, विपिन लाला, बिनोद सिंह चौधरी, राकेश चंचल आदि उपस्थित थे।

## बच्चा चोर की अफवाह से सावधान : धनबाद पुलिस

धनबाद (कासं) : शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बच्चा चोर की अफवाहों को लेकर लोगों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएँ सामने आई हैं, जिनमें भीड़ ने केवल शक के आधार पर राह चलते लोनों, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या अपरिचित मजदूरों को पकड़कर मारपीट कर दी। बाद में पुलिस जांच में अधिकांश मामलों में पीड़ित व्यक्ति निर्दोष पाए गए।

दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुपों में प्रसारित अपुष्ट वीडियो व संदेश इस तरह की घटनाओं का मुख्य कारण बन रहे हैं। कई वीडियो अन्य राज्यों या पुराने मामलों के होते हैं, जिन्हें स्थानीय घटना बताकर न्यूज़ की तरह वायरल कर दिया जाता है। इससे लोगों में अचानक आक्रोश फैलता है और भीड़ कानून अपने हाथ में ले लेती है।

पुलिस के मुताबिक अफवाहों के कारण अब तक कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। कई मामलों में भीड़ ने पहले पूछताछ या सत्यापन तक नहीं किया। ऐसे मामलों मे अक्सर भीड़ में शामिल लोगों की मनोदशा अचानक उग्र हो जाती है और कुछ मिनटों में सामान्य लोग भी हिंसक व्यवहार करने लगते हैं, जिसका परिणाम गंभीर अपराध के रूप में सामने आता है। धनबाद पुलिस ने लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर मारपीट न करें। यदि किसी पर संदेह हो तो तुरंत स्थानीय थाना अथवा डायल ११२ पर सूचना दें।

# पुलिस ने भगोड़े प्रिंस खान के घर की कुर्कीजब्ती की





धनबाद (कासं) : वासेपुर इलाके में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के घर पहुंची। कोर्ट के आदेश पर कुर्कीजब्ती की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए यह कार्रवाई की गई।

धनबाद के वासेपुर स्थित कमर मखदूमी रोड पर सुबह से ही हलचल तेज हो गई थी। पुलिस वाहनों के पहुंचते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी। प्रशासन की टीम ने पूरे इलाके को घेर लिया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। विधिब्यवस्था प्रभारी नौशाद आलम, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार अपनेअपने दलबल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

कोर्ट से जारी कुर्कीजब्ती के आदेश के तहत पहले की गई कार्रवाई में कुछ हिस्से अधूरे रह गए थे। उसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए दोबारा टीम पहुंची। इस दौरान घर की छत पर लगा शेड उखाड़कर जब्त कर लिया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि कानूनी प्रक्रिया में किसी तरह की कमी न रहे।

कार्रवाई के दौरान इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। वहीं विधि व्यवस्था डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के आवास पर छापेमारी की कार्रवाई की गई है।

स्थानीय लोगों के बीच इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोर्ट के निर्देशों का पालन करना उनकी प्राथमिकता है और उसी के तहत यह कदम उठाया गया है। फिलहाल वासेपुर क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है और प्रशासन आगे भी कानून के तहत कार्रवाई जारी रखने की बात कह रहा है।

# रतन लाल अग्रवाल को इंडस्ट्री ने दी शद्धांजलि





धनबाद (कासं) : इंडस्ट्री ऑफ कॉमर्स में उपाध्यक्ष स्व. रतन लाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी गई। इंडस्ट्री भवन में सदस्यों और पदाधिकारी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने अपना एक पदाधिकारी खो दिया है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कॉमर्स संगठन के अध्यक्ष बीएन सिंह ने कहा कि इस दु:ख की बेला में उनके परिवार को ईश्वर शक्ति प्रदान करें। वरीय उपाध्यक्ष एस के सिन्हा ने कहा कि स्व. रतन लाल अग्रवाल कार्यों को आज भी कॉमर्स संगठन याद रखा है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद से अधिक समय हुए संगठन के समस्याओं के लिए देते थे। श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य और संगठन के अधिकारी उपस्थित थे।

सबों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उनके पुत्रों को संगठन ने पत्र लिखकर संवेदना व्यक्त की है और कहां है कि उनके इस दुख की घड़ी में संगठन साथ है।

# विधायक रागिनी ने की पूजाअर्चना

धनबाद/केंदुआ (कासं) : अमावस्या के उपलक्ष्य पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने पुराना बाज़ार व करकेंद में माँ काली की विधिवत



पूजाअर्चना व माथा टेककर परिवार समेत समस्त कोयलांचलवासियों के सुख समृद्धि और ख़ुशहाली की कामना की। वहीं श्रद्धालुओं से मिल उन्हें अपनी शुभकामनाएँ दी।

## हाईवा में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



केंदुआ (ससे) : केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर चेक पोस्ट काली बस्ती के जाने के मुख्य मार्ग ऑटो वर्कशाप के समीप लगभग ६ बजे खाली हाईवा संख्या जेएच १० एई ७७९७ में अचानक आग लग गया। घटना की सूचना पर केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडे अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और दमकल (अग्निशमन) विभाग को सूचना दिये। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। वही गोधर परियोजना पदाधिकारी अनिल सिंह एवं गोधर प्रबंधक प्रमोद सिंह घटना स्थल पहुंचे। मौके पर बीसीसीएल की दमकल गाड़ी पहुँच कर आग पर काबू पाया। मौके पर झारखंड अग्नि सेवा के दमकल भी घटना स्थल पहुंच आग को बुझाने का काम किया। हाईवा चालक व खलासी मौके से फरार हो गये। वही अन्य खड़े लोगों से बातचीत से पता चला कि हाइवा में आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है।

## शिव मंदिर में महाप्रसाद वितरण व भंडारा का आयोजन



बलियापुर (ससे) : महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में डांगापाड़ा शिव मंदिर में महाप्रसाद वितरण और बालक भोजन का आयोजन किया गया। इसको लेकर मंदिर के पुजारी नागर ठाकुर और कमिटी के सभी सदस्य सुबह से ही लगे रहे।

मंदिर में पूजाअर्चना और महाभोग लगाने के बाद इन्दटांड़, डांगापाड़ा, भुस्काडांगा, कॉलोनी तथा आस पास के क्षेत्र के हजारों महिला, पुरुष और बच्चों ने महाप्रसाद ग्रहण कर बालक भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित हुई और उन्होंने श्रद्धालुओं को खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण कर भंडारा की शुरुआत की गई।

इस महाप्रसाद वितरण में कमिटी के असित कुमार बिद, सुशांत बिद, सुरजीत घोष, तरुण ठाकुर, आनंद श्रीवास्तव, सोमनाथ चंद्र, आशीष धीबर, अनूप प्रमाणिक, निखिल दां, संजय महतो, मंटू भैया, पंकज पाल, श्यामल साधु, करण चौधरी, सूरज शर्मा, अनिकेत धीबर, देव कुमार, प्रसेनजीत कुमार, राजू गोप, आकाश महतो, मुन्ना महतो, जुलन धीबर, आदित्य कुमार, अभिजीत दाँ, किशन महतो, स्वपन मंडल, तापस मुखर्जी आदि सक्रिय रहे।

# मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के जनसंपर्क व पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

धनबाद (कासं) : धनबाद नगर निगम चुनाव के दौरान ऐतिहासिक शहर झरिया में एक नया कीर्तिमान रचा गया। दरअसल, अपने इतिहास में पहली बार झरिया में हुए किसी चुनावी कार्यक्रम में लोगों का इतना बड़ा जनसैलाब उमड़ा, जिसने एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। कार्यक्रम था चिरपरिचित मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा का।

मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल का चुनावी जनसंपर्क अभियान झरिया के जामाडोबा अंतर्गत अयोध्या नगरी स्थित भोलेनाथ का पूजन कर क्षेत्रवासियों के साथ सहज भेंट से शुरू हुआ। इसके बाद मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल का कारवां जामाडोबा के आलम नगर, शास्त्री नगर, डुमरी३ नंबर स्थित शिव मंदिर, डुमरी-४ नंबर स्थिर श्री संकटमोचन मंदिर, गुरुद्वारा साहिबजी, भौरा स्टेशन, डिगवाडीह बाजार, झरिया हुसैन नगर, झरिया ऊपरकुल्ही तक पहुंचा। इस दौरान मेयर प्रत्याशी ने क्षेत्र के परिवारजनों से सहज मुलाकात कर उनसे सीधा संवाद कर उनके विचारों को जाना, साथ ही पूर्व मेयर सह मेयर प्रत्याशी ने



विकसित धनबाद को लेकर अपनी योजनाओं को भी उनके साथ साझा किया। सबसे बड़ी बात मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के साथ इस दौरान हजारों लोगों की भीड़ देखी गई, जो नि:स्वार्थ उनके समर्थन में उनके कदम से कदम मिलाकर चल रही थी।

वहीं इस दौरान जुटे हजारों समर्थकों के आग्रह पर मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल ने दुखहरणी मंदिर से झरिया इंदिरा चौक तक एक पदयात्रा निकाला। जिसमें मौजूद लोगों की भीड़ ने अपार जनसमर्थन का एक रिकॉर्ड स्थापित कर दिया।

वहीं, इस दौरान लोगों की भीड़ ने स्पष्ट रूप में कहा कि मेयर प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल धनबाद का इकलौता प्रत्याशी है, जो अन्य सभी मेयर प्रत्याशियों के साथ न तो वाद-विवाद में पड़ते है और न ही किसी के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप करते हैं। लोगों ने कहां उनका बस एक ही नारा, कैसे विकसित बने धनबाद हमारा।

## एक्सपोजर विजिट के लिए छात्रों का दल आईटीआई रवाना



पुटकी (ससे) : जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद के निर्देशानुसार पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय बालूडीह मुनीडीह के छात्रों का वेकेशन एक्स्पोज़र विजिट शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बाघमारा एवं कतरास स्थित आईटीआई संस्थान का भ्रमण कराया गया। दुबराजडीह पंचायत के मुखिया रमेश कुमार सिंह, बरडूभी पंचायत के मुखिया मनोज कुमार सिंह ने हरा झंडा दिखाकर बस (विजिटर टीम) को रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट टीम में क्लास ६, ७ और ८ के लगभग १०० बच्चे शामिल थे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रदेव प्रसाद, उमेश प्रसाद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, पिंकी कुमारी, सलोनी चंपई एवं अभिभावक लोग, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण शामिल थे।

# सीएसआईआर-सिम्फर ने कौशल विकास कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**धनबाद (कासं):** सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सिम्फर) धनबाद ने आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके सटीक सर्वेक्षण पर चार दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम २० तक चलेगा और राजकीय पॉलिटेक्निक भागा और राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद के खनन और सिविल इंजीनियरिंग विभागों के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है।



उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर-सिम्फर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा, प्रौद्योगिकी प्रबंधन और आईएसटीएजी के अनुसंधान समूह (एचओआरजी) के प्रमुख श्री अमरनाथ, मानव संसाधन विकाश विभाग के प्रमुख, दिलीप कुम्भकार, माइन सबसिडेंस और सर्वेयिंग के अनुसंधान समूह के प्रमुख डॉ. अमर प्रकाश एवं नोडल ऑफिसर, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, साथ में डॉ. अनिकेत वर्मा और डॉ. अभय कुमार भारती, साइंटिस्ट, सबसिडेंस और सर्वेयिंग, इन सभी ने उद्घाटन सत्र में हिस्सा लिया।

उद्घाटन सेशन में कुल २५ स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम की शुरुआत डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह के वेलकम एड्रेस से हुई, जिन्होंने एकेडमिक नॉलेज और इंडस्ट्री की ज़रूरतों के बीच के गैप को कम करने के लिए स्किल-ओरिएंटेड ट्रेनिंग के महत्व पर ज़ोर दिया।


इसके बाद डॉ. अमर प्रकाश ने ट्रेनिंग टॉपिक का ओवरव्यू दिया, और मॉडर्न इंजीनियरिंग प्रैक्टिस के लिए इसकी ज़रूरत पर ज़ोर दिया। अमरनाथ ने उन सुविधाओं और सपोर्ट के बारे में डिटेल में बताया जो सीएसआईआर-सिम्फर चार दिन के प्रोग्राम के दौरान पार्टिसिपेंट्स को देगा।अपने कीनोट एड्रेस में प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा, डायरेक्टर सीएसआईआर-सिम्फर ने सबसिडेंस और सर्वेइंग के कॉन्सेप्ट को समझाया, और माइनिंग और सिविल इंजीनियरिंग दोनों में उनके ज़रूरी रोल पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे सटीक सर्वेइंग न केवल माइन प्लानिंग, माइन डेवलपमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेबिलिटी में बल्कि सैटेलाइट और मिसाइल लॉन्चिंग जैसे एडवांस्ड फील्ड्स में भी ज़रूरी है। प्रो. मिश्रा ने स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग सेशन में एक्टिव रूप से शामिल होने, साइंटिस्ट और फैकल्टी मेंबर से बातचीत करने और प्रोग्राम में जोश और लगन के साथ शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की कोशिशें स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री से जुड़ी एक्सपर्टीज़ देकर करियर डेवलपमेंट में काफ़ी मदद करेंगी।

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संवेदनशील बनें : उपायुक्त.

**बोकारो (ससे):** जिले में इन दिनों मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित हो रही हैं। यह समय हजारों छात्र-छात्राओं के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। वे अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। इसी संदर्भ में मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के आम नागरिकों से संवेदनशील अपील की है कि वह धार्मिक अनुष्ठानों एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में ज्यादा ध्वनि वाले यंत्रों (डीजे आदि ) का प्रयोग करने से परहेज करें। तेज ध्वनि के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई और एकाग्रता प्रभावित हो रही है, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उपायुक्त ने कहा कि *समाज के जिम्मेदार नागरिक के रूप में यह हम सभी का कर्तव्य है कि परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखें। आवश्यक होने पर केवल कम ध्वनि वाले यंत्रों का ही उपयोग करें, ताकि विद्यार्थियों को शांत एवं अनुकूल अध्ययन वातावरण प्राप्त हो सके।

# योगदा सत्संग सोसायटी ने कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम का किया आयोजन

**धनबाद (कासं) :** योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए एक कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं सहायक क्षेत्रीय निदेशक राजेन्द्र टुडू ने भाग लिया।



ईएसआईसी के अधिकारियों का वाईएसएस के संन्यासियों-स्वामी सदानंद एवं ब्रह्मचारी सत्संगानंद-द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान, ईएसआईसी के अधिकारियों ने वाईएसएस के कर्मचारियों को ईएसआईसी योजना के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न लाभों एवं प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन ने वाईएसएस आश्रम में कार्यरत रहे स्वर्गीय अबसालोम टोप्पो के परिवार को पेंशन चेक एवं बकाया राशि औपचारिक रूप से प्रदान की।

स्व. अबसालोम टोप्पो के परिवारजनों ने वाईएसएस के संन्यासियों के प्रति उनके निरंतर सहयोग के लिए तथा ईएसआईसी अधिकारियों के प्रति पेंशन संबंधी औपचारिकताएँ समय पर पूर्ण करने और देय राशि का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## मतदान दलों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें

**बोकारो (ससे):** नगरपालिका आम निर्वाचन २०२६ के तहत आज दिनांक १७ फरवरी, २०२६ को प्रशिक्षण कोषांग द्वारा डीएभी इस्पात विद्यालय सेक्टर-२/सी में चास नगर निगम में मतदान हेतु मतदान दल के कर्मी पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय मतदान पदाधिकारी एवं चतुर्थ मतदान पदाधिकारी का आपसी पार्टी मिलान किया गया, जिसमें कुल १०० मतदान दल उपस्थित हुए। सभी मतदान दल को सुचारू रूप से उनके दल मिलान से लेकर मतदान समाप्ति तक एक दल के रूप में मतदान कर्मियों की जिम्मेदारी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी प्रभाष दत्ता द्वारा दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण को शाम के मास्टर ट्रेनर श्री अमन कुमार झा एवं अन्य मास्टर ट्रेनरो ने अलग-अलग दलों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के दौरान चुनाव संबंधी आवश्यक दस्तावेज, सामग्री वितरण की जानकारी तथा मतदान केंद्रों पर पालन किए जाने वाले नियमों के बारे में भी विस्तार जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने तथा मतदाताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।

## धनबाद पुलिस ने की 1268 वाहनों की सघन जांच

**धनबाद (कासं):** धनबाद में अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पूरे जिले में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार के निर्देशानुसार संचालित हुआ, जिसमें जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सभी थाना प्रभारी स्वयं सड़क पर उतरकर जांच अभियान का नेतृत्व करते नजर आए। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील इलाकों और शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों पर सघन वाहन जांच की गई। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा, वहीं असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। इस विशेष अभियान के तहत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज की गई। चोरी हुए वाहनों की पहचान के लिए दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई तथा संदिग्ध वाहनों को रोककर सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान कुल १२६८ वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, काला शीशा, ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार जैसे मामलों में चालान काटे गए। नशे में वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। संदिग्ध व्यक्तियों की भी गहन तलाशी ली गई, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते रोक लगाई जा सके। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण और आम जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की सतर्कता और जनता के सहयोग से ही अपराध मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



## शैक्षणिक भ्रमण हेतु विद्यार्थियों को किया गया रवाना




**डुमरी (ससे):** झारखंड कॉलेज डुमरी एवं पीएन कॉलेज इसरी बाजार के भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सत्र २०२३-२७ के सेमेस्टर-४ के छात्र छात्राएं विनोबा भावे विश्वविद्यालय सिलेबस मॉड्यूल-खखख (सर्वे ऑफ द एरिया इन झारखंड) के अनुसार शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।शैक्षणिक भ्रमण के लिए कॉलेज के विद्यार्थी मधुबन गए।इस भ्रमण का उद्देश्य झारखंड राज्य के चयनित क्षेत्र का प्रत्यक्ष सर्वेक्षण करना है, जिसमें स्थलाकृति,जल निकास प्रणाली,जैव विविधता तथा मानवीय गतिविधियों के प्रभाव का अध्ययन शामिल है।यह क्षेत्र संबंधित टोपोशीट के आधार पर निकटवर्ती संस्थान से चयनित किया गया है।इस अवसर पर झारखंड कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुजीत माथुर तथा परसनाथ महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो.यशवंत कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया।कार्यक्रम में झारखंड कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो.मनोज कुमार सिंह तथा पीएन कॉलेज के भूगोल विभाग के एचओडी प्रो.बिनोद कुमार अकेला सहित दोनों महाविद्यालयों के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।प्राचार्य डॉ.सुजीत माथुर ने विद्यार्थियों को क्षेत्रीय अध्ययन के दौरान अनुशासन, सुरक्षा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी।वहीं प्रो.यशवंत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार का फील्ड सर्वे विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करता है तथा पाठ्यक्रम की समझ को गहरा बनाता है।भ्रमण दल क्षेत्र में भौतिक संरचना,प्राकृतिक संसाधनों एवं मानव हस्तक्षेप के प्रभाव का अध्ययन कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगा।

## डीसी ने चास के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो (ससे):** नगर पालिका (आम) निर्वाचन २०२६ के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर *ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा* ने चास नगर निगम क्षेत्र के *विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण* किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के क्रम में डीईओ सह डीसी ने निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) को मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप, साफ-सफाई एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था समय रहते पूर्ण कर ली जाए। मतदान केंद्र संख्या २३/०२-०१, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय चास के निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी पाए जाने पर डीईओ सह डीसी ने नाराजगी व्यक्त की।

## सिंह मेंशन की महिलाओं ने मेयर प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क



**धनबाद (कासं):** नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी सह झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के समर्थन में सिंह मेंशन की महिलाओं ने बैंक मोड़ से धनसार चौक तक धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से समर्थन की अपील की। इस दौरान माता कुंती सिंह, संजीव सिंह की बड़ी बहन किरण सिंह, छोटी बहन ज्योति सिंह, छोटे भाई मनीष सिंह की पत्नी मिनी सिद्धार्थ सहित परिवार की अन्य महिलाओं ने घर- घर जाकर लोगों से संजीव सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके अलावे ठेला खोमचा वाले और दुकानदारों से भी समर्थन की अपील की। इस दौरान माता कुंती सिंह ने कहा कि उनका परिवार कई दशकों से झरिया सहित पुरे धनबाद की सेवा में समर्पित है। धनबाद की चहुमुंखी विकाश करना यहां के लोगों की सुरक्षा उनके परिवार की प्राथमिकता है। इस दौरान बैंक मोड़, मटकुरिया रोड, धोवाटांड़, शास्त्री नगर, राजेंद्र मार्केट, उर्मिला टावर इत्यादि इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## निर्वाचन को लेकर 70 वाहनों को जारी हुआ नोटिस

**बोकारो (ससे):** नगरपालिका आम निर्वाचन २०२६ की तैयारियों के तहत वाहन कोषांग पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारुति मिंज द्वारा चुनावी कार्यों के सुचारू से संचालन के लिए ७० वाहनों को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में संबंधित वाहन मालिकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने वाहनों को निर्वाचन कार्य हेतु उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि *सभी वाहन मालिक आगामी दिनांक १९ फरवरी, २०२६ की संध्या तक डीएभी स्कूल सेक्टर ८ बोकारो स्टील सिटी बोकारो* में जमा करने को कहा गया है।

**निर्धारित समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित नियमों के तहत की जाएगी कार्रवाई**

वाहन कोषांग पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारुति मिंज* ने बताया कि चुनाव के दौरान *मतदान कर्मियों के आवागमन, ईवीएम मशीनों के परिवहन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से वाहन कोषांग द्वारा वाहनों का अधिग्रहण (रिक्विजिशन) किया जाता है और वाहन मालिकों को पूर्व सूचना देकर नोटिस जारी किया जाता है। साथ ही कहा कि नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। वाहन कोषांग द्वारा वाहनों का टैगिंग, आवंटन एवं निगरानी जैसे कार्य भी किए जाते हैं ताकि निर्वाचन प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## योगीटांड़ में ग्रामीणों ने बैठक कर जताया अपना विरोध

**डुमरी (ससे):** योगीडीह फुटबॉल मैदान में मंगलवार को प्रखंड के बालुटुंडा, लोहडीह, करमाटोंगरी, खेतको, चिनगीपहरी, बेलमा, योगीडीह, पोरैया, मंझिलाडीह, कोड़ाडीह, शहरपुर, नगरी के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। अध्यक्षता मुखिया अर्जुन महतो व संचालन हमर अधिकार मंच के सचिव चन्द्रदेव कुमार वर्णवाल चन्दु ने किया।बैठक का उद्देश्य गोमों फीडर में कॉमर्शियल लाईन बिना ग्राम सभा किये, रैयत के अनुमति के बिना खेती योग्य कृषि भुमि पर ११००० केवीए का पोल गाड़ कर कृषि भुमि को नष्ट कर,पुराने गोमों फीडर के बगल से ११ हजार वोल्ट का अवैध रुप से न्यु कमर्शियल लाइन खींचा एवं पोल गाड़ा जा रहा है जो पेसा कानून का घोर उल्लंघन है।हम ग्रामीण लोग विकास कार्य का विरोधी नहीं है पर रैयत के अनुमति के बिना इस तरह से मनमाने तरीके से कार्य करने का हम सब विरोध करते हैं तथा विद्युत आपूर्ति विभाग गिरीडीह से यह मांग करते हैं की बिना अनुमति के कृषि योग्य खेतो में गाड़े गये पोल को अबिलम्ब उखाड़ कर कृषि योग्य भूमि को मुक्त करें।अन्यथा मजबुर होकर जन आंदोलन करने को बाध्य होगें। बैठक में पंसस जितेन्द्र यादव, प्रमोद ठाकुर, राजु महतो,फारुख अंसारी,दुर्गा महतो, टिंकु महतो, डेगलाल किस्कु, गुड्डु महतो,दिनेश ठाकुर,रुपलाल महतो, सुनील महतो, अजय कुमार,मिथलेश महतो, संतोष कुमार, राजेश महतो,संदीप ठाकुर,कैलाश महतो, खेम नारायण महतो, फुचन मांझी,सुरेश महतो,भोला महतो आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2026 का शुभारंभ

**बोकारो (ससे):** बोकारो इस्पात संयंत्र इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट चैम्पियनशिप-२०२६ का शुभारंभ दिनांक १७ फरवरी २०२६ को बीएसएल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री कुंदन कुमार ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीईडी) श्री ए. के. अविनाश सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि श्री कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ कर्मचारियों के बीच टीम भावना, आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दीं।उद्घाटन मैच में मिल ज़ोन-१ और एसआरयू के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें मिल ज़ोन-१ ने ६ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

# कुमार अनमोल अपनी उपलब्धियों से कई बार बोकारो का नाम किया है रोशन

**बोकारो (ससे):** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के मेधावी विद्यार्थी कुमार अनमोल ने एक बार फिर अपनी अनमोल प्रतिभा का परिचय देते हुए पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र में कुमार अनमोल ने विद्यालय में सर्वाधिक ९९.७२९ परसेंटाइल अंक हासिल कर अपने विद्यालय, शहर और बोकारो जिले का नाम रोशन किया है। एक खास बातचीत में कुमार अनमोल ने बताया कि इस सफलता के लिए उसने पूरी लगनशीलता और निरंतरता के साथ रोजाना लगभग नौ घंटे पढ़ाई की। बुधवार से उसकी १२वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है और दोनों की तैयारी उसने साथ-साथ की। इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में एनसीईआरटी की किताबों से सेल्फ स्टडी तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार सहित सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन ने की गई पढ़ाई रंग लाई। वह नियमित रूप से विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ एनसीईआरटी की किताबों पर फोकस करता रहा। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने उसकी इस सफलता बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



चास स्थित आईटीआई कॉलेज के प्रशिक्षण पदाधिकारी (ट्रेनिंग आफिसर) रवि रंजन कुमार और गृहिणी कुमारी रंजना के होनहार पुत्र कुमार अनमोल को एरोबिक्स और पजल सॉल्व करने का भी शौक है। वह पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल-मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानता है। आगे चलकर उसकी दिली ख्वाहिश एक सफल कंप्यूटर इंजीनियर बनने की है। नाकामी से घबराने वाले विद्यार्थियों को अपने संदेश में अनमोल ने कहा कि असफलता कभी स्थायी नहीं होती। बल्कि, यह और मेहनत करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। निरंतरता बनाए रखना जरूरी है।

बता दें कि अनमोल शुरू से ही होनहार व प्रतिभावान छात्र रहा है। अपनी काबिलियत के बूते उसने कई बार अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। हाल ही में होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र के सहयोग से आयोजित आईएपीटी २०२५-२६ की खगोलिकी परीक्षा में वह अपनी कैटेगरी में पूरे झारखंड में अव्वल आया था। वर्ष २०२३ में सीबीएसई साइंस चैलेंज में भी पूरे झारखंड में अव्वल आया था। इसके पूर्व भी विभिन्न राष्ट्रस्तरीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उसने शानदार सफलता अर्जित की है। इनमें यूनिफाइड काउंसिल की ओर से आयोजित नेशनल लेवल साइंस टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन (एनएसटीएसई) में उसे आल इंडिया रैंक १, इंडियन स्कूल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन (आईएसटीएसई) में एआईआर ३, सिंगापुर एशियन स्कूल्स मैथ ओलंपियाड में गोल्ड मेडल के अलावा विभिन्न ओलंपियाडों में उत्कृष्टता सफलता आदि प्रमुख हैं।

जेईई मेन-१ में डीपीएस बोकारो के ६० से अधिक विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय के मेधावी छात्र कुमार अनमोल ने सर्वाधिक ९९.७२ परसेंटाइल अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रितन्मय मिश्रा ९९.३४ पर्सेंटाइल लाकर दूसरे तथा आदित्य मिश्रा ९९.२७ पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है, उनमें कुमार अनमोल (९९.७२९), रितन्मय मिश्रा (९९.३४७), आदित्य मिश्रा (९९.२७६), सुदीप लायक (९९.२१३), रिद्धिम गुप्ता (९८.७९), आदित्य राज (९८.२७), सैयद अरहम अशरफ (९७.९३), आयुष सुमन (९७.७८), अनुज (९७.७४), नीलेश आनंद (९७.७१), साई शुभम साहू (९७.३४), अमन राज अमन (९७.१४), प्रेम राज (९६.७९), ध्रुव सत्यम (९६.६२), आदित्य प्रताप सिंह (९५.९२), आयुष केशरी (९५.७३), तनिष्क यश (९५.२८), आयुष कुमार (९४.७०), अमनजीत राज (९४.५८), नवदीप अग्रवाल (९४.५८), अक्षित आनंद राठौर (९४.४८), मयंक (९३.७८), सुप्रिया सिंह (९३.३३), पलक्ष सिंह (९३.३२), हिमांशु कुमार (९३.२७), लोकेश नंदन (९३.०३), काव्या सिंह (९२.६२), सत्यम सिंह (९२.३१), साहिल राज (९२.२८), सात्विक अवि (९१.७६), मानसी पांडे (९१.२३), सूरज कुमार झा (९०.२३), अंशुल उत्कर्ष (९०.०२), पीयूष कुमार (९०.०१), आदित्य अनुकूल, ऋत्विक आनंद, सूर्याश, आयुष राज, सूर्यांश केशव, यशार्थ गौतम, नमन राज, शुभम कुमार, शौर्य आनंद, प्रेम कुमार, निशांत राज और रिचा सिंह आदि के नाम शामिल हैं। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. ए.एस. गंगवार ने इस उम्दा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई तथा आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

ज्ञातव्य है कि एनटीए जेईई मेन का दो सत्रों में आयोजन कर रही है। परीक्षा का पहला सत्र २१ जनवरी से २९ जनवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र की परीक्षाएं आगामी ०२ से ०८ अप्रैल, २०२६ की अवधि में होंगी। उल्लेखनीय है कि बोकारो में जेईई मेन- १ के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पहला सेंटर चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर तथा दूसरा ग्वालाडीह मोड़, पुरुलिया रोड, चास स्थित क्रिसेन्ट लैब्स (क्रिसेन्ट पब्लिक स्कूल के निकट) बनाया गया था। परीक्षा में कुल ३४७९ अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक - गणेश मिश्रा. फोन - 9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# हथियार लेकर घुमना दो युवकों को पड़ा भारी ग्रामीणों ने धुनाई कर किया पुलिस के हवाले

**धनबाद (कासं) :** महाशिवरात्रि के अवसर पर बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव में





आयोजित मेले में बीती रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब हथियार के साथ घूम रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ कर उनकी धुनाई कर दी।

जानकारी के अनुसार, उदयपुर निवासी प्रदीप साव और कृष्णा साव मेले में हथियार लेकर घूम रहे थे। वहीं, जब मेले में ऑर्केस्ट्रा शुरू हुआ तो दोनों युवक हथियार लहराते हुए लोगों के साथ बदतमीजी करने लगे। दोनों युवक एक बड़े नेता का नाम लेकर लोगों को धमका रहे थे, जिससे मेले में दहशत का माहौल बन गया।

इनकी दबंगई को देख आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को मौके पर ही पकड़ कर इनकी जम कर धुनाई कर दी। बाद में दोनों युवकों को हथियार के साथ पुलिस के हवाले कर दिया।

वहीं भीड़ से पीटने के बाद दोनों युवक मेला घूमने आने की बात कहते हुए अपने साथ लाए गए हथियार को नकली बता रहे है। फिलहाल यह हथियार असली है या नकली, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच कर रही है।

# डीसी की अध्यक्षता में सैरात दर संशोधन को लेकर बैठक



**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में नगर निगम क्षेत्र में सैरात दर संशोधन के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में १७ सैरात पार्किंग है। इनमें बरटांड बस स्टैंड, बैंक मोड़ स्थित झरिया टेक्सटाइल मार्केट रोड की दोनों ओर, लिलोरी मंदिर पार्क एवं कतरास बाजार हटिया स्थित पार्किंग एवं स्टॉल (बकरी हट्टा) में बंदोबस्ती नहीं हो पा रही है। जबकि उपरोक्त स्थलों के लिए कई बार विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि उपरोक्त चारों स्थलों के लिए विगत कुछ वित्तीय वर्ष के रेट निकालकर एक बेस रेट तैयार करें। उसे विभाग को भेजें। विभाग से अनुमति मिलने के पश्चात सैरात दर निर्धारित करके, विज्ञापन प्रकाशित कराकर बंदोबस्ती करें।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, सिटी मिशन मैनेजर अमनदीप, सहायक सोनू कुमार मौजूद थे।

# जगदीशपुर गांव में अखंड संकीर्तन



**बलियापुर (ससे) :** शिवरात्रि के अवसर पर जगदीश गांव में श्री श्री विष्णु हरिनाम २४ पहर का अखंड संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। बांकुड़ा जिले के संगीत गायक सहदेव दास ने शिव-पार्वती व राधाकृष्ण का वर्णन किया। गांगपुर, निरसा और पुरुलिया की कीर्तन मंडली ने कीर्तन गान प्रस्तुत किया। कीर्तन में जगदीशपुर गांव और आसपास के बस्ती के लोग शामिल थे। बुधवार को दोपहर २ बजे कुंज मिलन एवं संध्या ३ बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। आयोजन में जगदीशपुर गांव के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान है।

## गंगा आरती के साथ होगी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**गोविंदपुर (ससे) :** तीन पीढ़ियां की विरासत ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा काशी से आये पंडितों के टीम द्वारा ६ मार्च को गंगा आरती के साथ होगी। गंगा आरती के पूर्व जल यात्रा निकाली जाएगी। गंगाजल सुल्तानगंज गंगा घाट से लाया जाएगा। अगले दिन ७ मार्च को विग्रहों का नगर भ्रमण होगा। ८ मार्च को पंडित विवेकानंद पांडेय एवं दीपक पांडेय की अगुवाई में विद्वत पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर व प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह जानकारी ऊपर बाजार दुर्गा मंदिर में ग्रामीणों की हुई बैठक में मंदिर निर्माणकर्ता अग्रवाल परिवार की ओर से की गई। इस बजरंगबली मंदिर का निर्माण ८१ वर्ष पूर्व १९४५ में तालेराम अग्रवाल के पुत्रों मनसाराम अग्रवाल, पूर्व मुखिया स्व. सत्यनारायण अग्रवाल एवं शिव प्रसाद अग्रवाल ने कराया था। जीर्णशीर्ण हो चुके मंदिर को ध्वस्तकर उनके पुत्रों निरंजन अग्रवाल व अशोक अग्रवाल एवं पौत्रों राजेश अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, शरद अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल व आयुष अग्रवाल ने भव्य मंदिर का निर्माण कराया।

मकराना पत्थर से बनी बजरंगबली, शिव परिवार, नंदी महाराज एवं शीतला माता की प्रतिमाएं जयपुर से मंगाई गई हैं। बजरंगबली तथा शिवपार्वती, कार्तिक, गणेश एवं नंदी महाराज की प्रतिमाएं मंदिर के गर्भगृह में स्थापित की जाएगी। शीतला माता की प्रतिमा गर्भगृह के बाहर स्थापित होगी। बैठक में भरत जायसवाल, शत्रुघ्न साव, सुरेश भगत, भोला गुप्ता, वीरेंद्र रजक, सुशील गुप्ता, दामोदर पांडेय, सरयू पांडेय, गोवर्धन गोराईं, संजय दास, राजेंद्र विश्वकर्मा आदि ने भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।

## डीआरएम कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**धनबाद (कासं) :** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद की अध्यक्ष प्रिया मिश्र के दिशा-निर्देशन में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित कर्मचारी सुविधा केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जाँच शिविर का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध कराना था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप जाँच, शुगर जाँच सहित अन्य आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किए गए। महिला कल्याण संगठन द्वारा समयसमय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर महिला कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान दिया जाता रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं।

# 151 कुंवारी कन्याओं के पूजन के बाद महाभण्डारा आयोजित

**जोड़ापोखर (ससे) :** बलियापुर प्रखंड के अलकड़ीहा स्थित पतालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्री के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी भोलेनाथ व अन्य देवी देवताओ का पूजाअर्चना कर महाप्रसाद का भोग लगाया गया। मंदिर प्रांगण में १५१ कुंवारी कन्याओं का महिलाओ द्वारा प्रथम चरण में पांव पखारने के पश्चात अंग बस्त्र श्रृंगार युक्त कन्याओं का पूजन कर प्रसाद ग्रहण कराई गई, इसके बाद उपस्थित गणमान्य भग्तों के लिए महाप्रसाद वितरण का आयोजन देर रात्री तक चलता रहा।

मंदिर के पूजारी ने बताया की, जातपात पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि के होई। धनबाद जिले के शिव भक्तों के सहयोग से इस तरह का विशाल महाभण्डारा का आयोजन वर्षों से लगातार हो रहा है। सैकड़ो भक्तगण के सहयोग २४ घंटे



सक्रिय रूप से तन मन और धन से समर्पित शिव भक्तों के अटूट श्रद्धा से व ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर प्रांगण में सैंकड़ों की संख्या में पंगत में बैठ कर अपने इच्छानुसार प्रसाद ग्रहण करते हैं और अपने परिजनों के लिए भी प्रसाद ले जाने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा।

इस अवसर पर तिसरा थानेदार सुमन कुमार अपने दल बल के साथ शिव भक्तों की सेवा में तत्पर रह कर सहयोग किया। मंदिर कमिटी के नवीन मुखर्जी, पूजारियों के परिजनों सहित मंदिर कमिटी के अध्यक्ष जयन्ती सिंह, चण्डीचरण मोदक, कुलदीप साव, हीरा-लाल मोदक, सिद्धेश्वर मोदक, जयराम रवानी, कन्हैया सिंह, नरेश महतो व दर्जनों अन्य भक्त सेवा में लगे रहें। एमओसीपी स्थित सब्जी मंड़ी के दूकानदारों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छह ठेला सब्जी एकत्रित कर महाभंडारा में पहुंचाया गया। गणमान्य श्रद्धांलुओं में झरिया विधायक रागिनी सिंह की ननद ज्योति सिंह, बलियापुर भजपा नेत्री तारा देवी के अलावे श्रद्धांलुओं का आना जाना देर रात्रि तक

## प्राचार्य ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए आशीर्वाद देकर किया विदा

**बलियापुर (ससे) :** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में कक्षा १०वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन विशेष रूप से आशीर्वाद देकर परीक्षा केंद्र के लिए विदा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्विवेंदु त्रिपाठी ने मंत्रोच्चार के साथ



विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएँ दीं और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य द्विवेंदु त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि नियमित परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थी बिना तनाव के पूरे मनोयोग से परीक्षा दें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से ओतप्रोत रहा। विद्यार्थियों के चेहरों पर विश्वास और प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इस मौके पर कक्षा १०वीं की कक्षा अध्यापिका सरिता सिंह सहित बृजकिशोर द्वीवेदी, दिपाली कुमारी, माहेश-वरी प्रसाद पाण्डेय एवं विद्यालय के सभी शिक्षकशिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

## भारत के समस्त गुजराती समाज को एक सूत्र में पिरोने का संकल्प



**धनबाद (कासं) :** रांची के ग्रीन होराइजन होटल में आयोजित अखिल भारत गुजराती समाज की बैठक में भारत के समस्त गुजराती समाज को एक सूत्र में पीरोने, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर पारस्परिक सहयोग एवं समन्वय को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। बैठक में संजय पटेल, राष्ट्र अध्यक्ष, अखिल भारतीय गुजराती समाज (भोपाल), गोविंद भाई ढोलकिया राज्यसभा सांसद, गुजरात डॉ जगदीश पटेल, पूर्व मेयर, सूरत (गुजरात), दीपेश याज्ञनिक, कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रवक्ता, अखिल भारतीय गुजराती समाज, किरीट चौहान, उपाध्यक्ष, धनबाद कोलफील्ड गुजराती समाज, संतु भाई मानेक, अध्यक्ष, रामगढ़ गुजराती समाज एवं अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद (रामगढ़ जिला), चंद्रकांत भाई रायपत, अध्यक्ष, रांची गुजराती समाज एवं प्रदेश अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद झारखंड, आनंद भाई मानेक, गोल्ड मेम्बर, अखिल भारतीय गुजराती समाज, विनु भाई ठक्कर, सुर्यकांत राठोड़, पंकज ठक्कर, भाविन राठोड़, सागर टांक, जिला अध्यक्ष, जेडीयू, प्रभुलाल पटेल, प्रकाश भाई कमल्यिा हरिश भाई दोशी, अध्यक्ष, राष्ट्र वायवत समिति (जैन समाज) एवं प्रवक्ता, जैन समाज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बैठक में समाज की राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही विभिन्न राज्यों के गुजराती समाजों के बीच समन्वय बढ़ाने, युवा वर्ग को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने, सेवा कार्यों, शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान हेतु संयुक्त प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

## राजकमल के 20 विद्यार्थियों ने जेईई मेन में लहराया परचम

**धनबाद (कासं) :** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनसार धनबाद के २० विद्यार्थियों ने जेईई मेन में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि सफलता बच्चों की कठिन परिश्रम और अटूट समर्पण का प्रतीक है। अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, इसे छात्रों ने प्रमाणित किया है। शिक्षकों का सही मार्गदर्शन ,विद्यालय के शैक्षणिक माहौल और मातापिता के सहयोग का परिणाम है यह। मुझे उम्मीद है कि सफल छात्र छात्राएं जेईई एडवांस्ड में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

जेईई मेन में सफल विद्यार्थियों की संख्या २० रही ऐसे और भी सफल विद्यार्थियों की जानकारी जुटाई जा रही है। सफल छात्र-छात्राओं में सम्राट कुमार ९७.८८, मानसी ९५.८, निखिल कुमार बरनवाल ९२.३८, आदित्य कुमार सिंह ९२.१४,मंजीत मानिकपुरी ९०.८५, केशव अग्रवाल ९०.३२, अंकुश कुमार ८९.३०, अंकित कुमार ८८.९२,अमर सिन्हा ८७.३४, समीर कुमार ८६.७७, अभिषेक शर्मा ८६.६७, पवन कुमार ८६.६३,अमरजीत कुमार महतो ८६.२४, शौर्य झा ८५.४१, शौर्य कुमार गुप्ता ८५.००,अभ्यांशु सिंह ८४.७०, सागर विश्वकर्मा ८३.००, शिवेंद्र तिवारी ८१.०४, शुभम कुमार सिंह ८०.८०,रूपम चंद्रा ने ८०.४३ परसेंटाइल प्राप्त किए।

विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया,अध्यक्ष बिनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव कुमार, सहसचिव दीपक रुइया ,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, विद्यालय समिति के अधिकारी एवं सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन ,पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी आम नागरिकों की शिकायतें

**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के झरिया, राजगंज, बलियापुर, कतरास, गोविंदपुर, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम



जनों की शिकायत सुनीं।

जनता दरबार में नागरिकों ने क्वार्टर संबंधित विवाद, बकाया राशि भुगतान, थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा बिना लिखित आदेश के जमीन पर कार्य बंद कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या, भूमि विवाद, विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं मीटर जब्ती के विरुद्ध आपत्ति सहित विभिन्न मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बैंक शाखा से प्राप्त ण के ब्याज माफी, म्यूटेशन की प्रक्रिया रोकने, पुराने घर की मरम्मत के दौरान पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला करने की शिकायतें भी प्राप्त हुई।

उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# आरपीएफ ने तीन तस्करों को 59 बोतल शराब के साथ किया गिरफ्तार

**धनबाद (कासं) :** आरपीएफ धनबाद ने ऑपरेशन सतर्क के तहत दो अलगअलग जगहों पर छापामारी कर कुल ५९ बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत ३४,३७० रुपए आंकी जा रही है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि गंगा दामोदर एक्सप्रेस तथा तेतुलमारी स्टेशन से बड़े खेप में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जानेवाली है उक्त सूचना पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के द्वारा पोस्ट स्तर पर गठित स्पेशल टास्क टीम तथा तेतुलमारी कैम्पिंग स्टाफ को सतर्क किया गया। गंगा दामोदर एक्सप्रेस में टीम ने गश्त करने के क्रम में कोच संख्या एम २ में एक व्यक्ति



शिव कुमार को एक सफेद रंग का थैला और काले रंग का पिट्ठू बैग में कुल १० बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। जिसे तेतुलमारी रेलवे स्टेशन पर उतरवाकर जब्त किया और अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में तेतुलमारी कैम्पिंग स्टाफ के साथ में तेतुलमारी स्टेशन पर आपराधिक गतिविधि के निगरानी व गश्त करने के क्रम में दो व्यक्तियों आनंद कुमार तथा नीरज कुमार को एक एकएक थैला तथा एकएक पिट्ठू बैग से कुल ४९ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर जब्त किया गया और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। उपरोक्त अभियुक्तों ने बताया कि अधिक पैसे कमाने की लालच में बंगाल व झारखंड से अंग्रेजी शराब खरीदकर बिहार ले जाकर बेचने का काम करते है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों व जब्त कुल ५९ बोतल अंग्रेजी शराब को उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया।

## 319 लाभुकों का पीएम कुसुम योजना के लिए हुआ चयन

**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने प्रधान मंत्री कुसुम योजना के तहत सोलर पंप वितरण की समीक्षा की।

योजना के लिए धनबाद से एक, बलियापुर से १३, बाघमारा से १४, कलियासोल से ११, निरसा से ९, पूर्वी टुंडी १९, तोपचांची से २८५, टुंडी से १६, गोविंदपुर से ६७ सहित ४३५ आवेदन प्राप्त हुए थे। इस संबंध में पूर्व में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने आवेदनों को स्वीकृत करने से पहले इनमें से २० आवेदनों की रेंडम जांच करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया था।

वहीं आवेदकों की रेंडम जांच के बाद धनबाद के एक, बलियापुर के ६, बाघमारा १०, कलियासोल से एक, निरसा के ७, पूर्वी टुंडी के तीन, तोपचांची के २५८, टुंडी के ९ तथा गोविंदपुर के २४ सहित ३१९ लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, विद्युत प्रमंडल व लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

## बच्चा चोरी की अफवाह पर महिला की पिटाई

**कतरास (ससे) :** हरिणा चौक में सुबह बच्चा चोरी की अफवाह फैलने के बाद ग्रामीणों ने एक महिला की पिटाई कर दी। अफवाह के कारण मौके पर भारी भीड़ जुट गई। जिससे हरिणा क्षेत्र में कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया गया। बताया जाता है कि जिस महिला के साथ मारपीट की गई। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 62 ईमेल व 14 मुलाकातों के राज पर घिरे पुरी, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली(ईएमएस) :** कॉरपोरेट गवर्नेंस और नीतिगत पारदर्शिता के मुद्दे पर एक बार फिर राजनीतिक पारा चढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अमेरिकी फाइनेंसर तथा यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच कथित संबंधों को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को गंभीर आरोप लगाए।

विपक्षी दल ने दावा किया है कि २०१४ से २०१७ के बीच दोनों के बीच ६२ ईमेल का आदान-प्रदान हुआ और १४ मुलाकातें हुईं। यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें एक मौजूदा केंद्रीय मंत्री की जवाबदेही और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दागी व्यक्ति के साथ उनके संबंधों की प्रकृति पर सवाल उठाए गए हैं।

कांग्रेस के मीडिया व प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन आंकड़ों को सार्वजनिक किया। खेड़ा के अनुसार कि हरदीप पुरी ने ३२ ईमेल लिखे जबकि एपस्टीन ने उन्हें ३० ईमेल भेजे। इसके अलावा, जून २०१४ में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के तुरंत बाद मुलाकातों का दौर शुरू हुआ, जो २०१७ तक चला। खेड़ा ने विशिष्ट तारीखों का हवाला देते हुए पूछा कि जून ५, ६, ८ और ९, २०१४ को हुई बैठकों में क्या चर्चा हुई थी? कांग्रेस नेता की ओर से सबसे अहम सवाल यह उठाया गया कि जब हरदीप पुरी एक सामान्य नागरिक की हैसियत से मिल रहे थे, तो वे एपस्टीन के साथ सरकारी नीतियों को क्यों साझा कर रहे थे। कांग्रेस ने इस आधार पर मंत्री के तत्काल इस्तीफे और स्पष्टीकरण की मांग की है।



पुरी के बयानों को गुमराह करने वाला बताते हुए खेड़ा ने कहा कि पुरी ने दावा किया कि जब वह पहली बार एपस्टीन से मिलने गए थे, तो उन्हें जगह का कोई अंदाजा नहीं था क्योंकि एक ड्राइवर उन्हें वहां ले जा रहा था। एपस्टीन से मिलने जाते समय मुझे थोड़ी बेचैनी महसूस हुई, इसलिए मैंने गूगल पर उस जगह के बारे में खोजा जहां मुझे जाना था और फिर खुद से पूछा कि क्या मुझे एपस्टीन से मिलने जाना चाहिए। उन्होंने पुरी के फैसले पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब यह सब हुआ तब क्या हरदीप सिंह पुरी बच्चे थे? पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए खेड़ा ने कहा कि यह दावा कि हरदीप सिंह पुरी एपस्टीन से केवल एक बार मिले थे, गलत है। वास्तव में, हरदीप सिंह पुरी एपस्टीन से कई बार मिले थे।

उन्होंने एपस्टीन के आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में पुरी की टिप्पणियों का भी जिक्र किया। एपस्टीन द्वारा २००८ में अदालत में दोषी ठहराए जाने के बावजूद, पुरी ने कहा था कि हममें से कुछ लोगों को एपस्टीन के आपराधिक रिकॉर्ड पर संदेह था। खेड़ा ने जवाब दिया, एपस्टीन के कबूलनामे के बाद भी, हमारे मंत्री हरदीप पुरी को २०१४ में संदेह था। वह एक मंत्री हैं, और यह उनके नैतिक मूल्यों का स्तर है। ऐसी स्थिति में, हरदीप पुरी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है?

इस विवाद की छाया दिल्ली में चल रहे हाई-प्रोफाइल एआई इम्पैक्ट पर भी पड़ती दिख रही है। पवन खेड़ा ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स की भागीदारी को लेकर सरकार पर कटाक्ष किया। खेड़ा ने कहा कि सरकारी सूत्र कह रहे हैं कि बिल गेट्स एआई समिट में नहीं आएंगे, जबकि गेट्स खुद कह रहे हैं कि वे आएंगे और भाषण देंगे। बता दें एपस्टीन फाइलों में गेट्स का भी जिक्र है, हालांकि उन पर किसी गलत काम का आरोप नहीं है।

जेफ्री एपस्टीन की २०१९ में हिरासत में मौत के बाद से, उससे जुड़े हजारों दस्तावेज और ईमेल वैश्विक स्तर पर जांच का विषय रहे हैं। भारत में एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इन फाइलों से जुड़ना न केवल राजनीतिक बल्कि कूटनीतिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी संवेदनशील है। अब यह देखना होगा कि सरकार इन तारीखों और ईमेल के आंकड़ों पर क्या आधिकारिक स्पष्टीकरण देती है।

# माहौल जहरीला हो रहा है, देश में भाईचारा बढ़ाएं : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली(ईएमएस) : देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत १२ याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है।

हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द



**बेंगलुरु(ईएमएस):** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला २०२३ के विधानसभा चुनाव से पहले ४० प्रतिशत कमीशन वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से ४० प्रतिशत कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया।

मामले में कर्नाटक की अदालत ने २३ फरवरी २०२४ को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने १ जून २०२४ को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और ७ जून २०२४ को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।

# भूपेन बोरा 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे : हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहाटी (ईएमएस):** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को घोषणा की कि पूर्व राज्य कांग्रेस प्रमुख भूपेन बोरा २२ फरवरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। यह घोषणा तब हुई जब सरमा मंगलवार शाम गुवाहाटी में बोरा से उनके घर पर मिले। रिपोर्टरों से बात करते हुए, सरमा ने कहा, भूपेन बोरा २२ फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे। दिलीप सैकिया डिटेल्स पर काम करेंगे। उनके साथ, गुवाहाटी और उत्तरी लखीमपुर में कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल होंगे। सीएम सरमा ने बोरा को कांग्रेस में आखिरी मान्यता प्राप्त हिंदू नेता बताया और कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पहले ही उनके शामिल होने को मंजूरी दे दी है। सरमा ने कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पहले ही उनके शामिल होने को मंजूरी दे दी है और उनका स्वागत करते हैं। भूपेन बोरा को पूरा सम्मान और गरिमा दी जाएगी।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) -सह-उपायुक्त, गिरिडीह

निर्वाचन अत्यावश्यक

नगरपालिका आम निर्वाचन-2026
(वाहन कोषांग, गिरिडीह)

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सभी बस मालिकों एवं छोटी वाहन यथा बोलेरो, स्कॉर्पियो, मैजिक, सवारी, विंगर व अन्य के मालिकों को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 दिनांक 23.02.2026 को निर्धारित है।

उक्त चुनाव के सफल संचालन हेतु दिनांक 20.02.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक अचूक रूप से अपने–अपने वाहन को चालक सहित +2 उच्च विद्यालय, गिरिडीह का खेल मैदान (B.T.Field) डिस्पैच सेंटर (वाहन कोषांग) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

निर्धारित तिथि एवं समय पर वाहन जमा नहीं करने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

वरीय पदाधिकारी, वाहन कोषांग,
–सह– जिला परिवहन पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 373171 Transport (25-26)_D

## कार्यालय-जिला आयुष समिति, बोकारो

आयुष स्वास्थ्य शिविर

**आम जनों को आयुष स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जाँच हेतु आमंत्रण**

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत निदेशानुसार एवं अनुमोदनोंपरांत बोकारो जिला के तीन प्रखण्डों में (चास, चन्दनकियारी तथा चन्द्रपुरा) में दिनांक 20.02.2026 को आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है/जाना है।

आम जनों से आग्रह है कि सूची में संलग्नित स्थान एवं समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक में उपस्थित होकर आयुष स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त करें।

यह सूचना जनहीत में जारी।

माह फरवरी 2026 में प्रखण्डवार आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्थानवार एवं तिथिवार निम्न है–

**Month :-February 2026**

| SL. No | Name Of Block | Name Of Place For Above Camp | Camp Date |
|---|---|---|---|
| 1 | चास | नियर कालीबाड़ी मंदिर, सेक्टर–8, बोकारो। | 20.02.2026 |
| 2 | चन्दनकियारी | काला संस्कृति भवन, पूर्वी चन्दनकियारी, बोकारो। | |
| 3 | चन्द्रपुरा | तेलो दुर्गा मंदिर कैम्पस, चन्द्रपुरा, बोकारो। | |

सदस्य सचिव,
जिला आयुष समिति, बोकारो

PR 373100 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

## झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
Corporation Identification No.-U45201JH2015SGC003325
Regd. Office: - Building Construction Department, Govt. of Jharkhand, Project Building, P.O. - Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
Phone No.:- 0651-2446257/2446258/2446259, e-mail:-jsbccljharkhand@gmail.com

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE FOR DETERMINATION OF RATE**

NIQ. No:10/2025-26 Date- 17.02.2026

Online Quotations are invited for the work **Construction of Sports Complex in Giridih Block under Giridih District** for non-schedule Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, retailers, Distributors, Timber Merchants and others for items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deal all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deal with. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty and carriage. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Term and Condition**
1. The quotationer shall furnish PAN, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm, final and unconditional.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

**Note:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Last Date/Time of Submission of E-Quotations on Website | 25.02.2026 at 05:00 PM |
| 2 | Date/Time of opening of E-Quotations | 26.02.2026 at 05:00 PM |
| 3 | Name & Address of office Inviting E-Quotations | e-Procurement Cell, Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi. |
| 4 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446259 |
| 5 | e-mail ID | jsbccljharkhand@gmail.com |

**Note :– Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
**Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.**

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi.

PR.NO.373160 Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.(25-26):D

## ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा सं0 : **DMFT/MIR/DHN/ F2-40/2025-26**

लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद।

निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 06.03.2026
ई0– निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2026 से दिनांक 12.03.2026 के अपराह्न 5 बजे तक
ऑन लाईन तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.03.2026, अपराह्न 02:00 बजे
ई0– निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
सम्पर्क सूत्र मोबाईल संख्या : 7903299712
कार्य का नाम एवं राशि निम्नवत् है :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Renovation of Purana Bandh | Baghmara | Telmacho | Kunji | 7151800.00 | 143100.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 2 | Renovation of Khas Bandh | Purvi Tundi | Rupan | Kenduwatand | 5248100.00 | 105000.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 3 | Renovation of Uparakura Bandh | Govindpur | Kharni | Uparakura | 5084000.00 | 101700.00 | 10000.00 | 4 माह |
| 4 | Renovation of Saharj Bandh | Govindpur | Sahraj | Sahraj | 5450200.00 | 109100.00 | 10000.00 | 4 माह |

नोट :–
1.केवल ई– निविदा ही मान्य होगी। परिमाण विपत्र की राशि घट – बढ़ सकती है ।
2.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी ।
3.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विशेष जानकारी के लिए : http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल धनबाद।

PR 373176 Minor Irrigation(25-26)D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, धनबाद

Email: dto-dhanbad@jharkhandmail.gov.in

**–:: आवश्यक सूचना ::–**

एतद् द्वारा सभी संबंधित एम्बुलेंस वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वाहन पोर्टल के अवलोकन के पश्चात् निम्न वाहन स्वामियों का टैक्स बकाया पाया गया। उक्त कृत मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन है। साथ ही साथ राजस्व क्षति का गंभीर विषय है। वैसे बकायेदार वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपने वाहन का टैक्स आदि के कागजात अद्यतन कराना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के सुसंगत धाराओ के तहत् सख्त कार्रवाई की जायेगी।

टैक्स बकाया वाहनों की सूची निम्न प्रकार है :–

| S. No | Regn No | Owner Name | Mobile No |
|---|---|---|---|
| 1 | JH10BS1764 | SARBAJIT ROY | 9641666829 |
| 2 | JH10CL2516 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 3 | JH10CL2775 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 4 | JH10CL2816 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 5 | JH10CL3328 | NILAM SHARMA | 9749481983 |
| 6 | JH10CL6591 | MR MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 7 | JH10CL7348 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 8 | JH10CL8565 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 9 | JH10CM9963 | THE WEST BENGAL POWER DEVEP. CO LIM | 9905294735 |
| 10 | JH10CP3518 | COMMUNITY HEALTH CENTRE | 8294562939 |
| 11 | JH10V9234 | ACC LIMITED | 9431512195 |
| 12 | JH10AM5670 | NAYAN CHANDRA MANDAL | 7050005178 |
| 13 | JH10BS1764 | SARBAJIT ROY | 9641666829 |
| 14 | JH10CL2516 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 15 | JH10CL2775 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 16 | JH10CL2816 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 17 | JH10CL3328 | NILAM SHARMA | 9749481983 |
| 18 | JH10CL6591 | MR MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 19 | JH10CL7348 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 20 | JH10CL8565 | MANGESH HARISH MAHAJAN | 9579211159 |
| 21 | JH10CM9963 | THE WEST BENGAL POWER DEVEP. CO LIM | 9905294735 |
| 22 | JH10CP3518 | COMMUNITY HEALTH CENTRE | 8294562939 |
| 23 | JH10V9234 | ACC LIMITED | 9431512195 |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
धनबाद

PR 373188 Transport(25-26)#D

## लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**अल्पकालीन निविदा सं0 : DMFT/MIR/DHN/ F2-38/2025-26**

निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 06.03.2026
ई0– निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2026 से दिनांक 12.03.2026 के अपराह्न 5 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.03.2026, अपराह्न 02:00 बजे
ई0– निविदा खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
सम्पर्क सूत्र मोबाईल संख्या : 7903299712
कार्य का नाम एवं राशि निम्नवत् है :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Renovation of Phulgaduya Bandh | Tundi | Tundi | Tundi | 1535100.00 | 30800.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | Renovation of Charkuniya Bandh | Tundi | Kolhar | Jiyajori | 1692600.00 | 33900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | Renovation of Chhapar bandh | Tundi | Machhiyara | Machhiyara | 1607600.00 | 32200.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | Renovation of Bhagatgadiya Bandh | Tundi | Machhiyara | Madhupur | 1830100.00 | 36700.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | Renovation of Chengadah Bandh | Govindpur | jamdiha | Chegadah | 1951600.00 | 39100.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 6 | Renovation of Kaladabar Bandh | Govindpur | Kaladabar | Gargaro | 2495600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 7 | Renovation of Chutu Sah Bandh | Govindpur | Borio | Panchrukhi | 902000.00 | 18100.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 8 | Renovation of surigadiya bandh | Purvi Tundi | Raghunathpur | Raghunathpur | 628700.00 | 12600.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 9 | Renovation of Sarkari Bandh | Purvi Tundi | Pandrabejra | Polkara | 1281800.00 | 25700.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 10 | Renovation of Karam (Khas) bandh | Purvi Tundi | Rupan | Moraidih | 1758900.00 | 35200.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 11 | Renovation of Bhangath Bandh | Purvi Tundi | Rupan | Phulpahari | 1901000.00 | 38100.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 12 | Renovation of Sadhu Bandh | Baghmara | Muraidih | Muraidih | 2452000.00 | 49100.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 13 | Renovation of Behrakudar (Lal) Bandh | Baghmara | Behrakudar | Behrakudar | 2215800.00 | 44400.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 14 | Renovation of Jora Bandh | Baghmara | Kapuriya | Bandhdih | 1709300.00 | 34200.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 15 | Renovation of Kukurdooba Bandh | Baghmara | Chatrutand | Kukurdooba | 1254800.00 | 25100.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 16 | Renovation of Sirsa bandh | Baghmara | Telmachho | Kunji | 2383600.00 | 47700.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 17 | Renovation of Hotli Gariya bandh (Mayra bandh) | Baghmara | Telmachho | Telmacho | 1480000.00 | 29600.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 18 | Renovation of Nutan Talab | Baghmara | Targa | Targa | 1678700.00 | 33600.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 19 | Renovation of Purni Pokhar | Baghmara | Targa | Targa | 1663100.00 | 33300.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 20 | Renovation of Ratan Talab | Baghmara | Targa | Targa | 1386900.00 | 27800.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 21 | Renovation of Charkonia Bandh | Baghmara | Targa | Targa | 975700.00 | 19600.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 22 | Renovation of Dayabans Bandh | Topchanchi | Dayabans | Dayabans | 2340478.00 | 46900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 23 | Renovation of Madhuri Talab | Baliapur | Dolabar | Mokobrahmotar | 1549400.00 | 31000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 24 | Renovation of Gullu Gadiya | Baliapur | Baliapur East | Baliapur | 2471500.00 | 49500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 25 | Renovation of Hadiyajam Bandh | Nirsa | Hadiyajam | Hadiyajam | 972928.00 | 19500.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 26 | Renovation of Jarka Geiya | Nirsa | Upchudiya | Upchudiya | 1393780.00 | 27900.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 27 | Renovation of Kia Bandh | Baliapur | Sindurpur | Chaldhowa | 1739344.00 | 34800.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 28 | Renovation of Madma Talab | Nirsa | Madma | Madma | 2336914.00 | 46800.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 29 | Renovation of Tal Talab | Baliapur | Dolabar | Mokobrahmotar | 1273885.00 | 25500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 30 | Renovation of Sijua Bandh | Nirsa | Sijua | Sijua | 1078639.00 | 21600.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 31 | Renovation of Birsinghpur Bandh | Nirsa | Birsingpur | Birsinghpur | 2462798.00 | 49300.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 32 | Renovation of Durlabhdih Khas Bandh | Nirsa | Birsingpur | Durlabhdih | 2121150.00 | 42500.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही मान्य होगी। परिमाण विपत्र की राशि घट – बढ़ सकती है ।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी ।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विशेष जानकारी के लिए : http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल धनबाद

PR 373179 (Minor Irrigation)25-26*D

## जिला परिषद कार्यालय, जामताड़ा

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–ZILA/PARISHAD/JAMTARA/14/2025-26, PR-372652 Rural Development (25-26)D में आंशिक संशोधन करते हुए कार्य पूर्ण करने की तिथि छः माह के बदले नौ माह किया जाता है।

निविदा की अन्य शेष शर्त्ते यथावत् रहेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, जामताड़ा।

PR 373169 (Rural Development) 25-26 (D)

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय बोकारो

**अपहृता सेजल झा उर्फ पाखी**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपहृत सेजल झा उर्फ पाखी ,उम्र–करीब–14 वर्ष, पे0–रामकृष्ण झा, सा0–गिरधरटॉड ओझाडीह, थाना–पिण्ड्राजोरा, जिला–बोकारो की निवासी है। जिसे दिनांक–16.10.2020 को अज्ञात लोगो के द्वारा अपहरण कर लिया गया हैं। इस संबंध में पिण्ड्राजोरा थाना कांड सं0–161/2020, दिनांक–16.10.2020, धारा–363/34 भा0द0वि0 में दर्ज किया गया हैं। जिनका हुलिया निम्नप्रकार हैं–शरीरिक बनावट–दुबली– पतली,उम्र–करीब 14 वर्ष, उँचाइ–करीब 5 फीट–4 ईच, रंग–सॉवली, पहनावा–ब्लू रंग का जींस पैंट, ब्लू रंग का टॉप जिसके उपर सफेद धारीदार जैकेट एवं दाहिने हाथ में स्टील का कड़ा पहनी हुई है। अपहृत सेजल झा उर्फ पाखी के बारे में अगर किसी को कुछ भी जानकारी प्राप्त होती है तो कृप्या निम्नलिखित नम्बर पर सूचित करने का कश्ट किया जाए।

नोटः– उक्त अपहृता की सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित राशि ईनाम दिया जायेगा एवं उनका नाम गुप्त रखा जायेगा।
1. पुलिस अधीक्षक, बोकारो का मो0 नं0–9431706418
2 अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर चास–9431706421
3.थाना प्रभारी, पिण्ड्राजोरा बोकारो का मो0 नम्बर–9801354713

पुलिस अधीक्षक,
बोकारो

PR 373155 (Police)25-26*D

# बिहार बोर्ड मैट्रिक का परीक्षा शुरू, 15 लाख परीक्षार्थियों की अग्निपरीक्षा आज से

**पटना (एजेंसी):** बिहार बोर्ड की मैट्रिक वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो गई है। इस वर्ष परीक्षा के लिए राज्यभर में कुल १६९९ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग १५.१२ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे. पहली पाली की परीक्षा सुबह ९:३० बजे शुरू होगी, जबकि दूसरी पाली दोपहर २:०० बजे से आयोजित होगी. पहले दिन सभी पालियों में मातृभाषा (हिंदी, बंगला, उर्दू, मैथिली) की परीक्षा होगी। परीक्षा २५ फरवरी तक चलेगी. परीक्षा को लेकर सख्त सुरक्षा और व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य है और ३० मिनट पहले मुख्य गेट बंद कर दिया जाएगा.



पश्चिम चंपारण जिले में कुल ५५,८१७ परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं. जिले में ५५ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें बेतिया में २७, बगहा में १३ और नरकटियागंज में १२ केंद्र शामिल हैं. इस बार जिला में लड़कियों की संख्या अधिक है, जहां २७,९६९ छात्राएं परीक्षा दे रही हैं और २७,८४८ छात्र शामिल हैं.

परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है. सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. कुल १५८ सीसीटीवी कैमरे और हर केंद्र पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है. इसके अतिरिक्त, प्रत्येक केंद्र पर गस्ती दल, जोनल और सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। उड़न दस्ते की टीम भी तैयार है.

बिहार बोर्ड ने परीक्षार्थियों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा केंद्र पर जूते और मोजे न पहनें. केवल हवाई चप्पल या सैंडिल पहनकर ही प्रवेश संभव होगा. परीक्षा केंद्रों पर पांच लेयर निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिससे परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित रहे.

## लालच और जबरदस्ती हो रहे मतांतरण पर रोक लगाने की जरूरत : मोहन भागवत

**लखनऊ (ईएमएस):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि लालच और जबरदस्ती हो रहे मतांतरण पर रोक लगाने की जरूरत है। भागवत में कहा कि घर वापसी का काम तेज होना चाहिए। जो लोग हिंदू धर्म में लौटें, उनका ध्यान भी हमें रखना होगा।

दो दिन के लखनऊ दौरे पर आए मोहन भागवत ने लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बढ़ते घुसपैठ पर चिंता जताते हुए कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना होगा। उन्हें रोजगार नहीं देना है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। यूजीसी गाइडलाइन को लेकर किए गए एक प्रश्न के उत्तर में सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए।

# सांसद पप्पू यादव ने किया संजय और गुप्ता के नाम का रहस्यमयी खुलासा

**पटना (एजेंसी):** पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले में अब पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने बड़ा सनसनीखेज खुलासा किया है. पप्पू यादव ने इसे 'सुनियोजित हत्या' बताया है. उन्होंने फेसबुक लाइव के जरिए अपनी बात रखते हुए दावा किया कि यह महज एक आत्महत्या नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश के तहत की गई 'सुनियोजित हत्या' है. मृतका को इंसाफ दिलाने का संकल्प लेते हुए पप्पू यादव ने आगे कहा कि वह इस मामले को शांत नहीं होने देंगे और न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाएंगे.



पप्पू यादव ने सीधे तौर पर प्रभात मेमोरियल अस्पताल और प्रशासन के कुछ अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया है. उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि साजिश के तहत प्रभात मेमोरियल और प्रशासन के लोगों ने मेरी बेटी को मारा है. मैं इस केस को आखिरी सांस तक लड़ूंगा.

सांसद ने अपने संबोधन के दौरान बोरिंग रोड की नागेश्वर कॉलोनी का जिक्र करते हुए दो संदिग्ध नामों की ओर इशारा किया. हालांकि, उन्होंने किसी का पूरा नाम नहीं बताया. पूर्णिया सांसद ने दोनों संदिग्धों की पहचान को इशारों-इशारों में बयां किया. उन्होंने कहा-

सांसद पप्पू यादव ने बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी से मांग की है कि इन व्यक्तियों के दफ्तर और आवास के उउढत फुटेज की गहन जांच की जाए. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या वहां मनीष रंजन की आवाजाही थी या नहीं?

पप्पू यादव ने मनीष रंजन नाम के व्यक्ति पर सबसे तीखा हमला बोला. उन्होंने उन्हें 'राजनीतिज्ञों का सप्लायर' करार दिया और उनकी तुलना विवादित अंतरराष्ट्रीय फिगर 'एपस्टीन' से कर डाली. सांसद ने चेतावनी दी कि उनके पास इस पूरे मामले के पुख्ता सबूत और दस्तावेज मौजूद हैं, जिन्हें वे जल्द ही सार्वजनिक कर पूरे मामले का पर्दाफाश करेंगे.

## तिलक समारोह से लौट रहे 3 की मौत



**नालंदा (एजेंसी):** नालंदा जिले के एकंगरसराय-जहानाबाद मुख्य मार्ग पर कठार पुल के पास मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार सामने से आ रही गाड़ी के चकमा देने के बाद अनियंत्रित हो गई और सीधे पुल के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया। हादसे में जहानाबाद जिले के टेनी बीघा गांव निवासी तीन चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोनू कुमार (२१), रोहित कुमार (२२) और उद्देश्य कुमार (१८) के रूप में हुई है।

तीनों युवक एक ही परिवार से थे। परिजनों के अनुसार, सभी युवक मसौढ़ी में एक दोस्त की बहन के तिलक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। वे एकंगरसराय के भातु बीघा गांव से अपने घर टेनी बीघा जा रहे थे। इसी दौरान कठार पुल के पास सामने से आ रही गाड़ी ने चकमा दे दिया। चालक संतुलन खो बैठा और कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में १९ वर्षीय सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे पटना स्थित पीएमसीएच रेफर किया गया है। दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि तीसरे ने पटना ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही टेनी बीघा गांव में कोहराम मच गया।

## शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकली बस पलटी, 2 शिक्षकों की मौत

**सासाराम (एजेंसी):** बिहार में एक और भीषण सड़क हादसे ने सबको झकझोर दिया। सास-ाराम जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र के सोहसा गांव के पास नेशनल हाइवे-३१९ पर मंगलवार तड़के छात्रों और शिक्षकों से भरी बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



हादसे में दो शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ११ छात्र घायल हो गए। इनमें दो बच्चों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय बढ़ौना की शैक्षणिक परिभ्रमण बस छात्रों और शिक्षकों को लेकर पटना जा रही थी। रात करीब १२:३० बजे बस अचानक अनियंत्रित हो गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में कुल ७ शिक्षक, ३६ छात्र और एक अभिभावक सवार थे।

इस हादसे में शिक्षक संजय कुमार राय और पुनित कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं पांच अन्य शिक्षक गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चों का इलाज कोचस के अस्पतालों में चल रहा है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य का जायजा लिया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सास-ाराम भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

इधर, सोमवार को बिहार के गया जंक्शन पर भी एक दर्दनाक हादसा हुआ। प्लेटफॉर्म संख्या छह पर महाबोधि एक्सप्रेस से नई दिल्ली जाने की जल्दबाजी में दो यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान ट्रैक पर गिर पड़े और ट्रेन की चपेट में आ गए। इस घटना में जहानाबाद निवासी सरयू प्रसाद और गया जिले के बाराचट्टी निवासी मो. खालिद आलम की मौत हो गई। रेल थाना अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने बताया कि दोनों की पहचान आधार कार्ड से की गई। ट्रेन वाशिंग पिट से प्लेटफॉर्म पर आ रही थी और पूरी तरह रुकने से पहले ही कुछ यात्री चढ़ने लगे, जिससे यह हादसा हुआ। आरपीएफ और जीआरपी द्वारा लगातार चेतावनी दी जा रही थी, लेकिन भीड़ के कारण अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और हादसा हो गया।

# कानून-व्यवस्था और सामाजिक मुद्दों पर यूपी विस का घेराव : अजय राय

**लखनऊ (एजेंसी):** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मंगलवार को विधानसभा का घेराव किया. विधानसभा सत्र चल रहा है और इसके चलते कई नेताओं को हाउस अरेस्ट भी किया गया है. कई जिलाध्यक्ष हिरासत में लिए गए हैं. पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक आवाज को दबाने की कोशिश बताया है. प्रदर्शन में नेता विधानमंडल कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी, सहित सांसद व पूर्व विधायक सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश भर के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे.




पुलिस ने कई कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया गया है. बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया, तौहीद खान सहित कई पदाधिकारियों को उनके आवास पर ही नजरबंद किया गया. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रशासनिक दबाव बना रही है. मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सुबह करीब ११ बजे कांग्रेस नेता प्रदेश मुख्यालय पर जुटेंगे. वहां से जुलूस के रूप में विधानसभा कूच करेंगे. पुलिस और प्रशासन की तरफ से किसी भी तरह के मार्च की अनुमति नहीं है. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पार्टी की ओर से मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू किया गया है. पुलिस ने विभिन्न जिलों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया है. उन्हें लखनऊ आने से रोका जा रहा है. अजय राय ने कहा कि सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन है. अजय राय ने कहा कि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचे हैं.

बीजेपी कुशासन के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन आज लखनऊ में है. कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी सरकार में अपराध बढ़ता जा रहा है. योगी आदित्यनाथ सरकार जाति और धर्म देखकर दलितों, अल्पसंख्यकों को और गरीबों को निशाना बना रही है. इसके अलावा अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप है.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पहली बार १८ दिसंबर २०२४ को विधानसभा घेराव हुआ था. इस घेराव में कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी थी. प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित तमाम लोगों को हिरासत में ले लिया गया था. अब मंगलवार को एक बार फिर ताकत दिखाने की तैयारी है.

# शिक्षा विभाग की नीतियों से प्रिंटिंग प्रेस संचालकों का फूटा गुस्सा, सरकार से लगाई गुहार

**पटना (एजेंसी):** बिहार में शिक्षा विभाग की नीतियों से नाराज प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने सरकार से गुहार लगाई है. इसकी वजह यह है कि बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने २०२५ से २०३० तक एक करोड़ को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा की है. परंतु सरकार की शिक्षा विभाग की नीतियों के कारण कई प्रिंटिंग प्रेस बंद होने के कगार पर आ चुके हैं. पटना के लंगर टोली, दरियापुर, मथुरा टोली इलाकों में सैकड़ों की संख्या में प्रिंटिंग प्रेस भरे पड़े हैं. सरकारी उदासीनता के कारण प्रेसों में ताला लगने की नौबत आ गई है.

प्रिंटिंग प्रेस संचालक अजीत कुमार ने बताया कि हम लोग विद्यालयों में होने वाली परीक्षा के प्रश्न पत्र, कॉपी की छपाई, उत्तर पुस्तिका एवं कई तरह के कार्य की छपाई करते थे. पूरे साल शिक्षा विभाग से कुछ ना कुछ काम मिलता रहता था. जिससे हम लोगों का रोजगार अच्छे से चल रहा था.उन्होंने आगे कहा कि २०२३ से हम लोगों का रोजगार खत्म हो गया है. क्योंकि उसी वक्त शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव के के पाठक बनकर आए थे. वह कई तरह के नियम लाकर शिक्षकों पर भी नकेल कसते थे, लेकिन उनके जाने के बाद कभी नियमों पर विराम लग गया. उन्होंने बताया कि इससे शिक्षकों के लिए तो ठीक हो गया, लेकिन हम लोग का रोजगार ठप हो चुका है.

एक प्रेस संचालक रविंद्र कुमार ने कहा कि सरकार रोजगार देने की बात करती है. हम लोग लघु उद्योग में आते हैं लेकिन सरकार हम लोग को रोजगार देने के बजाय रोजगार छीन ली है और बिहार के बाहर दूसरे राज्यों को इसका फायदा मिल रहा है. दरअसल पहले ९, १०ीह और ११ की परीक्षा जो स्कूल में होते थे उसके अधवार्षिक और वार्षिक के प्रश्न पत्र की छपाई हम लोग करते थे .लेकिन के के पाठक ने इस पर रोक लगा दी. अब वह बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को दे दी गई है .बिहार विद्यालय परीक्षा समिति दूसरे राज्यों से क्वेश्चन पेपर छपवाकर मांगवाती है. कई सौ करोड़ का टेंडर होता है, लेकिन हम लोग का रोजगार दूसरे राज्य के प्रेस वाले ले रहे हैं.

प्रेस संचालकों ने बताया कि इसके लिए हम लोगों ने कई बार मांग उठाई. के के पाठक ने विद्यालयों में शिक्षकों के आने-जाने के टाइमिंग सहित कई नियम निकाले थे. जिस पर शिक्षकों ने गुहार लगाई और विधानसभा में यह मामला गूंजा. सरकार ने केके पाठक के सभी नियम निरस्त कर दिए थे. उनका कहना है कि अब इस नियम पर विचार नहीं हुआ. हम लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मिल चुके हैं. उद्योग मंत्री और शिक्षा मंत्री से भी मिल चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

यहां तक कि कक्षा एक से लेकर कक्षा ८ तक जो परीक्षा होती है. वह भी स्थानीय प्रिंटिंग प्रेस वाले को दी जाती थी उसे भी बंद करके टेंडर निकाला जाता है और उसे भी बिहार के बाहर के राज्यों को छपाई के लिए दे दिया जाता है. संचालकों का कहना है कि हम यही मांग करते हैं कि छपाई टेंडर किसी को दें, लेकिन छपाई हम लोग से कराएं. पूरे बिहार के ३८ जिलों में जिला स्तर पर विद्यालयों से छपाई का आर्डर मिलता था. प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने आग्रह किया कि हम लोगों की मांग पर ध्यान दिया जाए, नहीं तो हम लोग भूखे मर जाएंगे. उन्होंने कहा कि प्राइवेट काम कभी-कभी मिलते हैं. इसमें लाखों लोग बेरोजगार हो गए हैं. इसके साथ ही यहां पेपर की बिक्री कम हो गई है. रोजगार खत्म हो चुका है, फिर सरकार कैसे रोजगार देने की बात कर रही है.

## नाबालिग लड़के से दुष्कर्म का प्रयास

**वैशाली (ईएमएस):** बिहार में वैशाली जिले के बरांटी थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां काशीपुर चकबीबी पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह पर एक नाबालिग लड़के से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना ९ फरवरी की शाम करीब ६ बजे की है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि मुखिया ने उसे किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देने के बहाने बुलाया। आरोप है कि मुखिया ने नाबालिग को कचड़ा भवन नहर के किनारे ले जाकर उस पर दबाव बनाया और उसके निजी अंगों को पकड़ने का प्रयास किया।

## फरार जाली नोट का सरगना अबुल इनाम गिरफ्तार

**मधुबनी (ईएमएस):** बिहार के मधुबनी से बड़ी खबर आ रही है। यहां एक साल से फरार जाली नोट का सरगना अबुल इनाम उर्फ लादेन गिरफ्तार हुआ है। उस पर पाकिस्तान के आतंकियों से कनेक्शन होने का शक है। एक पाकिस्तानी नागरिक को भारत से भगाने में मदद करने का भी आरोप है। बिहार पुलिस उसके गुनाहों की कुंडली खंगाल रही है। लादेन से पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

मधुबनी जिले से जाली नोट गिरोह के कथित सरगना अबुल इनाम की गिरफ्तारी से हड़कंप मचा है। एक साल से फरार चल रहे आरोपी को संयुक्त टीम ने चौक मोहल्ले से दबोच लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी पर जाली नोट तस्करी के साथ-साथ एक पाकिस्तानी नागरिक को भगाने में मदद करने का भी आरोप है।

जानकारी के मुताबिक, बिहार पुलिस को लंबे समय से इनपुट मिल रहे थे कि अबुल इनाम जाली नोट नेटवर्क का सक्रिय सदस्य है और सीमावर्ती इलाकों के जरिए गिरोह को संचालित कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके ठिकानों और संपर्कों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के संभावित अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और संदिग्ध संगठनों से संपर्क के पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी जांच के बाद ही होगी।

सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद मस्तान जाली नोटों की खेप बिहार के सीमावर्ती इलाकों में पहुंचाता था और अबुल इनाम के माध्यम से इन्हें आगे पहुंचाया जाता था।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्या: डीएलडब्ल्यू-सीएलडब्ल्यू-अपग्रेड-क्रेन-555।** निम्नलिखित कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या: [01]। निविदा संख्या: डीएलडब्ल्यू-सीएलडब्ल्यू-अपग्रेड-क्रेन-555। कार्य का नाम:** ईएलएएयू/डानकुनी में अंडरफ्रेम और फीडर शॉप में वीएफडी, डीएसएल प्रतिस्थापन और आधुनिक उपयोगिताओं के साथ 7 ईओटी क्रेन का उन्नयन। **निविदा मूल्य (रुपये):** ₹1,83,32,834.00 (रुपये एक करोड़ तिरासी लाख बत्तीस हजार आठ सौ चौंतीस) मात्र। **निविदा कागजात की लागत (रुपये):** ₹5,000.00 (रुपये पांच हजार मात्र)। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति (रुपये):** ₹2,41,700.00 (रुपये दो लाख इकतालीस हजार सात सौ रुपये) मात्र। **समापन अवधि:** एक वर्ष और छह माह। **टिप्पणी: (i)** संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। **(ii) संपर्क नंबर:** 03212-230003। **(iii)** निविदा जमा देने की अंतिम तिथि 05.03.2026 को 12.00 बजे है।

PR3/299 एडब्ल्यूएम/प्लानिंग/डानकुनी

हमें: www.facebook.com/clwrailways पर लाइक करें

# उपमुख्यमंत्री ने किया बिहार पवेलियन का उद्घाटन

**पटना (एजेंसी):** दुनिया के सबसे बड़े एआई आयोजन में बिहार ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बड़ा कदम बढ़ाते हुए ४६८ करोड़ के निवेश संबंधी एमओयू (समझौता पत्र) पर हस्ताक्षर किया है. मंगलवार (१७ फरवरी, २०२६) को सम्मेलन के दूसरे दिन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित पांच दिवसीय समिट के दौरान बिहार सरकार ने कई वैश्विक कंपनियों और आईआईटी पटना के साथ समझौता किया.



सबसे अहम घोषणा आईआईटी पटना में २५० करोड़ की लागत से रिसर्च पार्क की स्थापना की रही. इसके साथ ही ६० करोड़ की लागत से बिहार एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा. इस पहल से प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में १० हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है. वहीं ५० हजार से अधिक युवाओं को एआई आधारित स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण दिया जाएगा. बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समिट में आज (मंगलवार) बिहार राज्य पवेलियन का उद्घाटन किया. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए. साथ ही बिहार सरकार की सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और राज्यसभा के सदस्य संजय कुमार झा भी शामिल हुए. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, जैसे भारत एआई के क्षेत्र में वैश्विक एजेंडा सेट कर रहा है, वैसे ही बिहार पूर्वोत्तर भारत का टेक्नोलॉजी हब बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. रिसर्च पार्क और एआई उेए राज्य के युवाओं को विश्वस्तरीय अवसर देंगे.

आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने कहा, २५० करोड़ का रिसर्च पार्क बिहार में उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सेतु का काम करेगा. यहां इनोवेशन लैब, स्टार्टअप स्पेस और एडवांस्ड रिसर्च सुविधाएं विकसित की जाएंगी.

समिट में बिहार की सक्रिय भागीदारी ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य अब पारंपरिक उद्योगों से आगे बढ़कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है.

आने वाले वर्षों में यह निवेश राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने में अहम भूमिका निभा सकता है.

# विराट कोहली-अनुष्का ने वृंदावन में संत प्रेमानंद जी महाराज से लिया आशीर्वाद

**मथुरा (ईएमएस):** प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने मंगलवार को प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में प्रेमानंद जी महाराज के आश्रम में अन्य भक्तों के साथ बैठे दिखे। कोहली सुबह आए। आश्रम सूत्रों के अनुसार विराट कोहली और अनुष्का शर्मा एक घंटे से अधिक समय तक यहां रुके। भारत के महान बल्लेबाजों में शुमार कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद वृंदावन में संत प्रेमानंद जी महाराज से भी मुलाकात की थी। बताया जाता है कि विदेश यात्रा से लौटने के बाद यह दंपति दिल्ली से सीधे वृंदावन पहुंचा और तड़के श्री हित राधा केली कुंज में सत्संग में शामिल हुआ। पिछले एक वर्ष में दोनों कई बार ब्रज आकर आशीर्वाद ले चुके हैं। इस बार दोनों किसी विशेष प्रोटोकॉल के तहत नहीं बल्कि सामान्य श्रद्धालुओं की तरह सत्संग में शामिल हुए। वे सैकड़ों भक्तों के बीच जमीन पर दरी पर बैठकर करीब एक घंटे तक प्रवचन सुनते रहे। दोनों के माथे पर चंदन, गले में तुलसी की माला और हाथ में नाम-जप काउंटर दिखाई दिया। पूरे समय वे शांत भाव से हाथ जोड़कर प्रवचन सुनते रहे। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं के अनुसार, दोनों ने किसी प्रकार की निजी मुलाकात या विशेष व्यवस्था की मांग नहीं की।





# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नेमरा गांव के ग्राम प्रधान का दायित्व




रांची (एजेंसी): मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नेमरा गांव के मांझी बाबा ग्राम प्रधान दायित्व सौंपा गया। सोमवार को मुख्यमंत्री ने नेमरा पहुंचे थे। इस दौरान उनका पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया।

उन्होंने करीब चार घंटे तक संताली समाज के बीच समय बिताया। नेमरा में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के लिए सीएम ने लोकतंत्र के अगुवा के रूप में मुख्य भूमिका निभायी। इस मौके पर हेमंत सोरेन नेमरा गांव के सामुदायिक भवन में ग्राम प्रधान कमेटी चयन सभा में शामिल हुए।

पूरे नेमरा गांव की संताली सामाजिक बैठक हुई, जिसमें मांझी हड़ाम कमेटी में अलग-अलग लोगों को दायित्व सौंपा गया। वहीं बताया गया कि मांझी बाबा ग्राम प्रधान का दायित्व सीएम हेमंत सोरेन निभायेंगे। प्राणिक बाबा उप ग्राम प्रधान बिरजू सोरेन, भोगदो प्रजा कानूनी सलाहकार सुखदेव किस्कू, नायके बाबा ग्राम प्रमुख पुजारी चैतन्य टुडू, कुडाम नायके बाबा नायके सहायक काशीनाथ बेसरा और जोगा मांझी बाबा संदेश वाहक विश्वनाथ बेसरा बनाये गये. इस अवसर पर सीएम ने मांझी बाबा का दायित्व निभाते हुए नये नायके बाबा को पारंपरिक तरीके से सम्मानित किया।

निवर्तमान नायके बाबा सोहन सोरेन ने स्वास्थ्य कारणों के कारण त्याग-पत्र दे दिया था. मौके पर सीएम ने उन्हें भी सम्मानित किया। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपने चाचा श्रीकांत सोरेन से भी मुलाकात की। वे पिछले पांच वर्षों से लकवा से पीड़ित है। हालचाल लेने के बाद मुख्यमंत्री ने सिविल सर्जन नवल कुमार को इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। साथ ही समुचित चिकित्सा सुविधा और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

# बजट सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक

## जनहित, सामाजिक न्याय और विकास एजेंडा पर फोकस



रांची (एजेंसी): रांची में झारखंड कांग्रेस विधायक दल (उड्झ) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी बजट सत्र को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड के सह-प्रभारी भूपेंद्र मरावी, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित कांग्रेस के मंत्रीगण और विधायकगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर व्यापक चर्चा हुई। राज्य के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक न्याय की मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

नेताओं ने स्पष्ट किया कि गठबंधन सरकार जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से सदन में उठाएगी और विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित हो सकें। बैठक में संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने, विधायी रणनीति को धार देने और बजट सत्र के दौरान जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स व 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



रांची (एजेंसी): रांची के लोक भवन में आयोजित 'ऐट होम' कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'गणतंत्र दिवस में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी कैडेट्स और वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस शिविर में राज्य का प्रतिनिधित्व करना गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की १५०वीं जयंती वर्ष पर आयोजित 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन' को युवाओं में राष्ट्रभक्ति, फिटनेस और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने वाला प्रेरणादायी आयोजन बताया। उन्होंने कैडेट्स की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रशिक्षकों और अधिकारियों को भी बधाई दी।

**एनसीसी संगठन नहीं पूरी पाठशाला**

उन्होंने कहा कि नेशनल कैडेड कॉर्प्स केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, सेवा और राष्ट्रप्रेम की पाठशाला है। एनसीसी युवाओं में चरित्र निर्माण, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि एनसीसी विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है, जो 'विविधता में एकता' का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल ने उल्लेख किया कि वे खुद भी छात्र जीवन में एनसीसी कैडेट रहे हैं। एनसीसी कैडेट्स परेड और शिविरों के अलावा रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

# बंगाल चुनावों की तैयारी में चंपाई सोरेन आदिवासी सीटों पर बनाई रणनीति, बैठकों से तेज बढ़ी सियासी हलचल



जमशेदपुर (एजेंसी): जहां एक ओर झारखंड भाजपा के नेता नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और 'झारखंड टाइगर' के नाम से चर्चित चम्पाई सोरेन बंगाल चुनावों को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वे सीमावर्ती और आदिवासी बहुल इलाकों में लगातार बैठकों के जरिए संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

बताया जा रहा है कि वे भाजपा कार्यकर्ताओं और समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर उन्हें चुनावी रणनीति के तहत एकजुट कर रहे हैं। इसी क्रम में झाड़ग्राम से बबलू मुर्मू के नेतृत्व में पहुंचे भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की और क्षेत्रीय समीकरणों पर चर्चा की।

बैठक के दौरान चम्पाई सोरेन ने टीएमसी सरकार पर आदिवासी विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाया और कार्यकर्ताओं से आदिवासी समाज को संगठित व जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि इस बार बंगाल में बदलाव तय है और भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली दौरे के दौरान पार्टी नेतृत्व ने उन्हें विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। इस टास्क के तहत आदिवासी बहुल सीटों पर संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति को धार देने पर जोर दिया जा रहा है। बंगाल चुनाव को लेकर उनकी सक्रियता ने सियासी गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है।

# अधिवक्ताओं पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ यंग लॉयर्स एसोसिएशन का विरोध, डीजीपी के नाम सौंपा ज्ञापन



रांची (एजेंसी): झारखंड राज्य में अधिवक्ताओं के साथ लगातार हो रहे अत्याचार, दुर्व्यवहार और असुरक्षा की घटनाओं के विरोध में यंग लॉयर्स एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी क्रम में मंगलवार को एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन ने लिखा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट, धमकी, अभद्र व्यवहार और झूठे मामलों में फंसाने जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जिससे भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं और यदि वे स्वयं सुरक्षित नहीं होंगे तो आम जनता को न्याय दिलाने की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। एसोसिएशन ने मांग की कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। पुलिस द्वारा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा अधिवक्ताओं के साथ होने वाले अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जाएं। साथ ही ऐसे मामलों की निगरानी के लिए अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त करने की भी मांग की गई। हालांकि डीजीपी की व्यस्तता के कारण प्रतिनिधिमंडल की उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। मौके पर एसोसिएशन के फाउंडर वाजिद अली, जेनरल सेक्रेटरी वेंकेटेश तथा सीमा सिंह मौजूद रहीं।

# राज्यपाल सचिवालय में दो अवर सचिवों की हुई प्रतिनियुक्ति




रांची (एजेंसी): झारखण्ड सचिवालय सेवा के दो अवर सचिवों को राज्यपाल सचिवालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग के अवर सचिव रहे राजकिशोर कुमार को अगले आदेश तक राज्यपाल सचिवालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं, भवन निर्माण विभाग के अवर सचिव संजय कुमार को भी अगले आदेश तक राज्यपाल सचिवालय में पदस्थापित किया गया है। हालांकि ,राज्य सरकार ने फिलहाल परिवहन विभाग और भवन निर्माण विभाग में स्थानांतरित अवर सचिवों की जगह दूसरे अवर सचिव को पदस्थापित नहीं किया है। कार्मिक विभाग के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही सचिवालय सेवा के और भी पदाधिकारियों का तबादला होगा। इसमें उन दोनों विभाग में पदाधिकारी की पोस्टिंग की जाएगी। वहीं, प्रतिनियुक्त दोनों अधिकारियों के राज्यपाल सचिवालय में पदस्थापन के बाद वहां के कामकाज में तेजी आएगी।

# अवैध विज्ञापन पर नगर निगम सख्त, पंडित जी समेत 62 लोगों को दिया अल्टीमेटम

रांची (एजेंसी): रांची नगर निगम शहर में बिना अनुमति के अवैध रूप से पोस्टर और पैंपलेट चिपकाने वालों को लेकर सख्त हो गया है। प्रचार-प्रसार करने वाले ६२ विज्ञापन लगाने वालों को मंगलवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया गया है। नगर निगम ने पूर्व में भी इन सभी को नोटिस जारी कर जुर्माना निर्धारित अवधि के भीतर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद संबंधित विज्ञापनकर्ताओं ने अब तक जुर्माना राशि जमा नहीं कीहै। उन्हें नोटिस जारी करते हुए अंतिम चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि वे जल्द से जल्द जुर्माना राशि नगर निगम कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को निर्गत ट्रेड लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा। वहीं एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सेल्फ स्टडी लाइब्रेरी, डीएवी पब्लिक स्कूल, नारायणी नर्सिंग कॉलेज, सुमिरन बैंक्वेट एंड गेस्ट हाउस, सीएडी, पंडित मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, रॉय इंटरनेशनल स्कूल, वन्या विलेज, लिंगो, करियर फाउंडेशन (४ींह फ्लोर), वीणा वस्त्र कलेक्शन, ट्रेड फ्रेंड्स, रितु रेसिडेंसी, गुरुकुल वर्ल्ड प्ले स्कूल, सुरिधा बॉयज हॉस्टल एंड मेस, यूकेएमसी, उड़ान आईएएस अकादमी, चांदसी दवाखाना, शंकर सेप्टिक टैंक, डीलर रितेश साहू, पाइल्स क्योर क्लिनिक, सुकृष्णा कॉमर्स, पयोद्धि लाइब्रेरी, स्नूकर पूल एंड स्नैक्स, पीसी टेक सेल्स एंड सर्विसेज, अमृत ज्योत आई केयर, प्रयास डेवलपर्स, झारखंड एजुकेशन ट्रस्ट, बरियातू तिरिल रांची, रॉयज गर्ल्स पीजी-फील्स लाइक होम, वासुका अकादमी (गएए/छएएढ-णत्रः), सृष्टि हॉस्पिटल, ट्यूलिप गर्ल्स हॉस्टल को नोटिस जारी किया है।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### भारत-फ्रांस के बीच---

'इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर डिजिटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी' और 'नेशनल सेंटर ऑफ एलायंस फॉर स्किलिंग इन एयरोनॉटिक्स' की शुरुआत कर रहे हैं। ये केवल संस्थान नहीं हैं, बल्कि भविष्य बनाने वाले प्लेटफॉर्म हैं। दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। इसतरह के माहौल में, भारत-फ्रांस की साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए एक बड़ी ताकत है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, मैं अपनी चौथी आधिकारिक भारत यात्रा पर आपके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध वास्तव में असाधारण और अद्वितीय हैं। यह रिश्ता भरोसे, खुलेपन और महत्वाकांक्षा का है। हमने आज इस साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया है, जिससे इस एक नया दर्जा मिला है। उदाहरण के लिए, चाहे वह भारत-प्रशांत क्षेत्र हो या तकनीक, जहाँ कोई वर्चस्व न हो। हम कानून के शासन में दृढ़ विश्वास रखते हैं और हमने पिछले कुछ वर्षों में इस बात को साबित भी किया है। चाहे वह आईएमईसी (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा) हो जिसे हमने संयुक्त रूप से लांच किया, या फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन हो, हमने पिछले आठ वर्षों में मिलकर कई पहल की हैं।

**3.25 लाख करोड़ की डील संभव-** यूरोपीय यूनियन, अमेरिका के साथ डील के बाद पूरी दुनिया की नजर भारत की फ्रांस के साथ होने वाली डील पर है। इसके बाद द्विपक्षीय मुलाकात बेहद अहम रहने वाली है। सूत्रों के मुताबिक, भारत-फ्रांस के बीच ३.२५ लाख करोड़ की डील हो सकती है। कीमत के हिसाब से यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य डील मानी जा रही है। भारत को फ्रांस से ११४ राफेल फाइटर जेट मिलने वाले हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन की---

लेकर डॉ. श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में सत्ता पक्ष के मंत्रियों और विधायकों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं मुख्यमंत्री ने की। बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बजट सत्र को लेकर सरकार की सक्रियता से प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

### एस जयशंकर ने कहा---

किया जा रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने इस आयोजन की तस्वीरों के साथ पोस्ट में लिखा, मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फणडवीस के साथ ग्लोबल इकोनॉमिक कोऑपरेशन कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि मंच से उन्होंने भारत के मुश्किल दौर में ताकतवर बनने की कोशिशों पर भी प्रकाश डाला। कहा, हमारी सरकार की तेजतर्रार, प्रैक्टिकल और जन केंद्रित नीति भारत को दुनिया का एक भरोसेमंद साझेदार बनाती है। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भू-आर्थिक स्थिति, व्यापार कूटनीति और निवेश पर मंथन करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने यहां भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और रणनीतिक साझेदारी जोर दिया। उन्होंने कहा, मौजूदा ग्लोबल ऑर्डर हमारी आंखों के सामने साफ तौर पर बदल रहा है। रिप्लेसमेंट बनाना मुश्किल है, और ऐसा लगता है कि हम एक अंधेरे की ओर बढ़ रहे हैं। यह जोखिम भरा, अप्रत्याशित, और शायद खतरनाक भी हो सकता है। जयशंकर ने रिफॉर्म एक्सप्रेस को जारी रखने की बात कहकर कहा कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने का भारत का जवाब है कि वह अपनी राष्ट्रीय क्षमताओं को और बढ़ाए, ग्रोथ की चुनौतियों का पूरी तरह से सामना करे, और शॉर्ट-टर्म मुद्दों और लॉन्ग-टर्म संभावनाओं, दोनों से निपट ले सकते है।

### तारिक रहमान बांग्लादेश के---

मुताबिक नई संसद १८० दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घटती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी।

### समुद्र में 3 संदिग्ध तेल----

गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी ६ फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई।

# सरयू राय की बन्ना गुप्ता को सीधी चुनौती, बोले- आमने-सामने बैठकर बताएं आपने क्या किया, मैं बताऊंगा मैंने क्या किया





जमशेदपुर (एजेंसी): जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता को खुली बहस की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता मीडिया के सामने आकर बताएं कि अपने कार्यकाल में उन्होंने क्या किया और वे स्वयं बताएंगे कि एक साल में उन्होंने क्या-क्या काम किए हैं।

सरयू राय ने आरोप लगाया कि बन्ना गुप्ता ने न्यू पुरुलिया रोड पर भी अवैध निर्माण कराया है और एक अस्पताल के निर्माण में उनकी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि अगर अवैध निर्माण को ही खिदमत कहा जाए, तो ऐसी खिदमत उन्हें मुबारक हो।

**मेयरपति का चुनाव लड़ रहे हैं बन्ना गुप्ता**

सोशल मीडिया पर जारी बयान में सरयू राय ने कहा कि अब यह साफ हो गया है कि मानगो नगर निगम का चुनाव सुधा गुप्ता नहीं, बल्कि मेयरपति के तौर पर बन्ना गुप्ता लड़ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि एक पूर्व मंत्री द्वारा यह कहना कि पत्नी के जीतने पर वही सारे काम करवाएंगे, आचार संहिता के अनुरूप है या नहीं इस पर प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेयर के अधिकार सीमित होते हैं और नगर निगम की वास्तविक शक्तियां मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी या उप नगर आयुक्त के पास होती हैं, जिसकी जानकारी बन्ना गुप्ता को नहीं है।

**पति कदमा में, पत्नी मानगो में**

सरयू राय ने आरोप लगाया कि मानगो नगर निगम चुनाव लड़ने के लिए सुधा गुप्ता का पता लोटस रेजीडेंसी के नाम पर दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि पति कदमा में रहते हैं और पत्नी मानगो में्। लोटस रेजीडेंसी को बन्ना गुप्ता के चचेरे साले चंदन मित्तल द्वारा बनवाया गया बताया गया है, जिसे नागरिक अवैध भवन बताते हैं्।

आरोप है कि भवन का नक्शा पास नहीं है और सीवरेज निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से आसपास के लोग परेशान हैं। आंदोलन भी हुआ, लेकिन मंत्री रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**विकास कार्यों पर जोर आजमाइश**

सरयू राय ने कहा कि वे अभी एक साल से विधायक हैं और इस दौरान विधायक निधि से मानगो क्षेत्र में १३८ योजनाएं ली गई हैं, जिनमें हिंदू-मुस्लिम दोनों इलाकों के काम शामिल हैं। नगर विकास मद से ८४ योजनाएं चल रही हैं और १५वें वित्त आयोग से एक दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है।

चार बड़े नालों की सफाई और मरम्मत के एस्टीमेट रांची भेजे जा चुके हैं, वहीं हजार स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव भी लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि बन्ना गुप्ता अफवाह फैला रहे हैं कि मानगो में कोई काम नहीं हुआ्।

**मुस्लिम इलाकों को लेकर अफवाह**

सरयू राय ने मुस्लिम इलाकों में काम नहीं करने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जलजमाव जैसी समस्याओं में मौके पर जाकर सहयोग किया है और विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया।

**लोटस रेजीडेंसी की वैधता की जांच की मांग**

सरयू राय ने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त को पत्र लिखकर लोटस रेजीडेंसी की वैधता, नक्शा स्वीकृति और सीवरेज निकासी व्यवस्था की जांच कराने का आग्रह किया है। पत्र में सवाल उठाया गया है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर निगम ने कार्रवाई क्यों नहीं की।



# फेस के शेप के हिसाब से कैरी करें इयररिंग्स

**हर किसी की चाहत अच्छा दिखना होती है। लोग स्टाइलिश लगने के लिए कई ट्रेंडिंग आउटफिट खरीदते हैं। अगर बात करें लड़कियों की तो वह आउटफिट के साथ कई ऐसी चीजें होती हैं, जिनका उपयोग लड़कियां खूबसूरती बढ़ाने के लिए करती हैं।**

लड़कियां मेकअप के अलावा आउटफिट के हिसाब से एक्सेसरीज पहनने की भी शौकीन होती हैं। एक्सेसरीज ही आपके लुक को परफेक्ट बनाती हैं। वहीं अगर बात सिर्फ इयररिंग्स की हो तो फेस के शेप के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। वहीं अगर आप गलत इयररिंग्स का चुनाव करती हैं, तो आपका अच्छा-खासा लुक भी बिगड़ सकता है। एथनिक वियर के साथ कई अलग तरह की इयररिंग्स पहनी जाती हैं। अगर आप अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स नहीं पहनती हैं, तो यह देखने में भी खराब या अजीब लग सकता है। इसलिए आपको अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। इस इयररिंग्स से आपके लुक में चार चांद लगते हैं।

### डायमंड आकार का फेस

अगर आपका फेस डायमंड शेप के आकार का है, तो आप पर लंबे लटकने वाले इयररिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि क्योंकि चीकबोन की तुलना में इन लोगों का माथा कम चौड़ा होता है। इसलिए डायमंड आकार के फेस पर लंबे इयररिंग ही बेस्ट दिखेंगे।

### हार्ट शेप फेस के लिए

हार्ट शेप आकार के फेस पर चौड़े बॉटम और टॉप पर संकरे, शैलेंडियर या लॉन्ग टीयरड्रॉप ईयररिंग्स काफी फबेंगे। क्योंकि इन लोगों की जॉ-लाइन बहुत अच्छी होती है।

### लंबे फेस के लिए

अगर आपका फेस लंबा है, ऐसे में आप इसको भरा लुक देना चाहती हैं तो इस दौरान आप लंबे हूप्स, स्टड, क्लस्टर्ड ईयररिंग्स और स्टोन लगे हुए छोटे डैंगल ईयररिंग कैरी कर सकती हैं।

### गोल फेस वालों के लिए

गोल फेस वाली लड़कियों पर लंबे लंबे इयररिंग्स अच्छे लगेंगे। यह आपके लुक को परफेक्ट बनाने का काम करेंगे।

### अंडाकार फेस के लिए

अंडाकार फेस वाली लड़कियों पर स्डट, ईयरड्रॉप और हल्के ट्राईएंगुलर शेप के इयररिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि अंडाकार फेस वालों का माथा और जॉ-लाइन लगभग एक समान होता है।



# किसे करवाना चाहिए कैसा हेल्थ इंश्योरेंस जानें ये जरूरी जानकारी

**गाहे-बगाहे आपके हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में सुनने को मिल ही जाता है। इस दौरान जब लोग अपनी सेहत को लेकर सजग हो रहे हैं और बीमारियों ने हमें परेशान कर रखा है तब हेल्थ इंश्योरेंस एक बहुत बड़ी जरूरत बनती चली जा रही है। हेल्थ इंश्योरेंस की बात करें तो अधिकतर लोग अपने ऑफिस के हेल्थ इंश्योरेंस से ही खुश हो जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी जरूरत कितनी बड़ी है?**

हेल्थ इंश्योरेंस पिछले कुछ सालों में इतना जरूरी टूल बन गई है कि आपको इसकी अहमियत समझनी चाहिए। ये आपके लंबे-चौड़े हेल्थ बिल का भुगतान आसानी से कर सकती है और किसी बड़े ऑपरेशन का खर्च भी निकाल सकती है। पर अधिकतर लोगों की समस्या ये होती है कि उन्हें ये जानकारी नहीं होती कि कैसा इंश्योरेंस प्लान उनके लिए बेस्ट होगा।

मुख्य दो तरह के होते हैं इंश्योरेंस प्लान-

आपको सबसे पहले तो ये तय करना होगा कि आपको किस टाइप का हेल्थ इंश्योरेंस लेना है यानि आपको फैमिली प्लान लेना है या फिर एक सिंगल प्लान जो सिर्फ आपको कवर करे। अगर आपकी शादी हो गई है तो फैमिली फ्लोटर प्लान बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। सिंगल लोगों के लिए ही नॉर्मल प्लान होना चाहिए।

सिर्फ ऑफिस के प्लान पर भरोसा ना करें क्योंकि कई बार ये काफी नहीं होता है। अगर आपने अपना ऑफिस छोड़ा तो साथ ही प्लान का कवर भी छूट जाएगा। आपको अपनी हेल्थ हिस्ट्री के हिसाब से ही अपना प्लान तय करना चाहिए।

### कितनी तरह के होते हैं हेल्थ इंश्योरेंस प्लान?

अब बात करते हैं हेल्थ इंश्योरेंस प्लान की और बात करते हैं कि आखिर कितने प्लान आप ले सकते हैं? हेल्थ इंश्योरेंस प्लान हॉस्पिटलाइजेशन और डे-केयर ट्रीटमेंट्स भी कवर कर सकते हैं। कुछ प्लान ऐसे भी होते हैं जो हेल्थ चेक अप और एम्बुलेंस चार्ज भी मैनेज कर लेते हैं। आप इन तरह के इंश्योरेंस प्लान ट्राई कर सकते हैं-

### ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस

ये आमतौर पर वो हेल्थ इंश्योरेंस है जिसमें एक ग्रुप को कवर किया जाता है। ये कॉर्पोरेट, एम्प्लॉयज या स्टार्टअप्स के लिए लिया जाता है। ये आमतौर पर ऑफिस से मिलने वाला इंश्योरेंस है जिसमें सभी के पास एक जैसे इंश्योरेंस बेनिफिट्स होते हैं।

### इंडिविजुअल हेल्थ इंश्योरेंस

जैसा कि हमने पहले बताया ये इंश्योरेंस प्लान सिर्फ एक सिंगल इंसान के लिए होता है। ये प्लान फाइनेंशियल बेनिफिट्स देता है पर आपको परिवार के हर इंसान के लिए अलग-अलग कवर लेना होगा।

### फैमिली फ्लोटर प्लान

ये वो प्लान है जिसमें आपको पूरे परिवार को कवरेज मिलता है। ये काफी अफोर्डेबल होता है और अलग-अलग फैमिली मेंबर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। एक ही इंश्योरेंस पॉलिसी में सभी को कवर करने का फायदा ये होता है कि सभी फैमिली मेंबर्स फ्लोटर प्लान के जरिए कवर हो जाते हैं। आप इसमें माता-पिता, पत्नी, खुद की बीमारी और बच्चों की बीमारियां कवर कर सकते हैं।

### गंभीर बीमारियों के लिए इंश्योरेंस

ये इंश्योरेंस प्लान सिर्फ गंभीर बीमारियों के लिए होता है जैसे किडनी फेल, स्ट्रोक, हार्ट अटैक, लकवा आदि। इस प्लान को पहले से लिया जाता है और इसका प्रीमियम भी ज्यादा हो सकता है। आपकी फैमिली हिस्ट्री के हिसाब से ये प्लान लिया जा सकता है।

### एक्सीडेंटल इंश्योरेंस

ये वो प्लान होता है जिसमें दुर्घटनाओं को कवर किया जाता है। अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो आपकी सेविंग्स खत्म ना हो इसलिए आपको ये इंश्योरेंस करवाना चाहिए। ये पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी आपके किसी भी तरह के एक्सीडेंट, डिसेबिलिटी, मौत आदि सभी को कवर करती है।

### मैटरनिटी हेल्थ इंश्योरेंस

ये वो हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है जिसमें मां और होने वाले बच्चे के लिए बेसिक हेल्थ पॉलिसी दी जाती है। ये डिलीवरी से पहले होने वाले टेस्ट, डिलीवरी का खर्च और उसके बाद होने वाले मेडिकल खर्च को कवर करता है। इस प्लान का वेटिंग पीरियड होता है और बेहतर होगा कि आप इस प्लान को बच्चे की प्लानिंग करने से पहले लें।

### सीनियर सिटीजन हेल्थ इंश्योरेंस

ये पॉलिसी सीनियर सिटिज़न्स के लिए ली जाती है और 60 साल से ऊपर के किसी भी इंसान को इस पॉलिसी के अंतर्गत कवर किया जा सकता है। इस प्लान का रेट काफी हाई होता है।







# ट्रैवल इंश्योरेंस से बनाएं अपने सफर को सुरक्षित जानें इसके फायदे

**अगर आप कहीं ट्रैवल करने जा रही हैं तो आपको ट्रैवल इंश्योरेंस जरूर करवाना चाहिए क्योंकि इससे आपको कई सारे फायदे मिलेंगे।**

अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं तो उससे पहले आपको ट्रैवल इंश्योरेंस जरूर करवाना चाहिए क्योंकि अगर सफर के समय आपको किसी प्रकार की इमरजेंसी होगी तो यह ट्रैवल इंश्योरेंस आपके लिए बहुत मददगार हो सकता है। आप अपने साथ-साथ अपने परिवार वालों का भी ट्रैवल इंश्योरेंस करवा सकती हैं। इससे आपको यात्रा के समय सामान चोरी होने की स्थिति या फिर मेडिकल इमरजेंसी आदि कोई भी परेशानी होने पर ट्रैवल इंश्योरेंस का लाभ मिल सकता है।

### क्या होता है ट्रैवल इंश्योरेंस?

ट्रैवल इंश्योरेंस कई तरह की इमरजेंसी जैसे मेडिकल खर्च के लिए कवरेज देता है। इस कवरेज में मेडिकल खर्च और चेक-इन में सामान संबंधी परेशानी होना या फिर यात्रा के समय सामान खो जाना इन ट्रैवल इमरजेंसी में फाइनेंशियल सहायता जैसे खर्च भी शामिल होते हैं।

इससे आपको कई तरह के अन्य फायदे भी मिलते हैं। यह सभी यात्रा के जोखिम को भी कवर करता है। कई सारी कंपनियां ट्रैवल इंश्योरेंस देती हैं और उनका प्रीमियम चार्ज अलग-अलग होता है और सुविधाएं भी उसी के अनुसार होती है। आपको बता दें कि बीमा कंपनी आपको ट्रैवल इमरजेंसी में मुआवजा देती है और यह इंश्योरेंस सिर्फ विदेश यात्रा के लिए ही नहीं बल्कि घरेलू सफर के लिए भी मिलता है।

### क्या होते हैं ट्रैवल इंश्योरेंस के फायदे

इस इंश्योरेंस के कई सारे फायदे होते हैं। अगर आप विदेश में कहीं छुट्टियां बिताने गए हैं तो आपके घर पर चोरी हो सकती है ऐसे में आपके घर पर हुई चोरी से होने वाले नुकसान को पॉलिसी में कवर किया जाता है।(इंश्योरेंस नहीं, हेल्थ केयर मैनेजमेंट से सेक्योर करें अपने परिवार की हेल्थ)इसके अलावा इस इंश्योरेंस से आपको विदेश यात्रा जाने पर कई लाभ मिलते हैं जैसे अगर आपका पासपोर्ट या कोई अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट खो जाता है, प्लेन हाईजैक हो जाता है या आपको कोई स्वास्थ्य से जुड़ी हुई परेशानी होती है तो आप इस इंश्योरेंस का लाभ उठा सकते हैं।

इसके साथ-साथ अगर आप देश के अंदर या फिर विदेश में पूरे परिवार के साथ कहीं जाते हैं तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना, बीमारी, उड़ान रद्द होने पर आपको और आपके परिवार को पूरा फायदा मिल सकता है अगर आपने यह इंश्योरेंस सभी परिवार के सदस्यों के लिए कराया होगा। इसके अलावा फ्लाइट में देरी होने पर भी कंपनी आपको मुआवजा देती है।






**पंजाबी अंदाज पाने के लिए आप भी अगर सलवार सूटी की खूबसूरत डिजाइंस तलाश रही हैं, तो आपको भी एक बार लेख में दिखाई गई डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए और इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी सूखना चाहिए।**

# परफेक्ट पंजाबी लुक देंगे ये सूट डिजाइंस

### पटियाला सूट

पंजाब का पटियाला सूट दिखने में बहुत ज्यादा अच्छा लगता है। इसके साथ आप शॉर्ट या फिर लॉन्ग किसी भी तरह की कुर्ती पहन सकती हैं। पतियाला सलवार में अब मोहरी पर भी हैवी वर्क किया जाने लगा है। आपको इस तरह के पटियाला सूट बाजार में मिल जाएंगे और आप अलग से कपड़ा लेकर इन्हें स्टिच भी करा सकती हैं।

### अनारकली सूट

अनारकली सूट में आपको एक नहीं कई तरह की वेराइटी देखने को मिल जाएंगी। आप लॉन्ग, नी-लेंथ और फ्लोर लेंथ कैसे भी अनारकली सूट बनवा सकती हैं या फिर आपको बाजार में पंजाबी स्टाइल में इस तरह के सूट मिल भी जाएंगे। पहले तो अनारकली कुर्ते को चूड़ीदार पैजामे के साथ ही पहना जाता था, मगर अब आपको इसमें सल्वार, प्लाजो, पैंट और शरारा या गरारा भी मिल जाएगा।

### चूड़ीदार सूट

चूड़ीदार पैजामें के साथ सूट पहनने का फैशन एक बार फिर से आ गया है। वैसे तो चूड़ीदार के साथ लॉन्ग कुर्ते बहुत अच्छे लगते हैं, मगर अब आप शॉर्ट कुर्तियों के साथ भी चूड़ीदार पैजामें पहन सकती हैं। आप कुर्तियों को बंदगला स्टाइल, डीप नेकलाइन वाला या आप डोरी वर्क वाली कुर्ती भी इसके साथ पहन सकती हैं।

### प्लाजो सूट

प्लाजो के साथ भी कुर्तियों के डिजाइन में आपको बहुत सारी वेराइटी देखने को मिलेगी। अब कुर्तियां सिंपल और डिजाइनर प्लाजो भी खूब मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। ऐसे पंजाबी प्लाजो सूट आप किसी अच्छे टेलर से स्टिच भी करा सकती हैं। आप किसी सॉलिड कलर वाली सिंपल कुर्ती के साथ प्रिंटेड प्लाजो पहन कर भी अच्छा लुक पा सकती हैं।

### शॉर्ट कुर्ती पंजाबी सूट

शॉर्ट कुर्तियों का ट्रेंड पंजाब से ही आया है और इस तरह की कुर्तियों को आप चूड़ीदार, पटियाला सल्वार, चुन्नट वाली सल्वार या फिर प्लाजो किसी के साथ भी कैरी कर सकती हैं। आजकल तो गरारे और शरारे के साथ भी शॉर्ट कुर्तियों का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। आप इन कुर्तियों में थोड़ा बहुत वर्क करा लेती हैं, तो यह पार्टीवियर हो जाती है।

### हैवी पंजाबी सूट

अगर आप हैवी पंजाबी सूट की नई डिजाइंस तलाश रही हैं, तो आपको बता दे कि अब वेल्वेट फैब्रिक के सूट्स काफी ट्रेंड में हैं। इन सूट्स में आपको स्लीव्ज और कुर्ते की हेमलाइन पर हैवी गोटा वर्क मिल जाएगा। वहीं इसके साथ आप पैंट बनवा सकती हैं। और यह पैंट आप ब्रोकेड फैब्रिक की बनवाएंगी तो ज्यादा अच्छा रहेगा क्यों इस फैब्रिक से सूट अपने आप ही हैवी लगने लगता है। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी शिफॉन या जॉर्जेट का दुपट्टा कैरी करें। इस दुपट्टे में आप गोटा लगवा सकती हैं।

### गरारा पंजाबी सूट

गरारा सूट में भी पंजाबी स्टाइल खूब पसंद किया जाता है। इसमें भी आपको बहुत सारे खूबसूरत डिजाइंस मिल जाएंगे। इन्हें आप किसी भी छोटे बड़े ईवेंट में पहन सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क वाले गरारे भी मिल जाएंगे और सिंपल लुक के ट्रेंडी गरारों में भी कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगी।

### शरारा पंजाबी सूट

शरारा सूट तो कब से ट्रेंड में है और इसमें नई-नई वेराइटी आती ही जा रही हैं। ऐसे में आप भी अगर पंजाबी शरारा सूट पहनना चाहती हैं, तो बाजार में आपको एक से बढ़कर एक डिजाइन मिल जाएंगी। इसमें लाइट वेट फैब्रिक और हैवी फैब्रिक दोनों में ही आपको अच्छी वेराइटी बाजार में मिल जाएगी और आपको इसे किसी भी अवसर में पहन सकती हैं।

### लोर लेंथ पंजाबी सूट

लोर लेंथ पंजाबी सूट में भी आपको एक नहीं ढेरों वेराइटी मिल जाएंगी। इसमें भी हैवी और लाइट वर्क का विकल्प होता है। आप इनके नीचे चूड़ीदर पैजामें या फिर डिजाइनर पैंट भी पहन सकती हैं। किसी शादी के फंक्शन या फिर घर के किसी बड़े अवसर पर आपको परफेक्ट एथनिक लुक चाहिए तो फ्लोर लेंथ कुर्ते ऐसे समय के लिए अच्छे होते हैं।



# सर्दियों में घर पर उगाएं ये ताजी और सेहतमंद सब्जियां, बेहद आसान है तरीका

सर्दियों का मौसम घर पर किचन गार्डन शुरू करने के लिए सबसे बेहतरीन होता है। कम जगह, गमले या छत पर भी आप ताजी और सेहतमंद सब्जियां उगा सकते हैं। आइए जानते हैं सर्दियों में घर पर उगाने के लिए बेस्ट सब्जियां और उनका आसान तरीका।

## पालक

इसके बीज सीधे गमले या ग्रो बैग में बोएं गोबर की खाद + मिट्टी + रेत की मदद से इसे लगाएं। इसे 4-5 घंटे की धूप जरूरी है इसे पानी हल्का और नियमित दें। 25-30 दिन में कटाई करें।

## गाजर

गाजर के लिए 10-12 इंच का गहरा गमला चुनें। इसका बीज सीधे मिट्टी में डालें, पानी ज्यादा न दें। इसकी 70-80 दिन बाद कआई करनी चाहिए।

## मेथी

इसके बीज को 6-8 घंटे भिगोकर बोएं। 15-20 दिन में कटाई करें। इस सब्जी को बहुत कम देखभाल की जरूरत है।

## हरा प्याज

प्याज की जड़ वाला हिस्सा मिट्टी में लगाएं। इसकी 7-10 दिन में पत्तियां निकलने लगती हैं। इसकी बार-बार कटाई संभव है।

## धनिया

इसका बीज हल्का कूटकर बोएं। यह हल्की धूप में भी उग जाता है। 20-25 दिन में इसकी पत्तियां तैयार हो जाती हैं।

जरूरी टिप्स

- हफ्ते में 1 बार जैविक खाद डालें
- सुबह या शाम पानी दें
- कीड़े से बचाव के लिए नीम तेल का छिड़काव करें
- जलभराव से बचें

# गैस की दुश्मन है ये दाल, इसे खाते ही मिनटों में पेट को मिल जाएगा आराम

अगर आप अक्सर गैस, भारीपन या बदहजमी से परेशान रहते हैं, तो आपकी थाली में पीली मूंग दाल की जगह साबुत हरी मूंग शामिल करना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, साबुत मूंग पाचन तंत्र के लिए ज्यादा हल्की और फायदेमंद मानी जाती है। चलिए जानते है इस दाल को खाने के 5 बड़े फायदे

## ज्यादा फाइबर, बेहतर पाचन

साबुत हरी मूंग में घुलनशील और अघुलनशील फाइबर दोनों पाए जाते हैं। यह आंतों की सफाई में मदद करती है, कब्ज से राहत दिलाती है, गट हेल्थ मजबूत करती है। जबकि पीली मूंग दाल में प्रोसेसिंग के कारण फाइबर कम हो जाता है।

## नेचुरल एंजाइम्स से भरपूर

ग्रीन मूंग में मौजूद प्राकृतिक एंजाइम्स भोजन को आसानी से पचाने में मदद करते हैं। ये एंजाइम्स गैस, एसिडिटी और ब्लोटिंग की समस्या को कम करते हैं।

## गट बैक्टीरिया को करता है मजबूत

साबुत मूंग प्रीबायोटिक की तरह काम करती है, जिससे अच्छे बैक्टीरिया बढ़ते हैं। इससे, पाचन सुधरता है, इम्युनिटी मजबूत होती है और आंतों की सूजन कम होती है

## लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स

ग्रीन मूंग का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कमहोता है, जिससे ब्लड शुगर धीरे बढ़ती है, पेट लंबे समय तक भरा रहता है ओवरईटिंग नहीं होती

## हल्की होने के बावजूद पोषण से भरपूर

साबुत हरी मूंग में हाई प्रोटीन, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम होता है, जो पेट पर बोझ डाले बिना शरीर को एनर्जी देता है।

## हरी मूंग दाल को खाने का तरीका

इसे रातभर भिगोकर पकाएं या फिर अंकुरित (स्प्राउट्स) रूप में लें। इसे जीरा, हींग और अदरक के साथ पकाएं, ज्यादा तेल और मसालों से बचें। अगर आप हल्का, हेल्दी और पचने में आसान विकल्प चाहते हैं, तोपीली मूंग दाल की जगह साबुत हरी मूंग को डाइट में शामिल करें। यह पाचन ही नहीं, बल्कि ओवरऑल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है।



सर्दियों में पत्तागोभी लगभग हर भारतीय रसोई में इस्तेमाल की जाने वाली आम सब्जी है। सब्जी, सलाद, मंचूरियन, कोफ्ते या पराठे हर रूप में पत्तागोभी का स्वाद लोगों को खूब पसंद आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर इसे सही तरीके से साफ न किया जाए, तो यही पत्तागोभी आपकी सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकती है?



# सिर्फ पानी में भिगोना काफी नहीं! जानें पत्तागोभी धोने का सही तरीका

दरअसल पत्तागोभी की कई परतों के बीच मिट्टी, छोटे कीड़े, बैक्टीरिया और कीटनाशकों के अवशेष छिपे रहते हैं, जो आंखों से दिखाई नहीं देते। सिर्फ ऊपर से धोकर या पानी में हल्का सा भिगोकर इसे पकाना फूड पॉइजनिंग और पेट की समस्याओं को न्योता दे सकता है।

## क्यों जरूरी है पत्तागोभी को सही तरीके से धोना?

पत्तागोभी जमीन के बेहद करीब उगती है, इसलिए इसमें मिट्टी और कीड़े लगने की संभावना ज्यादा होती है। कई बार इसके अंदर छोटे हरे कीड़े छिपे रहते हैं, जो सीधे शरीर में पहुंचकर संक्रमण, उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा खेतों में इस्तेमाल किए गए कीटनाशक भी इसकी परतों में फंसे रह सकते हैं।

## पत्तागोभी धोने का सही और सुरक्षित तरीका

बाहरी पत्ते जरूर हटाएं : सबसे पहले पत्तागोभी को किसी साफ सतह पर रखें और उसके ऊपर के 2-3 बाहरी पत्ते निकालकर फेंक दें। यही पत्ते सबसे ज्यादा गंदे होते हैं और इनमें कीटनाशक जमा रहते हैं।

काटकर धोना है बेहद जरूरी : पूरी पत्तागोभी को बिना काटे धोना गलत तरीका है। इसे बीच से दो या चार हिस्सों में काट लें, ताकि अंदर की परतों तक पानी पहुंच सके और छिपी गंदगी बाहर निकल सके।

नमक वाले पानी में भिगोएं : अब एक बड़े बर्तन में साफ पानी भरें और उसमें कटी हुई पत्तागोभी डाल दें। 10 से 15 मिनट तक भिगोकर रखें। चाहें तो पानी में 1 चम्मच नमक मिलाएं। नमक डालने से कीड़े जल्दी बाहर निकल आते हैं और बैक्टीरिया भी कम होते हैं। कुछ लोग इसमें थोड़ा सिरका या बेकिंग सोडा भी मिलाते हैं, जिससे कीटनाशकों का असर कम होता है।

बहते पानी में अच्छी तरह धोएं: भिगोने के बाद पानी फेंक दें और पत्तागोभी को बहते साफ पानी में 2-3 बार अच्छे से धोएं। हाथ से हल्के-हल्के पत्तों को हिलाएं ताकि हर परत साफ हो जाए।

पानी सुखाना न भूलें: धोने के बाद पत्तागोभी को छलनी में रखें या साफ कपड़े पर फैलाकर उसका अतिरिक्त पानी निकाल लें। गीली पत्तागोभी पकाने से सब्जी में पानी ज्यादा निकलता है और स्वाद भी खराब हो सकता है। अगर सलाद बनाना है तो पत्तों का सूखा होना और भी जरूरी है।

## सही तरीके से धोने के फायदे

### पेट दर्द, दस्त और फूड पॉइजनिंग से बचाव

कीड़े और बैक्टीरिया का खतरा कम
सब्जी का स्वाद और टेक्सचर बेहतर
बच्चों और बुजुर्गों के लिए ज्यादा सुरक्षित।

## सेहत का रखें खास ध्यान

**अक्सर हम जल्दी में सब्जियों को ठीक से साफ नहीं करते, लेकिन यही छोटी सी लापरवाही बड़ी बीमारी की वजह बन सकती है। इसलिए अगली बार पत्तागोभी बनाते समय सिर्फ पानी में भिगोने पर भरोसा न करें, बल्कि सही तरीके से धोकर ही इस्तेमाल करें। थोड़ा सा समय निकालकर की गई सही सफाई, आपको और आपके परिवार को कई बीमारियों से बचा सकती है।**

# किडनी को हेल्दी रखने के लिए रोज़ाना खाएं ये 4 नेचुरल चीजें



आज के समय में अच्छी सेहत किसी वरदान से कम नहीं है। बदलती लाइफस्टाइल, जंक फूड और पानी कम पीने की आदत की वजह से लोगों में किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। किडनी हमारे शरीर का एक बेहद जरूरी अंग है, जो खून को साफ करने और शरीर से गंदे व जहरीले तत्व बाहर निकालने का काम करती है। अगर किडनी सही से काम न करे तो इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। किडनी न केवल टॉक्सिन्स बाहर निकालती है, बल्कि ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, शरीर में पानी और मिनरल्स का संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती है। इसलिए किडनी को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान और नेचुरल चीजों को अपनी डाइट में शामिल करके किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है।

आइए जानते हैं वे 4 चीजें जो किडनी के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती हैं

## नारियल पानी

नारियल पानी किडनी के लिए एक नेचुरल टॉनिक की तरह काम करता है। इसमें पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है और सोडियम कम होता है, जिससे किडनी पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ता। नारियल पानी शरीर को हाइड्रेट रखता है और पेशाब के जरिए गंदे तत्व बाहर निकालने में मदद करता है। नियमित रूप से नारियल पानी पीने से किडनी की कार्यक्षमता बेहतर हो सकती है।

## पानी

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सबसे जरूरी आदत है। सही मात्रा में पानी पीने से पेशाब पतला रहता है, जिससे किडनी स्टोन यानी पथरी का खतरा कम हो जाता है। पानी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखता है और किडनी को बिना किसी परेशानी के अपना काम करने में मदद करता है।

## खीरा

खीरे में पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो किडनी को साफ और स्वस्थ रखने में मदद करती है। यह पेशाब के जरिए शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायक होता है। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स सूजन को कम करते हैं और किडनी की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं। गर्मियों में खीरे का सेवन खासतौर पर फायदेमंद होता है।




(वैकल्पिक जोड़ - यदि चाहें)

## नींबू पानी

नींबू पानी किडनी स्टोन के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद साइट्रिक एसिड पेशाब में कैल्शियम स्टोन बनने से रोकने में सहायक होता है। सुबह हल्का गुनगुना नींबू पानी पीना किडनी के लिए फायदेमंद माना जाता है। अगर आप अपनी किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो सही खानपान और पर्याप्त पानी पीने की आदत जरूर अपनाएं। छोटी-छोटी लाइफस्टाइल बदलावों से आप किडनी से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं।

# पेट में बार-बार दर्द क्यों होता है? इन बीमारियों का हो सकता है संकेत

कई लोगों को अक्सर पेट में दर्द की समस्या रहती है। कभी हल्का दर्द, तो कभी तेज मरोड़। ज्यादातर लोग इसे गैस, गलत खाना या थकान समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन अगर पेट में दर्द बार-बार हो रहा है, तो यह शरीर के अंदर चल रही किसी गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। शरीर ऐसे दर्द के जरिए हमें समय रहते सावधान करना चाहता है। पेट में दर्द के साथ अक्सर कुछ और लक्षण भी दिखाई देते हैं। जैसे पेट में जलन या भारीपन महसूस होना, उल्टी जैसा मन होना, भूख कम लगना, बार-बार दस्त या कब्ज की परेशानी, पेट फूलना, कमजोरी और थकान। कुछ लोगों को इसके साथ सिरदर्द या चक्कर भी आने लगते हैं। अगर ये लक्षण रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने लगें, तो इसे हल्के में लेना सही नहीं होता।



## पेट में बार-बार दर्द किन बीमारियों का संकेत हो सकता है?

पेट में बार-बार होने वाला दर्द कई गंभीर बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। सबसे आम कारणों में इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम शामिल है, जिसमें पेट दर्द के साथ गैस, दस्त या कब्ज की समस्या बनी रहती है। यह समस्या अक्सर तनाव और गलत खान-पान से बढ़ जाती है। इसके अलावा सूजन आंत्र रोग भी पेट दर्द की एक बड़ी वजह हो सकता है। इस बीमारी में आंतों में सूजन आ जाती है, जिससे लगातार दर्द, दस्त और कमजोरी महसूस होती है। वहीं त्नश्चत्रष्ट या एसिड रिफ्लक्स में पेट की एसिड ऊपर की ओर आने लगती है, जिससे पेट और छाती में जलन के साथ दर्द होता है। कुछ मामलों में पेट दर्द सीलिएक रोग की वजह से भी हो सकता है, जिसमें शरीर ग्लूटेन को पचा नहीं पाता। इसके अलावा गैस्ट्रोएंटेराइटिस, यानी पेट का इंफेक्शन, बैक्टीरिया या वायरस के कारण हो सकता है, जिससे तेज दर्द, उल्टी और दस्त होने लगते हैं। कई बार पेट दर्द पित्ताशय की पथरी, अपेंडिसाइटिस, पैनक्रिएटाइटिस या किडनी स्टोन जैसी गंभीर स्थितियों का संकेत भी हो सकता है। इन बीमारियों में दर्द अचानक तेज हो सकता है और तुरंत इलाज की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा पेप्टिक अल्सर, हर्निया, लंबे समय तक तनाव, चिंता और फूड एलर्जी जैसे लैक्टोज इनटोलरेंस भी पेट में बार-बार दर्द की वजह बन सकते हैं। गलत दिनचर्या और अनियमित जीवनशैली भी इस समस्या को बढ़ा देती है।

## पेट दर्द से बचने के लिए क्या करें?

पेट से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए रोजमर्रा की आदतों में सुधार करना बेहद जरूरी है। सबसे पहले अपने खाने-पीने का ध्यान रखें। समय पर भोजन करें और बहुत ज्यादा तला-भुना, मसालेदार और जंक फूड खाने से बचें। हल्का, संतुलित और घर का बना खाना पेट के लिए सबसे बेहतर होता है।

दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है, ताकि पाचन सही बना रहे। इसके साथ ही रोजाना हल्की एक्सरसाइज, योग या टहलने की आदत डालें। इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और गैस व कब्ज जैसी समस्याएं दूर रहती हैं। तनाव और चिंता भी पेट दर्द की बड़ी वजह होती है, इसलिए खुद को मानसिक रूप से शांत रखने की कोशिश करें। योग, ध्यान और गहरी सांस लेने की तकनीकें इसमें मददगार साबित हो सकती हैं। खाने के तुरंत बाद लेटने से बचें और रात का खाना सोने से कम से कम दो घंटे पहले कर लें। साफ-सफाई और हाइजीन का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। अगर आपको किसी खास खाने से एलर्जी है, जैसे दूध या डेयरी प्रोडक्ट से परेशानी होती है, तो उनसे दूरी बनाएं।

## डॉक्टर को कब दिखाना जरूरी है?

अगर पेट में दर्द लगातार बना रहे, घरेलू उपायों से ठीक न हो या धीरे-धीरे बढ़ता जाए, तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। तेज दर्द, उल्टी या दस्त में खून आना, अचानक वजन कम होना, लंबे समय तक कमजोरी महसूस होना जैसे लक्षण गंभीर हो सकते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं में पेट दर्द को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय रहते जांच कराने से बीमारी का सही कारण पता चल जाता है और इलाज भी जल्दी शुरू हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में 13 साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

वाशिंगनटन, एजेंसी। अमेरिका में एक भारतीय व्यक्ति को नाबालिग के साथ कथित तौर पर



यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान वोडेला यशस्वी कोट्टापल्ली के तौर पर हुई है। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने कहा कि आरोपी कोट्टापल्ली अमेरिका में बिना कागजात वाला इमिग्रेंट है और यूएस इमिग्रेशन कानून के तहत उसे निकालने की कार्रवाई चल रही है। उस पर दुकान से चोरी और सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने का भी आरोप लगा है। आईसीई ने क्या कहा? एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वोडेला यशस्वी कोट्टापल्ली भारत से आया एक क्रिमिनल गैर-कानूनी विदेशी है। उस पर न्यू जर्सी में सेक्सुअल असॉल्ट और चोरी के चार्ज पेंडिंग हैं। हम उसे निकालने की कार्रवाई पेंडिंग रहने तक कस्टडी में रखेंगे। कोट्टापल्ली को बच्चों का रेपिस्ट बताते हुए आईसीई ने कहा कि इस भारतीय आदमी पर 13 साल से कम उम्र के बच्चे का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। एजेंसी ने गिरफ्तारी की तारीख या कथित अपराधों की कोई और जानकारी नहीं दी। अमेरिका में गैरकानूनी इमिग्रेंटस पर कार्रवाई जारी ट्रंप 2.0 के तहत आईसीई देश में गैर-कानूनी विदेशियों पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है। दिसंबर में एजेंसी ने ओरेगन में एक जानलेवा मोटरवे एक्सीडेंट में शामिल एक भारतीय ट्रक ड्राइवर को भी हिरासत में लिया, जिसमें दो अमेरिकियों की मौत हो गई थी। भारत सरकार के डेटा के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के एंटी-इमिग्रेशन अभियान के तहत 2025 में 3,800 से ज्यादा भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था। भारतीय मूल के 89 लोग अमेरिका की सबसे बुरे अपराधियों की लिस्ट में हैं।

### कोरडोफान इलाके में बाजार पर हुए हमले में कम से कम 28 लोगों की मौत

कोरडोफान, एजेंसी। मानवाधिकार समूह ने सोमवार को बताया कि सूडान के कोरडोफान क्षेत्र में एक बाजार पर हुए हमलों में कम से कम 28 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। सूडान में सेना और एक अर्धसैनिक समूह के बीच युद्ध अपने तीन साल पूरे करने के करीब पहुंच रहा है। नागरिकों के खिलाफ हिंसा पर नजर रखने वाले मानवाधिकार समूह इमरजेंसी लॉयर्स ने एक बयान में कहा कि रविवार को उत्तरी कोरडोफान प्रांत के सुदरी इलाके में एक बाजार पर ड्रोन से बमबारी की गई। उस समय बाजार में काफी भीड़ थी, जिससे मानवीय त्रासदी और भी बढ़ गई। समूह ने कहा कि हताहतों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

### न्यूजीलैंड में तूफान से उड़ानें बाधित, स्कूल बंद

वेलिंग्टन, एजेंसी। न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप के कई हिस्सों में सोमवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हवाई जहाज, रेल और नौका सेवाएं बाधित हुई हैं। कई जगहों पर सड़कें बंद करनी पड़ीं। साथ ही हजारों निवासियों की बिजली गुल हो गई। हवाई अड्डे के मुताबिक, राजधानी वेलिंगटन से आने-जाने वाली अधिकांश उड़ानें रद्द या विलंबित रहीं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अपनी सेवाएं रोक दीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि 30,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं थी, जिनमें वेलिंगटन के लगभग 10,000 ग्राहक शामिल हैं। वेलिंगटन क्षेत्र के वाहन चालकों से सड़कों पर न निकलने का आग्रह किया गया है, जबकि व्यापक क्षति के बाद आपात दल राहत कार्य में जुटे रहे और अधिकांश स्कूल बंद हैं। एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अपनी सेवाएं रोकीं।

# मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, एपस्टीन फाइल्स को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की सफाई

वाशिंगनटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने जेफरी एपस्टीन के साथ किसी भी तरह के लिंक से साफ इनकार कर दिया है। ट्रंप ने एयर फोर्स वन पर एक प्रेस गैगल के दौरान रिपोर्टर्स से बात करते हुए कहा, मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है।

तीन मिलियन से ज्यादा डॉक्यूमेंट्स की एपस्टीन फाइल्स में डोनल्ड ट्रंप का नाम भी सामने आया। इस पर ट्रंप ने फिर एक बार सफाई देते हुए कहा, जेफरी एपस्टीन से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मुझे पूरी तरह से बरी कर दिया गया है।

जस्टिस डिपार्टमेंट ने पिछले महीने तथाकथित एपस्टीन फाइलों का लेटेस्ट कैश जारी किया था। यौन उत्पीड़न मामलों के दोषी एपस्टीन पर कई फोटो और वीडियो सामने आए हैं। जेफरी एपस्टीन की 2019 में मौत हो चुकी है।



ट्रंप ने एपस्टीन के साथ किसी भी लिंक के होने से मना कर दिया है। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने इस मामले में कहा कि अब उनके पास जारी करने के लिए और कोई फाइल नहीं है। हालांकि सांसदों ने एपस्टीन पर इंटरनल गवर्नमेंट मेमो, नोट्स और ईमेल पब्लिश न करने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की आलोचना की है।

क्या है ट्रंप-एपस्टीन का कनेक्शन? जेफरी एपस्टीन का डोनल्ड ट्रंप के साथ कनेक्शन 1980 के दशक का माना जा सकता है। 2002 में न्यूयॉर्क मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में, ट्रंप ने एपस्टीन को लगभग 15 साल से जानने की बात कही थी।

तस्वीरों से पता चलता है कि एपस्टीन साल 1993 में डोनल्ड ट्रंप और मार्ला मेपल्स की शादी में भी शामिल हुए थे। वहीं दोनों को उसी साल न्यूयॉर्क में हार्ले डेविडसन कैफे की ओपनिंग पर भी एक साथ देखा गया था। 2002 में न्यूयॉर्क मैगजीन को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने एपस्टीन को एक शानदार आदमी बताया था। पूर्व यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट हिलेरी क्लिंटन ने ट्रंप पर आरोप लगाया है कि वे जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों को कवर-अप कर रहे हैं। बर्लिन में ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए, क्लिंटन ने कहा, फाइलें बाहर निकालो। वे इसे धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहे हैं और कहा कि वह मामले की जांच कर रही कांग्रेसनल कमेटी के सामने गवाही देने वाली हैं।

## हॉकी मैच में फायरिंग, बच्ची समेत दो की मौत; हमलावर ने खुद को भी मारी गोली

वाशिंगनटन, एजेंसी। अमेरिका में रोड आइलैंड के पावकेट में एक एरीना में गोलीबारी हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, इस गोलीबारी में संदिग्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पावकेट पुलिस चीफ टीना गोंकाल्वेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि



गोलीबारी की खबर मिलते ही अधिकारी डेनिस एम. लिंच एरीना पहुंचे। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हमले के बाद बंदूकधारी की खुद को गोली मारने से मौत हो गई।हॉकी इवेंट में छात्रों और माता-पिता की भीड़ थी। शुरुआती जांच से पता चलता है कि शूटर ने शायद अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया था। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक छोटी लड़की भी थी। अधिकारियों ने बताया, हादसे में घायल तीनों लोगों को गोली लगी है और गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। एरीना के आस-पास की सड़कें बंद कर दी गई हैं और भारी पुलिस बल तैनात है। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने X पर लिखा, रोड आइलैंड स्टेट पुलिस लोकल लॉ एनफोर्समेंट के साथ काम कर रही है। मैं पावकेट और इसमें शामिल सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा हूँ। दिसंबर 2025 में, ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई एक शूटिंग में कई लोग मारे गए और घायल हुए थे।

# भड़काऊ बातें और भारत का विरोध...

## जाते-जाते भी जहर उगल गए यूनुस, आखिरी भाषण में किया सेवन सिस्टर्स का जिक्र

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में लोकतांत्रिक हालात को बहाल करने और कमजोर अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में पूरी तरह से नाकाम रहे मोहम्मद यूनुस ने अपने विदाई भाषण में भी भड़काऊ बातें की और भारत के खिलाफ जहर उगला।

शेख हसीना के तख्तापलट के बाद यूनुस ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व किया लेकिन उनके नेतृत्व में बांग्लादेश के भीतर इस्लामिक विद्रोह भड़का और हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया। कानून और व्यवस्था को लेकर उनकी लगातार आलोचना हुई।

**दूसरे के निर्देशों पर नहीं चलता बांग्लादेश**

अपने भाषण में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने विदेश नीति में अपनी संप्रभुता, सम्मान और आजादी वापस पा ली है और अब वह दूसरे के निर्देशों पर नहीं चलता है। उनकी इस कथनी को भारत के लिए समझा गया है, जो वर्षों से बांग्लादेश की मदद करता आया।

उन्होंने नेपाल, भूटान और सेवन सिस्टर्स को जोड़ते हुए भविष्य के आर्थिक एकीकरण की बात की। बता दें कि सेवन सिस्टर्स को अक्सर भारत के नॉर्थ ईस्ट राज्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यूनुस ने कहा, हमारे खुले समुद्र सिर्फ बॉर्डर नहीं हैं, वे ग्लोबल इकॉनमी के गेटवे हैं। नेपाल, भूटान और सेवन सिस्टर्स के साथ इस इलाके में बहुत ज्यादा



आर्थिक क्षमता है। इकॉनमिक जोन, ट्रेड एग्रीमेंट और ड्यूटी-फ्री मार्केट एक्सेस हमें ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के तौर पर बना सकते हैं। इस तरह की बातों से नई दिल्ली में हैरानी हो सकती है। सालों से, भारत ने अपने नॉर्थ-ईस्ट को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए बांग्लादेश के जरिए कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स में भारी इन्वेस्ट किया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार चलाने वाले नेता ने चीन, जापान, अमेरिका और यूरोप के साथ गहरे होते रिश्तों पर जोर दिया। उन्होंने चीन के सपोर्ट वाले प्रोजेक्ट्स पर हुई प्रोग्रेस का जिक्र किया, जिसमें तीस्ता नदी पहल भी शामिल है। यह भारत के रणनीतिक रूप से जरूरी सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास है।

यूनुस ने कहा, हमने चीन के साथ भी सहयोग बढ़ाया है। तीस्ता नदी प्रोजेक्ट और निलफामारी में 1,000 बेड वाले इंटरनेशनल हॉस्पिटल पर काफी तरक्की हुई है। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश ने किसी भी हमले का मुकाबला करने के लिए अपनी सेना को मजबूत करना शुरू कर दिया है। उनके भाषण में अंतरिम सरकार के सांप्रदायिक हिंसा से ठीक से निपटने के तरीके पर कोई बात नहीं हुई, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में हुई गलतियों को स्वीकार नहीं किया गया और हिंदू नागरिकों के बीच डर को भी नहीं माना गया, जो उथल-पुथल के समय में भरोसे के लिए सरकार की तरफ देख रहे थे।

यूनुस ने अपनी विदेश नीति के भारत विरोधी रवैये और पाकिस्तान के पक्ष में झुकाव की आलोचना के बीच कहा, विदेश नीति में हमने बांग्लादेश की संप्रभुता, राष्ट्रीय हित और सम्मान को मजबूती से बहाल किया है। बांग्लादेश अब दूसरों के कहने या उनके कहने पर चलने वाला नहीं है। आज का बांग्लादेश आत्मविश्वासी, सक्रिय और जिम्मेदार है। हम आपसी सम्मान और हित के आधार पर रिश्ते बनाने और रणनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तानी अदालत का अन्यायपूर्ण फैसला, किडनैपर व दुष्कर्मी को ही सौंप दी नाबालिग ईसाई लड़की

इस्लामाबाद, एजेंसी। इस्लामी देश पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्गति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गैर मुस्लिम नाबालिग लड़कियों पर होने वाले अत्याचार को तो यहां रोकनेवाला कोई नहीं है, लेकिन जिन अदालतों में पीड़ित अल्पसंख्यक न्याय मिलने की उम्मीद में जाते हैं, वहां भी उनके साथ घोर अन्याय ही होता है। इसकी ताजा मिसाल यह नाबालिग ईसाई लड़की है। पाकिस्तान की एक संघीय अदालत ने 13 वर्षीय ईसाई लड़की को उसका अपहरण करके जबरन मतांतरण करने के बाद उससे निकाह करने वाले अपहर्ता मुसलमान के ही हवाले कर दिया है। एक मुस्लिम व्यक्ति ने नाबालिग मारिया शाहबाज को जबरन इस्लाम कुबूल करवाकर उससे शादी की। न्यायाधीशों ने मारिया शाहबाज के माता-पिता द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र को स्वीकार नहीं किया, जो उसकी उम्र को साबित करता था। अधिकार समूह राह-ए-निजात मंत्रालय के अध्यक्ष सफदर चौधरी ने बताया कि न्यायाधीशों ने पहले के न्यायिक निष्कर्षों को भी खारिज कर दिया कि यह विवाह अवैध था। अब 13 वर्षीय लड़की के माता-पिता अदालत के फैसले से विचलित हैं। पेशे से ड्राइवर, लड़की के पिता शाहबाज मसीह ने बताया कि उनके पड़ोसी ने पिछले



साल 29 जुलाई को मारिया शाहबाज का अपहरण किया जब वह पास की दुकान पर जा रही थी। तब से उनका परिवार उसे खोजने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की बार-बार मांग कर रहा है।

पाकिस्तान में हर साल लगभग एक हजार धार्मिक अल्पसंख्यक लड़कियों (मुख्यत- हिंदू और ईसाई) को उनके अपहरण, दुष्कर्म, अपहरणकर्ताओं से जबरन विवाह, इस्लाम में मतांतरण और विभिन्न अन्य प्रकार के दु?र्व्यवहार का सामना करना पड़ता है।

## ग्वाटेमाला में एक माह बाद समाप्त आपातकालीन शक्तियां

*ग्वाटेमाला , एजेंसी। ग्वाटेमाला ने सोमवार को आपातकालीन स्थिति समाप्त कर दी, जो एक माह पहले राष्ट्रपति बर्नार्डो अरेवालो द्वारा लागू की गई थी। इस कदम के पीछे 10 पुलिसकर्मियों की हत्या थी, जिसे कथित गैंग सदस्यों द्वारा अंजाम दिया गया था। आपातकालीन स्थिति के दौरान कुछ संवैधानिक अधिकारों पर रोक लगाई गई थी। अधिकारियों को बिना न्यायाधीश के वारंट के गिरफ्तारी करने की अनुमति मिली थी। यह सुविधा अब मंगलवार से लागू होने वाले नए नियमों में नहीं रहेगी, हालांकि राष्ट्रपति अरिवालो ने नए उपायों का विस्तार से विवरण नहीं दिया। उन्होंने रविवार को बताया कि आपातकालीन अवधि में 83 गैंग सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और हत्या और वसूली की घटनाओं में पिछले साल की तुलना में गिरावट आई। हालांकि उन्होंने सटीक आंकड़े साझा नहीं किए।*

## भूकंप के झटकों से हिली धरती, रिक्टर स्केल पर इतनी रही तीव्रता...

यांगून, एजेंसी। 16 फरवरी 2026 को म्यांमार में 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप भारतीय समयानुसार रात 10 :04 :26 बजे दर्ज किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की गहराई जमीन से 50 किलोमीटर नीचे थी। इसके केंद्र का स्थान 22.99 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 94.51 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। इस संबंध में जानकारी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा की। 15 फरवरी 2026 को भी म्यांमार में एक के बाद एक तीन भूकंप आए थे। पहला भूकंप 4.5 तीव्रता का था, जो सुबह 08 :17 :20 आइएसटी पर आया। इसकी गहराई 100 किलोमीटर थी। इसके केंद्र का स्थान 22.16 डिग्री उत्तर और 94.51 डिग्री पूर्व था। उसी दिन तड़के 00 :52 :42 आइएसटी पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसकी गहराई 25 किलोमीटर थी। इसके निर्देशांक 23.44 डिग्री उत्तर और 93.49 डिग्री पूर्व दर्ज किए गए।

# चीन के लिए क्यों बन रही बड़ी चुनौती?

## सुलेमानी किलर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की एशिया में बढ़ती तैनाती

बीजिंग, एजेंसी। अमेरिका एशिया, खासकर चीन के आसपास, अपने एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की तैनाती तेजी से बढ़ा रहा है। इससे चीन के लिए नई सुरक्षा और रणनीतिक चुनौती खड़ी हो गई है। एमक्यू-9 रीपर एक ऐसा अत्याधुनिक ड्रोन है जो निगरानी (जासूसी) और हमला–दोनों काम कर सकता है। इसका इस्तेमाल 2020 में ईरानी जनरल कासिम सूलेमानी के खिलाफ किए गए ऑपरेशन में भी किया गया था। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह ड्रोन अमेरिका की निगरानी और सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा बन चुका है।



**एमक्यू-9 रीपर की ताकत क्या है?:** एमक्यू-9 ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत इसकी ऊंची उड़ान और लंबी अवधि तक हवा में बने रहने की क्षमता है। यह करीब 15,240 मीटर (50,000 फीट) की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार लगभग 480 किमी प्रति घंटा है। यह करीब 27 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है।

चीनी सैन्य विशेषज्ञों के मुताबिक, यह ड्रोन चीन की सीमा से दूर रहकर भी उसके आसपास की गतिविधियों पर नजर रख सकता है। इसकी तकनीक ऐसी है कि इसे पकड़ना आसान नहीं होता। इसमें हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, उन्नत सेंसर और सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम लगे होते हैं, जो रियल टाइम में जानकारी भेज सकते हैं। जरूरत पड़ने पर यह लेजर-गाइडेड बम और मिसाइल से हमला भी कर सकता है।

नया एमक्यू-9बी सी गार्डियन मॉडल जनवरी में इसके नए वैरिएंट एमक्यू-9बी सी गार्डियन में एक खास सिस्टम जोड़ा गया है, जो पहले से दोगुने सोनाबॉय गिरा सकता है। सोनाबॉय समुद्र में पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इससे समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी अभियानों में इसकी ताकत और बढ़ गई है, जो दक्षिण चीन सागर जैसे संवेदनशील इलाकों में अहम मानी जा रही है।

किन देशों में तैनात हैं ये ड्रोन? अमेरिका ने जापान के ओकिनावा स्थित 14 एमक्यू-9 ड्रोन तैनात किए हैं। इसके अलावा दक्षिण कोरिया के कुनसान एयर बेस और फिलीपींस के बासा एयर बेस पर। इन ठिकानों से पूर्वी चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और दक्षिण चीन सागर पर लगातार नजर रखी जा सकती है। चीन के लिए क्यों चिंता की बात? विशेषज्ञों का मानना है कि इन ड्रोन की तैनाती से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को चीन की सैन्य गतिविधियों पर करीबी नजर रखने में मदद मिल रही है। इससे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बदल सकता है। हालांकि चीन के पास भी उन्नत एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम, लेजर हथियार और आधुनिक ड्रोन मौजूद हैं। लेकिन शांति के समय बिना सीधे टकराव के इन ड्रोन गतिविधियों का जवाब देना चीन के लिए रणनीतिक रूप से बड़ी चुनौती बन सकता है।

## द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी नई गति

म्यूनिख , एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने अगले महीने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने और साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।कनाडा के एक अधिकारी ने कहा है कि कार्नी संभवतः 1-2 मार्च को भारत में होंगे।

सितंबर 2025 के बाद से दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह पांचवीं बैठक है, जो कनाडा-भारत संबंधों में बढ़ती गति को दर्शाती है। दोनों मंत्रियों ने ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा, कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात और बातचीत करना बहुत अच्छा लगा। भारत-कनाडा संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं। वहीं, आनंद ने कहा, अपने भारतीय समकक्ष से मिलकर कनाडा-भारत संबंधों और साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए आगे के कार्यों पर चर्चा करना अच्छा लगा। आनंद ने कनाडा के लिए एक



साझेदार के रूप में भारत के महत्व को रेखांकित किया, क्योंकि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के व्यवसायों, उद्योगों और श्रमिकों के लिए तकनीकी लाभों और महत्वपूर्ण साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, कनाडा रचनात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है, और मैं भारत में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए उत्सुक हूं।

# नहीं रहे हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डुवैल

लास एंजिल्स, एजेंसी। ऑस्कर विजेता अभिनेता रॉबर्ट डुवैल का निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल 95 वर्ष के थे। उनकी पत्नी लुसियाना की ओर से उनकी जनसंपर्क एजेंसी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, डुवैल का रविवार को वर्जीनिया के मिडलबर्ग स्थित उनके घर पर निधन हो गया।

ऑस्कर विजेता अभिनेता रॉबर्ट डुवैल द गॉडफादर अपोकैलिप्स नाउ और छह दशकों तक फैले अपने शानदार फिल्मी करियर में कई अन्य दमदार किरदारों के लिए जाने जाते थे। उनकी पत्नी लुसियाना डुवैल ने उनके निधन की पुष्टि की। उनकी पत्नी ने कहा, रविवार को हमने अपने प्रिय पति, प्रिय मित्र और हमारे समय के महानतम अभिनेताओं में से एक रॉबर्ट डुवैल को खो दिया। रॉबर्ट डुवैल का निधन उनके वर्जीनिया के मिडलबर्ग स्थित घर पर हुआ। चकाचौंध से दूर रहने वाले डुवैल ऑस्कर अवार्ड जीत चुके हैं और छह बार इसके लिए नामांकित हुए। फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की फिल्म द गॉडफादर में डुवैल ने कोरलियोन परिवार के सलाहकार की यादगार भूमिका निभाई थी, जिसके



लिए उन्हें 1972 की इस फिल्म के लिए अपने सात अकादमी पुरस्कारों में से पहला नामांकन मिला था।

इसके ठीक दो साल बाद द गॉडफादर पार्ट में भी डुवैल ने यही भूमिका निभाई थी, लेकिन सैलरी विवाद के कारण डुवैल ने द गॉडफादर पार्ट में काम नहीं किया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता रॉबर्ट डुवैल का जन्म सैन डिएगो, कैलिफोर्निया, अमेरिका में हुआ था। डुवैल का जन्म 5 जनवरी 1931 को हुआ था और उन्होंने अपना अधिकांश बचपन एनापोलिस, मैरीलैंड में बिताया। डुवैल के पिता एक पेशेवर नौसेना अधिकारी थे।

# सहयोगियों पर चीन से दूरी का दबाव नहीं डालेगा अमेरिका

## विदेश मंत्री रुबियो बोले- राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

बुडापेस्ट, एजेंसी। अमेरिका ने साफ कर दिया है कि वह अपने सहयोगी देशों से चीन से दूरी बनाने की कोई वैचारिक शर्त नहीं रखेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की प्राथमिकता यह है कि दुनिया का हर देश अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय ले। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान रुबियो ने कहा 'हम किसी भी देश से यह नहीं कह रहे कि वे खुद को किसी से अलग-थलग करें, चाहे वह चीन ही क्यों न हो।' यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और चीन के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज है। हालांकि, रुबियो ने स्पष्ट किया कि प्रतिस्पर्धा का मतलब



संबंध खत्म करना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पागलपन होगा कि अमेरिका और चीन आपस में बातचीत या संबंध न रखें।

**ट्रंप प्रशासन की नई विदेश नीति:** रुबियो ने संकेत दिया कि ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति वैचारिक दबाव के बजाय व्यावहारिक दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हर देश को अपनी भौगोलिक, आर्थिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर फैसले लेने होते हैं। दौरान अमेरिका और हंगरी के बीच नागरिक परमाणु कार्यक्रम में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। हंगरी, जो नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य है, हाल के वर्षों में चीन के निवेश को बढ़ावा देता रहा है। रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और हंगरी केप्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बन के बीच बहुत करीबी व्यक्तिगत और कार्य संबंध हैं, जिसने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत किया है। ऑर्बन ने मौजूदा दौर को अमेरिका-हंगरी संबंधों का स्वर्ण युग बताया।

**चीन पर खुलापन, लेकिन आर्थिक चेतावनी भी:** हालांकि अमेरिका चीन से रिश्ते बनाए रखने की बात कर रहा है, लेकिन रुबियो ने आर्थिक निर्भरता को लेकर स्पष्ट चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा दुनिया के लिए यह अच्छा नहीं है कि किसी एक देश या अर्थव्यवस्था पर 90 प्रतिशत तक निर्भर रहा जाए, खासकर महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में। प्रेस वार्ता में यूक्रेन युद्ध का मुद्दा भी उठा। रुबियो ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि युद्ध समाप्त हो और वह दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहा है। ईरान पर उन्होंने कहा कि कोई भी समझौता आसान नहीं होगा, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप शांतिपूर्ण समाधान को प्राथमिकता देते हैं।

# आज नीदरलैंड के खिलाफ अभिषेक से आक्रामक पारी का इंतजार रहेगा, स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।





अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है।

अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है। अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें। उन्हें पावरप्ले में डीप कवर बाउंड्री पर शॉट मारना पसंद है और विरोधी टीमों ने उनके लिए उस क्षेत्र में एक फील्डर तैनात करके समझदारी दिखाई है।

## सुनील गावस्कर की अभिषेक शर्मा को सीधी सलाह, पहले सेट हो फिर आक्रमकता दिखाओ

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में युवा ओपनर अभिषेक शर्मा की शुरुआत उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही है। लगातार दो बार शून्य पर आउट होने के बाद उनके खेल और अप्रोच पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने उन्हें बेहद सरल लेकिन अहम सलाह दी है। गावस्कर का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट में दबाव से निपटने के लिए बुनियादी बातोंह्यह्य पर लौटना जरूरी है। उनका संदेश साफ है कि पहले खुद को सेट करो, फिर अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल दिखाओ। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने एक इंटरव्यू में अभिषेक को सलाह दी कि पारी की शुरुआत में जल्दबाज़ी से बचें। उन्होंने कहा कि आक्रामक शॉट खेलने से पहले सिर्फ एक तेज़ सिंगल लें, ताकि शरीर और दिमाग दोनों मैच की लय में आ सकें। गावस्कर के मुताबिक, पहले एक सिंगल लो, फिर खुलकर खेलो। जब तक आप रन बोर्ड पर नहीं लगाते, आत्मविश्वास पूरी तरह नहीं आता। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अच्छे फॉर्म को हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि कई बल्लेबाज़ शानदार फॉर्म के बाद जरूरत से ज्यादा आक्रामक होने की कोशिश में गलती कर बैठते हैं।

# क्या टी20 वर्ल्ड कप 2026 में फिर होगा भारत-पाक में महामुकाबला?



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। यह टी20 विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की 8वीं जीत रही। इस हार के बाद पाकिस्तान की सुपर-8 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है।

### टूर्नामेंट का पूरा फॉर्मेट

टी20 वर्लड कप 2026 में कुल 20 टीमों को 4 ग्रुप (ए-बी-सी-डी) में बांटा गया है। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचती हैं। सुपर-8 में 8 टीमों को दो ग्रुप (ग्रुप-1 और ग्रुप-2) में बांटा जाएगा। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी।

### सुपर-8 में भारत-पाक मुकाबला क्यों मुश्किल?

आईसीसी ने टूर्नामेंट से पहले ही प्री-सीडिंग सिस्टम लागू किया था। भारत को एक्स1 (ग्रुप-1), पाकिस्तान को बाय 3 (ग्रुप-2), यानी सुपर-8 में दोनों टीमें अलग-अलग ग्रुप में रहेंगी। इसलिए सुपर-8 चरण में भारत और पाकिस्तान का दोबारा आमना-सामना संभव नहीं है।

### तो फिर कैसे हो सकती है दोबारा भिड़ंत?

सेमीफाइनल में- भारत-पाकिस्तान सेमीफाइनल में तभी भिड़ सकते हैं जब- एक टीम अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे, दूसरी टीम दूसरे ग्रुप में दूसरे स्थान पर, अगर दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर रहती हैं या दोनों दूसरे स्थान पर रहती हैं, तो सेमीफाइनल में भी मुकाबला संभव नहीं होगा।ह्य

# एक ओवर में कूटे 20 रन, 22 गेंद में ठोकी फिफ्टी

## इटली के बल्लेबाज बेन मानेंटी ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली तूफानी पारी



**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 29वें मुकाबले में भले ही इटली को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसके मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज बेन मानेंटी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींच लिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में मानेंटी ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक ठोक दिया।

**203 रन का पीछा, शुरुआत रही बेहद खराब -** 203 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने महज 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। ऐसा लग रहा था कि मैच एकतरफा हो जाएगा, लेकिन ओपनर जस्टिन मोस्का और बेन मानेंटी ने पारी को संभाला। मोस्का ने एक छोर थामे रखा, जबकि मानेंटी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

- **22 गेंद में फिफ्टी, विल जैक्स के ओवर में 20 रन -** मानेंटी ने चौके-छक्कों की झड़ी लगाते हुए महज 22 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। खास तौर पर विल जैक्स के एक ओवर में उन्होंने दो चौके और दो छक्के जड़ते हुए 20 रन बटोर लिए। 28 वर्षीय इस बल्लेबाज ने 25 गेंदों में 60 रन की पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। मोस्का (43) के साथ उनकी 92 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड की धड़कनें बढ़ा दीं।
- **ओवरटन और करन ने पलटा मैच -** हालांकि जेमी ओवरटन ने मानेंटी को आउट कर इंग्लैंड को राहत दिलाई। इसके बाद ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंदों में 45 रन की तेज पारी खेलकर इटली की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन सैम करन ने उनका विकेट लेकर मैच पर इंग्लैंड की पकड़ मजबूत कर दी।
- **मैच का नतीजा- 24 रन से जीता इंग्लैंड -** इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम 178 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने 24 रन से जीत दर्ज कर सुपर-8 में जगह बना ली।

# फ़ीडे फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियनशिप फाइनल में कारुआना से होगी कार्लसन की टक्कर

**वाइजनहाउस, जर्मनी (एजेंसी)।** फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप 2026 के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैगनस कार्लसन का सामना अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो करुआना से होगा। दोनों खिलाड़ियों ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कार्लसन के पास अब अपने करियर का 21वां विश्व खिताब जीतने का मौका है।

कार्लसन ने उज़्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को 3-1 से पराजित किया। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहे, लेकिन तीसरे गेम में निर्णायक क्षण पर अब्दुसत्तोरोव की एक गलती का फायदा उठाते हुए कार्लसन ने बढ़त बना ली। चौथे गेम में भी नॉर्वेजियन स्टार ने दबाव बनाए रखा और मैच अपने नाम किया।

कार्लसन ने मुकाबले के बाद कहा कि यह बेहद कठिन मैच था और अब्दुसत्तोरोव हर बार उनके खिलाफ और मजबूत होकर खेलते हैं।

दूसरे सेमीफाइनल में कारुआना ने जर्मनी के विंसेंट कीमर को 2-1-2-1-1-2 से मात दी। करुआना ने पहले गेम में काले मोहरों से शानदार जीत दर्ज कर बढ़त बनाई। तीसरे गेम में हार झेलने के बावजूद उन्होंने चौथे मुकाबले में दमदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया।



### 2027 के लिए क्वालीफिकेशन तय

फाइनल में पहुंचते ही कार्लसन और कारुआना ने 2027 फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। तीसरा और अंतिम स्थान तीसरे स्थान के मुकाबले में अब्दुसत्तोरोव और कीमर के बीच तय होगा।

### अन्य मुकाबलों के परिणाम

5वें से 8वें स्थान के मुकाबलों में यूएसए के हंस नीमन ने लेवोन अरोनियन को 2-1-2-1-2-2 से हराया, जबकि भारत के अर्जुन एरिगैसी ने विश्व कप विजेता उज़्बेकिस्तान के जावोखीर सिंदारोव को 3-1 से पराजित किया। अब नीमन और अर्जुन पांचवें स्थान के लिए भिड़ेंगे, जबकि अरोनियन और सिंदारोव सातवें स्थान के लिए खेलेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए मुश्किल है राह, जिम्बाब्वे के पास सुनहरा मौका, सुपर-8 में पहुँचने के पूरे मौके

**कोलंबो (एजेंसी)।** क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया पर टी20 विश्व कप 2026 के पहले ही राउंड से बाहर होने का खतरा मंडरा गया है। आयरलैंड को हराने के बाद ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया की टीम जिम्बाब्वे और श्रीलंका से हार गई। हर ग्रुप में 5 टीमें हैं और इसमें से सिर्फ दो को ही सुपर-8 में जगह मिलेगी। ग्रुप बी से श्रीलंका तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर-8 में जगह बना चुका है। वहीं ओमान की टीम रेस से बाहर हो चुकी है। अब सुपर-8 के एक स्थान के लिए जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के बीच टक्कर है। 17 फरवरी को कोलंबो में बारिश हो रही थी इसीलिए अगर आयरलैंड के साथ मैच रद्द होता है तो एक पाइंट जिम्बाब्वे को मिल जाएगा और वह सुपर 8 में पहुँच जाएगी।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 ग्रुप बी के बचे हुए मैच

जिम्बाब्वे -आयरलैंड- 17 फरवरी
श्रीलंका - जिम्बाब्वे- 19 फरवरी
ऑस्ट्रेलिया - ओमान- 20 फरवरी

### ऑस्ट्रेलिया को किस्मत का सराहा चाहिए

ऑस्ट्रेलिया को सुपर-8 में जगह बनानी है तो किस्मत का सहारा चाहिए। उसका मैच ग्रुप में सबसे अंत में है। उसे उम्मीद करनी होगी कि जिम्बाब्वे को आयरलैंड के साथ ही श्रीलंका से हार मिल जाए। इस स्थिति में जिम्बाब्वे के 4 पॉइंट ही रह जाएंगे। इसके साथ ही हार से उसका नेट रन रेट भी खराब होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम ओमान को रौंदकर सुपर-8 में जगह बना सकती है।

### जिम्बाब्वे को सिर्फ एक जीत चाहिए

जिम्बाब्वे ने अभी तक खेले अपने दोनों मैच जीते हैं। उसे सुपर-4 में जगह बनाने के लिए सिर्फ एक ही जीत की जरूरत है। 17 फरवरी को अगर आयरलैंड के खिलाफ उसे जीत मिलती है तो वह सुपर-8 में पहुंच जाएगी। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो जाएगा। जिम्बाब्वे की टीम अभी तक सिर्फ एक ही बार टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरे राउंड तक पहुंची है।





आयरलैंड की टीम भी अभी बाहर नहीं हुआ है। अगर उसने जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत हासिल कर ली तो भी ऑस्ट्रेलिया को ओमान के खिताब जीत हासिल करनी पड़ेगी।

### ऑस्ट्रेलिया पहले भी ग्रुप राउंड से बाहर हो चुकी

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 2021 टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। 2009 का टूर्नामेंट एकमात्र टी20 विश्व कप था जब ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप राउंड से बाहर हो गई थी। टीम श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप में थी। उसे दोनों मैचों में हार मिली और ग्रुप राउंड में ही सफर समाप्त हो जाएगा।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी का कहर, चयनकर्ताओं को दिया मजबूत संदेश

**बंगाल (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्लास कभी पुरानी नहीं होती। रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में बंगाल की ओर से खेलते हुए शमी ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 35 वर्षीय अनुभवी पेसर ने कल्याणी में अपनी धारदार गेंदबाज़ी से विपक्षी बल्लेबाज़ों को टिकने का मौका नहीं दिया। उनके इस प्रदर्शन ने टीम इंडिया में संभावित वापसी की चर्चाओं को फिर से तेज़ कर दिया है।

### सेमीफाइनल में घातक स्पेल

कल्याणी के बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे मुकाबले में शमी ने पहली पारी में कहर बरपाया। उन्होंने 59वें ओवर में पांच विकेट पूरे किए और जम्मू-कश्मीर की बल्लेबाज़ी को पूरी तरह झकझोर दिया। शमी की रफ्तार, लाइन-लेंथ और अनुभव ने बल्लेबाज़ों को लगातार दबाव में रखा। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ कन्हैया वधावन का विकेट उनके स्पेल का अहम मोड़ रहा, जिसके बाद बंगाल ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली।

### इस सीजन में शानदार लय

यह प्रदर्शन कोई एक दिन का चमत्कार नहीं है। शमी इस रणजी सीजन में लगातार प्रभावी रहे हैं। अब तक सात मैचों में वह 38 विकेट झटक चुके हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट हॉल भी शामिल है। पिछले महीने सर्विसेज़ के खिलाफ उन्होंने दूसरी पारी में 5/51 का शानदार आंकड़ा दर्ज किया था। उनकी गेंदबाज़ी में पुरानी धार साफ दिख रही है, जो बताती है कि फिटनेस और फॉर्म दोनों उनके साथ हैं।



### चयनकर्ताओं के लिए बड़ा संकेत

हालिया समय में भारत की तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण को लेकर चर्चा होती रही है। ऐसे में शमी का घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन चयनकर्ताओं के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज़ में मौका नहीं मिला और 2026 टी20 विश्व कप की टीम में भी जगह नहीं मिली। चोट के कारण बदलाव में मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया। बावजूद इसके, शमी ने हिम्मत नहीं हारी और अपने खेल से जवाब देने का रास्ता चुना।

### सीमित ओवरों में भी प्रभाव

रेड-बॉल क्रिकेट के अलावा शमी ने विजय हजारे ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया। सात मैचों में 15 विकेट लेने के साथ उनकी इकॉनमी 6.09 रही, जो सीमित ओवरों के प्रारूप में उनकी उपयोगिता दर्शाती है। हालांकि उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान था, लेकिन तब से वह घरेलू स्तर पर लगातार प्रभाव छोड़ रहे हैं।

### बंगाल की मजबूत स्थिति

बल्लेबाजी में सुदीप कुमार घरामी ने 146 रन की शानदार पारी खेलकर बंगाल को पहली पारी में 328 रन तक पहुंचाया। इसके बाद शमी की अगुवाई में गेंदबाज़ों ने जम्मू-कश्मीर को दबाव में रखा, जिससे सेमीफाइनल में बंगाल की स्थिति मजबूत हो गई।

# वर्ल्डकप में युवराज समरा की ऐतिहासिक उपलब्धि

**चेन्नई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 में कनाडा के युवा बल्लेबाज युवराज समरा ने ऐसी पारी खेली, जिसने एसोसिएट देशों के क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ चेन्नई में खेली गई उनकी 110 रन की धमाकेदार पारी अब टी20 विश्व कप में किसी भी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बन चुकी है। इस शतक ने न केवल समरा को अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में ला खड़ा किया, बल्कि यह भी साबित किया कि उभरती टीमें अब बड़े मंच पर मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### 110 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी

युवराज समरा ने 65 गेंदों पर 110 रन बनाकर इतिहास रच दिया। उनकी पारी में 11 चौके और 6 छक्के शामिल रहे, जो उनकी आक्रामक मानसिकता और बेहतरीन टाइमिंग को दर्शाते हैं। उन्होंने शुरुआत से ही सकारात्मक क्रिकेट खेला और न्यूजीलैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। यह पारी सिर्फ एक शतक नहीं थी, बल्कि एसोसिएट क्रिकेट की बढ़ती ताकत का प्रतीक भी थी।



टी20 विश्व कप में इससे पहले एसोसिएट देशों के बल्लेबाजों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किए हैं, लेकिन समरा का 110 रन का आंकड़ा सबसे ऊपर पहुंच गया है। अमेरिका के एरॉन जोन्स ने 2024 में 94* रन बनाए थे, जो लंबे समय तक शीर्ष स्कोर रहा। स्कॉटलैंड के माइकल जोन्स (86) और जॉर्ज मुनसे (84) ने भी यादगार पारियां खेली थीं। वहीं अमेरिका के एंड्रीज़ गौस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 80* रन बनाकर अपनी छाप छोड़ी थी। इन सभी पारियों के बीच युवराज समरा का शतक अब नया बेंचमार्क बन चुका है।

### बड़े मंच पर परिपक्व बल्लेबाजी

समरा की पारी की खास बात उनका संयम और मैच की परिस्थितियों को समझने की क्षमता रही। उन्होंने पावरप्ले में तेज शुरुआत की, फिर बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करते हुए पारी को संभाला और अंत में आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई। 19 साल की उम्र में इतनी परिपक्व बल्लेबाजी दर्शाती है कि वे लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभाव छोड़ सकते हैं।ह्यकनाडा क्रिकेट लंबे समय से वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। युवराज समरा की यह पारी टीम के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो सकती है।

## रचिन और फिलिप्स के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने भी मारी सुपर 8 में एंट्री

चेन्नई में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले में न्यूजीलैंड ने कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर ली। 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम ने 15.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। टीम ने 29 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।





न्यूजीलैंड को शुरुआत में कुछ झटके जरूर लगे, लेकिन इसके बाद रचिन रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभाल लिया। दोनों बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का शानदार मिश्रण दिखाते हुए कनाडाई गेंदबाजों को दबाव में रखा। रचिन रविंद्र ने 38 गेंदों में 55 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उन्होंने अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया। शिवम शर्मा की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर लगाया गया उनका छक्का मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। विजयी चौका जस्करनदीप सिंह की गेंद पर पुल शॉट लगाकर आया, जिसके साथ ही कीवी कैंप में जश्न शुरू हो गया। ग्लेन फिलिप्स ने भी जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जमाया और रविंद्र के साथ मैच को आसानी से खत्म किया। दोनों के बीच मजबूत साझेदारी ने कनाडा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।